आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी 12:07 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 198, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना होगा आसान 18

70 बरस की हुईं रेखा, 1966 में आई थी पहली फिल्म 17

## गठबंधन के तहत ही सपा कांग्रेस लड़ेंगे उपचुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- अखिलेश यादव ने अटकलों पर लगाया विराम कांग्रेस को सीट मिलना तय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में 10 सीट के लिए होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को सीटें न देने की चल रहीं अटकलों पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विराम लगाया है। उन्होंने गुरुवार को उप चुनाव को लेकर तो कुछ नहीं कहा, लेकिन स्पष्ट किया कि उप्र. में सपा और कांग्रेस का गठबंधन जारी रहेगा। ऐसे में उप चुनाव में कांग्रेस को कुछ सीटें मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

अखिलेश यादव, सैफई में अपने पिता और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

मालूम हो कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं दी थी। इसके बाद जैसे ही सपा ने उप चुनाव के लिए 6 उम्मीदवारों की घोषणा की तो ऐसी अटकलें तेज हो गयी थीं कि अखिलेश भी यहां कांग्रेस को सीट नहीं देंगे।

## दक्षिण कोरिया की हान कांग को साहित्य का नोबेल



**स्टाकहोम।** इस वर्ष साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग (53) को चुना गया है। स्वीडिश अकादमी की नोबेल समिति के स्थायी सचिव मैट्स माल्म ने गुरुवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति के अनुसार हान कांग के गहन काव्यात्मक गद्य के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। कांग को 2016 में उनकी कृति द वेजिटेरियन के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। द वेजिटेरियन एक उपन्यास है।

# एक युग का अंत : रतन टाटा पंचतत्व में विलीन

- मुंबई में पूरे राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

मुंबई, एजेंसी

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का अंतिम संस्कार गुरुवार शाम मध्य मुंबई स्थित एक शवदाह गृह में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मुंबई पुलिस ने उन्हें श्रद्धांजलि और गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

वर्ली स्थित शवदाह गृह में टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा समेत उनके परिवार के सदस्य और टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन समेत शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। शवदाह गृह में मौजूद एक धर्म गुरु ने बताया कि अंतिम संस्कार पारसी परंपरा के अनुसार किया गया। पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा (86) का बुधवार रात शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया।



रतन टाटा की अंतिम विदाई के मौके पर मौजूद केंद्रीय गृहमंत्री शाह व अन्य।

### मार्गदर्शन करती रहेगी उनकी विरासत : शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा की विरासत लंबे समय तक देश के औद्योगिक क्षेत्र का नेतृत्व करने वालों का मार्गदर्शन करती रहेगी। शाह ने मुंबई में रतन टाटा को श्रद्धासुमन अर्पित करने तथा उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया पर यह बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से भी रतन टाटा के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। कहा कि रतन टाटा ईमानदारी के प्रतीक के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे।

### श्रद्धांजलि देते समय रो पड़े पीयूष गोयल

मुंबई। केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर मुंबई से लोकसभा सांसद पीयूष गोयल गुरुवार को दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते समय रो पड़े। गोयल, टाटा के साथ बिताए अपने समय को याद करते हुए भावुक हो गए और कहा कि उनका आम से लेकर खास लोगों के प्रति प्यार और समर्पण ने उन्हें हजारों लोगों के दिलों का मसीहा बना दिया। उन्होंने कहा कि वह एक बार मुंबई में नाश्ते के लिए हमारे घर आए थे, तो हमने केवल साधारण इडली, सांभर, डोसा परोसा था, लेकिन उन्होंने बहुत सराहना की।

## एक नजर

### महानवमी पर उप्र. में आज सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** महानवमी के अवसर पर शुक्रवार को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न संगठनों की मांग पर नवमी के अवसर पर 11 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की। यह पहला अवसर है जब नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य विभागों में अब शुक्रवार के साथ दशहरे पर शनिवार को भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसके पहले राज्य के परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित करने की सूचना शिक्षा निदेशालय ने जारी की थी। कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

### सोना तस्करी : राष्ट्रपति को पत्र भेजेंगे राज्यपाल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में एक हवाई अड्डे के माध्यम से बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी को लेकर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बयान के संबंध में राष्ट्रपति को पत्र भेजने के लिए जानकारी जुटा रहे हैं। खान ने आरोप लगाया कि सोने की तस्करी राष्ट्र के खिलाफ अपराध है और मुख्यमंत्री ने राज्य में हो रही ऐसी राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को लेकर उन्हें अंधेरे में रखा। राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुझे कभी भी इस बारे में नहीं बताया। विजयन ने खुद कहा था कि सोने की तस्करी राष्ट्र के खिलाफ अपराध है।

# विश्व में संघर्षों और तनाव के समय भारत-आसियान मित्रता महत्वपूर्ण

### लाओस में आसियान शिखर सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- कहा-हमारे ऐतिहासिक संबंधों को मिली नई ऊर्जा, दिशा और गति

विएंतियान (लाओस), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि ऐसे समय में जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं, भारत-आसियान मित्रता बहुत महत्वपूर्ण है। यहां 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने 10 साल पहले एक्ट ईस्ट नीति की घोषणा की थी और पिछले दशक में इसने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊर्जा, दिशा और गति दी है। भारत-आसियान शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर में समुद्री मुद्दों को लेकर फिलीपीन और चीन के बीच तनाव है तथा म्यांमा में संकट है, जहां जातीय समूह सैन्य शासन से संघर्ष कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि 21वीं सदी, जिसे एशियाई सदी भी कहा जाता है, भारत की और आसियान देशों की सदी है। उन्होंने कहा कि भारत-आसियान मैत्री, समन्वय वार्ता और सहयोग ऐसे समय में बहुत महत्वपूर्ण है जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और आसियान देश पड़ोसी हैं और वैश्विक दक्षिण में साझेदार हैं। उन्होंने कहा कि हम शांतिप्रेमी देश हैं और एक दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं तथा क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। मोदी ने कहा कि आसियान की केंद्रीयता को ध्यान में रखते हुए भारत ने 2019 में हिंद-प्रशांत महासागर पहल शुरू की थी। उन्होंने कहा कि पिछले साल, क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए समुद्री अभ्यास शुरू किए गए।



आसियान शिखर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री अल्बानीज़, बाएं और लाओस के प्रधान मंत्री सिपांडोन के साथ प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

### जल से लेकर अंतरिक्ष तक पहुंचा हमारा सहयोग

मोदी ने कहा कि आज हमारा सहयोग जल से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र तक पहुंच गया है और हमारी साझेदारी पिछले दशक में अधिक व्यापक हो गई है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-आसियान शिखर सम्मेलन फलदायी रहा। हमने इस बारे में चर्चा की कि भारत और आसियान के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी को और कैसे मजबूत किया जाए। हम व्यापार संबंधों, सांस्कृतिक संबंधों और प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी तथा ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की आशा करते हैं।

### जन केंद्रित प्रयास विकास साझेदारी की बुनियाद

प्रधानमंत्री ने कहा कि जन-केंद्रित प्रयास भारत और आसियान के बीच विकास साझेदारी की बुनियाद हैं। मोदी ने कहा कि आसियान क्षेत्र के 300 से अधिक छात्रों को नालंदा विश्वविद्यालय से छात्रवृत्ति मिली है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमा और इंडोनेशिया की साझा धरोहर के संरक्षण में भी कारगर रही है। मोदी ने कहा कि कोविड महामारी हो या प्राकृतिक आपदाएं हों, हमने हमारी मानवीय जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए एक दूसरे की मदद की है। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कोष, डिजिटल कोष और हरित कोष स्थापित किया है तथा नई दिल्ली ने इन पहलों में 30 करोड़ डॉलर से अधिक का योगदान दिया है।

## दिल्ली से 2,000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद

- मात्रा 200 किग्रा, एक सप्ताह में दूसरी बड़ी जब्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली से 2,000 करोड़ रुपये मूल्य की 200 किलोग्राम कोकीन जब्त की है जो एक सप्ताह में बरामद की गई मादक पदार्थों की दूसरी बड़ी खेप है। एक अधिकारी ने गुरुवार की शाम को बताया कि इससे पहले दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर से 5,000 करोड़ रुपये मूल्य के 562 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए गए थे और हाल में बरामद कोकीन का संबंध भी महिपालपुर से जब्त मादक पदार्थों से होने का संदेह है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी दिल्ली के रमेश नगर इलाके में छापे मारे जा रहे हैं।

वहीं दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने 5,500 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ की जब्ती मामले में उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हापुड़ के निवासी अखलाक के रूप में हुई है। इस मामले में अब तक सात लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। दिल्ली पुलिस ने दो अक्टूबर को दक्षिण दिल्ली के महिपालपुर में एक गोदाम से 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किलोग्राम अन्य मादक पदार्थ जब्त करने का दावा किया था।

# नई बिजली दरें घोषित नहीं हुई कोई बढ़ोतरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार से उप्र पावर कॉरपोरेशन को 17,511 करोड़ की सब्सिडी
- तीन किलोवाट के उपभोक्ता भी ले सकेंगे थ्री फेस का कनेक्शन
- स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली काटने-जोड़ने का शुल्क खारिज
- नोएडा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को मिलती रहेगी 10 प्रतिशत की छूट



**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने गुरुवार को नई बिजली दरें घोषित कर दीं। आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व सहायक निगमों की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए दरें बढ़ाने पर जोर दिए जाने के बावजूद पांचवें साल भी किसी भी श्रेणी की दरों में बढ़ोतरी नहीं की है।

अब तीन किलोवाट के उपभोक्ता भी थ्री फेस का बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली काटने व जोड़ने के लिए प्रस्तावित शुल्क खारिज कर दिया है। नोएडा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। सरकार ने ग्रामीण व नलकूप किसानों को राहत देने के लिए पावर कॉरपोरेशन को 17,511 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की व्यवस्था दी है। नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह ने नई बिजली दरों की घोषणा करते हुए कहा कि पांचवें साल भी प्रदेश में बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। पावर कॉरपोरेशन ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर कनेक्शन जोड़ने व काटने पर 50 रुपये वसूल करने व उपभोक्ताओं को मोबाइल पर सूचना देने के लिए 10 रुपये एसएमएस शुल्क का प्रस्ताव दिया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया है।

### दरों में कमी के लिए जल्द दाखिल होगी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बिजली दरें न बढ़ाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि बिजली उपभोक्ताओं का कंपनियों पर सरप्लस निकल रहे 33,122 करोड़ के एवज में दरों में कमी किए जाने का तर्क दिया गया था, पर इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। दरों में कमी के लिए आयोग में शीघ्र ही पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाएगी।

### गलत बिल आने पर युवक ने कर ली थी आत्महत्या

## बिजली विभाग के एक्सईएन एसडीओ और जेई निलंबित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दिए जेई एसडीओ पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश

**अमृत विचार :** अचलगंज थाना क्षेत्र के कुशलपुर निवासी युवक के बिजली का बिल अधिक आने से दुखी होकर आत्महत्या किए जाने पर ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने मामले में दोषी अधिशासी अभियंता (एक्सईएन), एसडीओ व जेई को निलंबित करने के साथ एसडीओ और जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी एक्स पर दी।

अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव वैसाना के मजरा कुशलपुर निवासी शुभम (30) पुत्र महादेव बुधवार सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया था। देर तक न लौटने पर परिजन उसे तलाश करने निकले तो उसका शव घर के बगल में मवेशियों के लिए भूसा भरने वाली कोठरी में दुपट्टे से लटका मिला था। पुलिस जब घर पहुंची तो पता चला कि उसके घर का बिजली बिल बीते माह एक लाख नौ हजार 21 रुपये आया था। इस बिल को ठीक कराने के लिए उसे रिश्वत तक देनी पड़ी। रिश्वत देने के बाद ही बिल संशोधित हुआ और उसने 16 हजार रुपये जमा किए। लेकिन इस माह फिर विभाग ने 8000 का बिल भेज दिया। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी को शुभम के पिता महादेव ने बताया कि शुभम मजदूरी कर परिवार पालता था। घर में दो बल्ब, एक पंखा, एक एलईडी टीवी है। इसके बावजूद इतना बिल आना समझ से परे है। इस बात से शुभम परेशान था। दुखी होकर उसने आत्महत्या कर ली। एसओ ने बताया कि यह आरोप महादेव ने मौखिक लगाए कुछ लिखकर नहीं दिया। गुरुवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने मामले का संज्ञान लिया और एक्स अकाउंट पर इस घटना पर दुख जताया और लिखा कि पीड़ित परिवार के प्रति उनकी संवेदना है। इस घटना से वह स्तब्ध हैं और कार्रवाई की जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने जिलाधिकारी गौरांग राठी व विद्युत विभाग के अधिकारियों से भी बात की। इसके बाद अधिशासी अभियंता-2 गोकुल बाबा सूर्योदय कुमार वर्मा, बंथरा के एसडीओ रवि यादव व अचलगंज उपकेंद्र के जेई आशीष सिंह को निलंबित कर दिया। उन्होंने एसडीओ व जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि मामले की जांच की जा रही है। यदि किसी और कर्मचारी की इसमें संलिप्तता मिली तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें अभी विभाग या परिजन से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलती है तो जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## हिज्ब-उत-तहरीर को किया गया प्रतिबंधित

- सरकार ने कहा-इस्लामी राष्ट्र स्थापित करना इसका मंसूबा

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस्लामी समूह हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) को गुरुवार को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया क्योंकि इसका उद्देश्य जिहाद और आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर इस्लामी देश और खिलाफत स्थापित करना है। वैश्विक इस्लामी समूह एचयूटी 1953 में यरुशलम में बना था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि एचयूटी युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने तथा आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने में संलिप्त है।

## इलाज के लिए मां-बाप ने बच्ची की चढ़ा दी बलि

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- दंपती को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कुबूला जुर्म

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने बीमारियों के इलाज के लिए एक तांत्रिक की सलाह पर अपनी ही एक महीने की बच्ची की बलि देने के आरोप में एक दंपती को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) आदित्य बंसल ने गुरुवार को बताया कि गोपाल कश्यप और उसकी पत्नी ममता को बुधवार रात भोपा थाना क्षेत्र के बेलदा गांव में अपनी ही बच्ची की हत्या के मामले में हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपनी बच्ची की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया। बंसल के मुताबिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ममता काफी समय से बीमार थी और एक तांत्रिक ने सलाह दी थी कि अगर बीमारियों से छुटकारा पाना है तो अपनी ही एक माह की बच्ची की बलि देनी होगी। इस पर दंपती ने बच्ची की बलि देकर उसका शव जंगल में छुपा दिया था। पुलिस दंपती के बयान के आधार पर बच्ची के शव की तलाश कर रही है। साथ ही हरेंद्र नामक उस तांत्रिक को भी पकड़ने की कोशिश की जा रही है जिसने उन्हें बीमारी के इलाज के लिए बच्ची की हत्या करने की सलाह दी थी।

## सपाई नहीं कर सके नामांकन, किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/बरेली

- गन्ना समिति का चुनाव, पुलिस के चलते भीतर नहीं जा सके सपाई
- सपा का आरोप-प्रशासन ने रोका डीएम बोले, निष्पक्ष हो रहे चुनाव

गन्ना समिति के डायरेक्टर पद के चुनाव में नामांकन स्थल की पुलिस घेराबंदी होने के कारण समाजवादी पार्टी समर्थक उम्मीदवार नामांकन ही नहीं कर सके। सपाई नामांकन स्थल के बाहर दिन भर हंगामा करते रहे।

सपा ने सत्ता पक्ष के दबाव में जिला प्रशासन पर नामांकन से रोकने का आरोप लगाया है, जबकि जिलाधिकारी ने निष्पक्ष चुनाव कराने का दावा किया है। बरेली मंडल के बीसलपुर एवं पूरनपुर में भी नामांकन न होने देने को लेकर हंगामा हुआ। मुरादाबाद जनपद की मुरादाबाद, बिलारी और कांठ गन्ना समितियों के 11-11 डायरेक्टर पदों पर चुनाव होना है। इसके लिए समितियों के कार्यालयों में नामांकन पत्र दाखिल होने थे। बाहर सुबह से भारी पुलिस बल तैनात था। आरोप है कि सपा समर्थित और भारतीय किसान यूनियन के उम्मीदवारों को नामांकन कार्यालयों में घुसने से रोक दिया गया। सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव की अगुवाई में सपाइयों ने मुरादाबाद में हंगामा किया, भाकियू नेताओं ने पहले गन्ना समिति कार्यालय के बाहर, बाद में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद भाकियू से जुड़े दो प्रत्याशियों को नामांकन पत्र दाखिल करने का मौका मिल गया, जबकि सपाई निराश होकर चले गए। सपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के इशारे पर प्रशासन ने नामांकन पत्र लेने नहीं दिया। ऐसे में सपा समर्थित उम्मीदवार चुनाव लड़ने से वंचित रह गए। वहीं, जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि पूरी पारदर्शिता चुनाव कराए जा रहे हैं। सपा के दावेदार नामांकन कक्ष में पहुंचे ही नहीं, किसी को नामांकन से रोकने का सवाल ही नहीं है। उधर, बरेली मंडल के बीसलपुर एवं पूरनपुर में गन्ना समिति में संचालक पद के नामांकन के दौरान जमकर हंगामा हुआ। समिति का गेट बंद कर नामांकन कराने आए लोगों को रोके जाने से कई लोग पर्चे दाखिल नहीं कर सके।

# मैं असुरक्षित, डरी हुई, इसलिए छोड़ रही शहर

### उर्सला अस्पताल के सर्जन को थाने से जमानत मिलने पर महिला डॉक्टर ने उठाया कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

#### विभागाध्यक्ष को लिखा पत्र

- महिला डॉक्टर ने लगाया है छेड़छाड़ करने और तेजाब डालने की धमकी का आरोप

**अमृत विचार :** उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.केएन कटियार के विरुद्ध एक साल से पीछा करने, छेड़छाड़ करने और तेजाब डालने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए स्वरूप थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने वाली जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर (जेआर) ने आरोपी डॉक्टर को थाने से जमानत मिलने की जानकारी होते ही परिवार समेत शहर छोड़ दिया। पीड़ित महिला डॉक्टर ने विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर आरोपी डॉक्टर से खुद को असुरक्षित बताया और डर के कारण परिवार समेत शहर छोड़ने की जानकारी दी है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की जूनियर रेजीडेंट ने 4 अक्टूबर को स्वरूप नगर थाने में उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग सर्जन डॉ.केएन कटियार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि डॉ.कटियार पिछले एक वर्ष से पीछा करके परेशान कर रहा है। आरोपी के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र दिया था, तो वह माफी मांगकर शांत हो गया था। लेकिन इसके कुछ दिन बाद अनजान नंबर से फोन करके आरोपी डॉक्टर ने छेड़छाड़ की। तेजाब डालने की धमकी देते हुए कहा कि अगर वह उसकी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने देगा। इसी के बाद उसने एफआईआर दर्ज कराई थी। डॉक्टर के थाने से छूटने पर महिला डॉक्टर ने जीएसवीएम मेडिकल कालेज की नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी मोहन को पत्र लिखकर खुद को शहर में असुरक्षित बताते हुए 15 दिनों की छुट्टी ले ली। डॉ.शालिनी मोहन ने बताया कि पीड़िता काफी ज्यादा परेशान थी। उनके पति का भी फोन आया था। मामले की जानकारी प्राचार्य प्रो. संजय काला को दी है।

#### तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा

पीड़ित महिला डॉक्टर के अनुसार आरोपी डॉक्टर ने उससे कहा था कि 'तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। तुम्हें भी मार दूंगा और तुम्हारे पति को भी। तुम्हारे चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा, जिससे तुम्हारा पति तुम्हें छोड़ देगा।' डॉक्टर की इसी धमकी से परेशान होकर उसने स्वरूप नगर थाना में तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने डॉ. कटियार के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार को उसे गिरफ्तार किया था। लेकिन थाने से पांच घंटे के भीतर ही उसे जमानत मिल गई।

## न्यायिक आयोग के सामने पेश हुआ बाबा नारायण हरि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- हाथरस भगदड़ में 121 लोगों की मौत के बाद चर्चा में आया था नाम

**अमृत विचार :** हाथरस भगदड़ में तीन माह पहले 121 लोगों की मौत मामले में बाबा नारायण साकार हरि उर्फ सूरजपाल लखनऊ स्थित सचिवालय (जनपथ) में न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए और अपना बयान दर्ज करवाया। इस दौरान कथित बाबा के सैकड़ों अनुयायी भी सड़कों पर इधर-उधर खड़े नजर आए। जिन्हें संभालने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। लगभग दो घंटे की पेशी के बाद वह निकल गए। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उनके वकील एपी सिंह ने कहा कि हमें राजेश यादव उर्फ फौजी पर षडयंत्र रचने का शक है। हमें राज्य सरकार और न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

अपने अनुयायियों के बीच भोले बाबा के नाम से प्रसिद्घ नारायण हरि गुरुवार को भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के साथ उन्हीं की सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी से न्यायिक आयोग पहुंचे।

# माँ सिद्धिदात्री

मां दुर्गाजी की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली है। नवरात्रि पूजन के नौवें दिन इनकी शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, ईशित्व और वशित्व-ये आठ सिद्धियां होती है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ है। देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही

इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इसकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वे लोक में 'अर्द्धनारीश्वर' नाम से प्रसिद्ध हुए। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन होती है। इनकी दाहिनी तरफ के नीचे वाले हाथ में कमलपुष्प है। प्रत्येक मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह मां सिद्धिदात्री की कृपा प्राप्त करने का निरंतर प्रयत्न करें। उनकी आराधना की ओर अग्रसर हो। इनकी कृपा से अनंत दुःख रूप संसार से निर्लिप्त रहकर सारे सुखों का भोग करता हुआ वह मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। नवदुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम है। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा उपासना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्त दुर्गा पूजा के नौवें दिन इनकी उपासना में प्रवत्त होते है। इन सिद्धिदात्री मां की उपासना पूर्ण कर लेने के बाद भक्तों और साधकों की लौकिक, पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है।

***या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता।***
***नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।***

अर्थ : हे मां!! सर्वत्र विराजमान और मां सिद्धिदात्री के रूप में प्रसिद्ध अम्बे आपको मेरा बार-बार प्रणाम है। या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ। हे मां, मुझे अपनी कृपा का पात्र बनाओ।












## नवम सिद्धिदात्री




मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र- ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।




# पीतल नगरी में फंदे से लटका मिला महिला का शव

## भाई का आरोप पति व ससुराल के लोग दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित, पुलिस जांच में जुटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**घटना**

- फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल
- भाई का आरोप, पति ने तीन दिन पहले की थी मारपीट

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में बीती रात विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। पति ड्यूटी से लौटकर घर पहुंचा तो उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल कराई। विवाहिता के भाई ने अपने जीजा व उसके परिवार पर प्रताड़ित करने का आरोप लगया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जनपद चंदौली के गांव बिलारी डीह निवासी सरिता गुप्ता पुत्री स्वर्गीय बनारसी गुप्ता की शादी चंदौली के ही गांव कुलधर निवासी मोनू गुप्ता के साथ 2019 में हुई थी। उसके दो बेटे चिराग (4) व दीपक (3) हैं। मोनू के माता-पिता की बहुत पहले ही मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद मौसी तनु और मौसा आशीष गुप्ता ने ही उसका पालन-पोषण किया था। फर्म में नौकरी करने वाले मोनू गुप्ता की शादी उसके मौसी और मौसा ने ही कराई थी। शादी के बाद से मोनू अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कटघर के पीतल नगरी में रहता था। दो मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर उसकी मौसी और पहली मंजिल पर मोनू का परिवार रह रहा था। बताया गया कि रोजाना की तरह बुधवार को भी सुबह लगभग 9:00 बजे मोनू गुप्ता ड्यूटी पर चला गया था। देर रात में लगभग 12:00 बजे ड्यूटी से लौटा तो उसकी पत्नी सरिता का शव कमरे में चुन्नी के फंदे से पंखे के सहारे लटका हुआ था। इसकी सूचना मिलने पर थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने बुधवार देर रात ही फोरेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट बुलाकर मौके पर जांच पड़ताल कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। गुरुवार सुबह सरिता का भाई मनीष और अन्य परिजन भी मुरादाबाद पहुंच गए। भाई मनीष ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से मोनू और उसके मौसा-मौसी दहेज के लिए सरिता को परेशान करते थे। दावा किया कि दो बार बीमारी का इलाज कराने के लिए उसने खुद ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर किए थे। भाई ने आरोप लगाया कि तीन दिन पहले भी सरिता के साथ मारपीट की गई थी। आरोप लगाया कि पति और ससुरालियों ने ही सरिता को मारा है। इस संबंध में थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि महिला का शव फंदे से लटका मिला था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऑटो चालक ने जहर खाकर दी जान, मचा कोहराम


पंकज कुमार।

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ऑटो चालक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जिस समय उसने जहरीला पदार्थ खाया तो उसकी पत्नी अपने काम पर गई थी और बेटा ट्यूशन पढ़ने गया था। ऑटो चालक की मौत से पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। सिविल लाइंस थाना के नया गांव हरथला निवासी पंकज कुमार (44) ऑटो चलाता था। उसके परिवार में पत्नी गीता उर्फ रानी और बेटा रजत व बेटी नेहा हैं। बेटी की शादी हो चुकी है। बीते बुधवार की शाम लगभग 7 :00 बजे पत्नी गीता उर्फ रानी लोगों के घरों में काम करने चली गई थी। जबकि, बेटा रजत भी ट्यूशन पढ़ने गया था। घर में पंकज कुमार अकेला था। पत्नी गीता ने बताया कि रात 9 :00 बजे वह काम से वापस आई तो पति पंकज घर में उल्टियां कर रहा था। आनन-फानन में पत्नी और बेटा उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के दौरान देर रात पंकज कुमार ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा कर पुलिस को सूचना दे दी। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने किसी भी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी है। उधर, पत्नी ने बताया कि पंकज कुमार बीते कुछ दिन से अवसाद में चल रहे थे। लेकिन, उन्होंने इसकी वजह किसी को नहीं बताई थी। पंकज कुमार ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस जांच कर रही है। पंकज की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो दोस्तों को उम्रकैद की सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आदेश**

- सात साल पहले चंदौसी कोतवाली क्षेत्र में हुई थी वारदात
- दोनों पर 60-60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** जनपद संभल के चंदौसी में नाबालिग से गैंगरेप में दो दोषियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई और दोनों पर 60-60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। नाबालिग से दुष्कर्म की घटना सात साल पुरानी है।

संभल की चंदौसी कोतवाली में सात साल पहले नाबालिग से दो दोस्तों ने दुष्कर्म किया था। पीड़िता के पिता की ओर से 9 जून 2017 को कोतवाली में दो युवकों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें कहा था कि कैथल गेट निवासी अरुण व बहजोई के राजपुर का सोनू दोस्त है। आरोप है कि घटना की रात दोनों छात्रा को बहाने से अपने साथ ले गए और दुष्कर्म किया। दोनों के पीड़िता को ले जाने की जानकारी महेन्द्र शर्मा व संतोष देवी से मिली। 10 जून को पुलिस ने अरुण और सोनू को गिरफ्तार कर उनसे अगवा छात्रा को बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। केस की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पास्को कोर्ट-3 की रघुवर सिंह अदालत में चल रही थी। विशेष लोक अभियोजक अभिषेक भटनागर व भूकन सिंह ने बताया कि केस में अभियोजन की ओर से 8 गवाह प्रस्तुत किए गए। अदालत में पीड़िता व पिता के अलावा प्रत्यक्षदर्शियों के बयान हुए थे। बयान में घटना की पुष्टि के बाद अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया। विशेष लोक अभियोजक के अनुसार दोनों को अपहरण व गैंगरेप में उम्रकैद की सजा के साथ उन पर 60-60 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

## हर्षिता त्यागी बनीं एक दिन की सीडीओ


सीडीओ से उनके कार्यों की जानकारी करती छात्रा हर्षिता।

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के फेज-5 के अन्तर्गत आशियाना निवासी हर्षिता त्यागी को एक दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। कार्यक्रम के दिन बालिका कु. हर्षिता त्यागी मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय पहुंची और सीडीओ सुमित यादव ने कुमारी उसका बुके देकर स्वागत किया। इसके साथ ही अपनी कुर्सी पर हर्षिता को बैठाया। बालिका ने मुख्य विकास अधिकारी से उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली और उनके अधिकार क्षेत्र के बारे में भी पूछा। इसके साथ विकास योजनाओं से जुड़ी प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली। इसके अलावा उनके निर्देशन में आने वाले विभागों के बारे पूछा। हर्षिता त्यागी कक्षा 12 की छात्रा है और कक्षा 10 में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे। वर्तमान में स्प्रिंग फील्ड कॉलेज की छात्रा है और वह बड़ी होकर आईएएस बनना चाहती है।

**एक नजर**

### नकदी व कुंडल के साथ युवती लापता, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की युवती अचानक घर से नकदी व सोने के कुंडल लेकर फरार हो गई। युवती के पिता ने भांडली गाव के युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाले पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव भांडली निवासी चमन नाम का युवक युवती को परेशान करता था। बीती 5 सितंबर को रात लगभग 8 बजे आरोपी चमन युवती को बहल फुसलाकर अगवा कर ले गया। जाते समय युवती घर से 12 हजार 500 रुपये और सोने के कुंडल भी ले गई है। पिता का आरोप है कि उसकी बेटी के अपहरण में चमन के चाचा सतपाल, ताऊ महिपाल और बहनोई ने भी सहयोग किया है।

### 15 से बरेली-वाराणसी एक्स. में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** त्योहारों पर ट्रेनों में बढ़ती भीड़ के चलते रेलवे प्रशासन ने बरेली से वाराणसी के बीच संचालित एक्सप्रेस ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाने का फैसला किया है। जिसके तहत 15 अक्टूबर से वाराणसी से ट्रेन नंबर 14235 में अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा। इसी तरह 16 अक्टूबर को बरेली से वाराणसी एक्सप्रेस-14,236 एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच होगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि दशहरा, दिवाली व छठ पूजा पर्व पर होने वाली भीड़ में यात्रियों को राहत देने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। इसी कड़ी में वाराणसी बरेली एक्सप्रेस ट्रेन 14235-36 में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगा। वाराणसी-बरेली में 15 अक्टूबर से 20 नवंबर व बरेली से वाराणसी के लिए 16 अक्टूबर से 21 नवंबर तक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगने से यात्रियों को कंफर्म सीट की सुविधा मिलेगी। ट्रेन का मंडल में संडीला, बालामऊ, हरदोई, आंझी शाहबाद, शाहजहांपुर, तिलहर, बिलपुर, पीतांबरपुर और बरेली स्टेशन पर ठहराव होगा।






## आज का मौसम

मौसम साफ रहेगा।

32.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:13 | सूर्यास्त 05:50

## शहर में आज

☞ प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट के रामलीला महोत्सव के अंतर्गत लक्ष्मण शक्ति, कुम्भकरण वध रात 9:00 बजे।

☞ लाजपत नगर की रामलीला में रावण संवाद, कुंभकर्ण वध, मेघनाथ वध का मंचन रात 9:00 बजे।

☞ लाइनपार की रामलीला में मेघनाद व अहिरावण वध का मंचन रात 8:30 बजे।

## एक नजर

### जैन मंदिर लोहागढ़ में हुई महाआरती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के लोहागढ़ स्थित जैन मंदिर में मंगल एवं पंचपरमेष्ठी की महाआरती की गई। पंडित नीरज जैन शास्त्री भक्तांबर ने आराधना कराई। जिसके बाद स्वास्तिक माइनापर अखंड दीपक प्रकाशित होता रहा। सदस्यों ने चंवर और दीपकों की थाली सजाकर भक्ति नृत्य किया। नीरज जैन शास्त्री ने प्रवचन करते हुए भक्तांबर स्त्रोत का ज्ञानार्जन कराया। संचालन कमल जैन ने किया। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन सहित राजीव जैन, अरविंद जैन, समीर जैन, दीपक जैन, विनय जैन, नीलम जैन, शिखा जैन, प्रीति जैन, ऋतु जैन, शोभा जैन, अमृता जैन व सीमा जैन शामिल रहे।

### रायवाला स्टेशन पर बनेगा कोच रेस्टोरेंट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन पुराने और कंडम कोचों को रेस्टोरेंट का रूप देने जा रहा है। जिसके तहत रायवाला स्टेशन पर नया रेल कोच रेस्टोरेंट बनेगा। मुरादाबाद मंडल में हरिद्वार व बरेली के बाद यह तीसरा रेस्टोरेंट होगा। बुधवार को डीआरएम राज कुमार सिंह समेत रेल अधिकारियों ने हरिद्वार व योगनगरी स्टेशनों का मुआयना किया था। इस दौरान रायवाला स्टेशन को आकर्षक बनाने के लिए रेल कोच रेस्टोरेंट खोलने पर मंथन किया। रेल प्रशासन ने कोच रेस्टोरेंट के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दे दी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने रायवाला में रेल कोच रेस्टोरेंट बनेगा। प्रस्ताव को मुख्यालय मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।



सिविल लाइंस में वाटिका बैंक्वेट हॉल में दुर्गा पूजा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार



सप्तमी पूजन पर शंख बजाकर मां की आराधना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



लालबाग स्थित काली माता मंदिर में दर्शन करने के लिए कतार में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# महोत्सव में धुनुचि नृत्य कर की मां दुर्गा की आराधना, लगाए जयकारे

## सात स्थानों पर बंगाली समाज द्वारा मनाया जा रहा दुर्गा पूजा महोत्सव, अलग-अलग पंडालों में हुई पूजा-अर्चना, उमड़ी भक्तों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुरुवार को महानगर के कई क्षेत्रों में बंगाली समाज के दुर्गा पूजन महोत्सव में विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना की गई। तड़के से शुरू हुए कार्यक्रम देर रात तक चले। धुनुचि नृत्य और आरती आकर्षण का केंद्र रही।

महानगर के रेलवे कालोनी स्थित **मनोरंजन सदन में सर्बजनिन बंगाली एसोसिएशन** ने दुर्गा पूजन में सुबह दुर्गा के सप्तम स्वरूप का पूजन किया। पुरोहित बोनो माली चक्रवर्ती ने मंत्रोच्चारण के साथ पुष्पांजली पूजन कराया। शाम को बच्चों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। महिलाओं ने धुनुचि नृत्य के साथ आरती की। अंत में प्रसाद वितरित किया। इस दौरान असित बनर्जी, सुदीप बनर्जी, अभिजीत राय, आलोकेश बोस, सौरभ चक्रवर्ती, आदित्य बनर्जी, देवाशीष भट्टाचार्य, अरुण भट्टाचार्य, डा. अंजना दास, अतुल जौहरी भारी संख्या में बंगाली समाज के लोग शामिल रहे।



लालबाग काली माता मंदिर में पूजा करते भक्त। ● अमृत विचार

कांशीराम नगर स्थित **कालीबाड़ी मंदिर में मुरादाबाद बंगाली कल्चरल एजुकेशन सोसाइटी** द्वारा आयोजित दुर्गा पूजन महोत्सव में पुरोहित गौरी शंकर भट्टाचार्य ने पुष्पांजली पूजन कराया। माता का भव्य श्रृंगार किया। शाम को धुनुचि नृत्य करते हुए आरती की गई। बच्चों ने नृत्य व नाटक की प्रस्तुति दी। यहां श्याम लाल राय, असीम कुमार मित्रा, जयंत साहा, प्रसनजीत घटक, सौरभ चक्रवर्ती, शर्मिला विश्वास, पारुल घटक, सुष्मिता चक्रवर्ती, गायत्री मुखर्जी आदि शामिल रहे।

दीनदयाल नगर स्थित **सद्भावना पार्क में मुरादाबाद दुर्गा बारी समिति** के महोत्सव में पुरोहित किरन चक्रवर्ती ने मंत्रोच्चारण के साथ पुष्पांजली पूजन कराया। जिसके बाद महिलाओं ने कीर्तन किया। शाम को महिलाओं ने धुनुचि नृत्य संग आरती की। धनवी शर्मा, निधि भट्ट, मानसी अग्रवाल, सुदीप पाल, अनोखी सरीन, शिखा बर्मन व अनीता गुप्ता शामिल रहे।

मंडी चौक के अताई मोहल्ला स्थित **लक्ष्मी नारायण मंदिर में सर्बजनिन श्रीश्री मां दुर्गा पूजा उत्सव समिति** के दुर्गा पूजन में श्री दुर्गा देवी का नव पत्रिका प्रवेश कराया गया। जिसमें पुरोहित रवि ठाकुर ने विग्रह स्थापना व सप्तमी की पूजा कराई। इस मौके पर सोमनाथ ओझा, प्रशांत, संजय सी, पुलक घोष, काशीनाथ दास, आलोक घोष शामिल रहे।

शहनाई मंडप में **श्री दुर्गा जनकल्याण समिति दुर्गा पूजा कमेटी** ने मां के सातवें स्वरूप का पूजन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पुष्पांजली पूजन किया। जिसके बाद भंडारा किया गया। शाम को महिलाओं ने धुनुची नृत्य के साथ आरती की। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कीं। व्यवस्था में दयाल विश्वास, डॉ. मंजेश राठी, पंकज गुप्ता, सचिन अग्रवाल, राजेश रस्तोगी, डॉ. वैभव गुप्ता, डॉ. एससी गुप्ता का सहयोग रहा।

लाइनपार के **साई सेलीब्रेशन में सर्वोदय विकास समिति** के दुर्गा पूजन महोत्सव में सुबह सप्तमी की पुष्पांजली पूजा कराई गई। जिसके बाद दोपहर में भंडारा किया। महिलाओं ने धुनुची नृत्य के साथ आरती की। बच्चों ने सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रस्तुति कर मन मोह लिया। रात में माता का जागरण किया गया। इस दौरान डॉ. प्रदीप कुमार विश्वास, असीम कुमार विश्वास, तुषार विश्वास, दिवाकर विश्वास, अनिरुद्ध मलिक, अनिल विवास, अजय ठाकुर शामिल रहे।

### दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की कराई जा रही तैयारियां

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारी घाटों पर कराई जा रही है। जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर विसर्जन के लिए सभी प्रबंध किए जा रहे हैं। सिविल पुलिस के अलावा जल पुलिस भी तैनात रहेगी। वहीं घाटों पर बैरिकेडिंग व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने गुरुवार को अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार व अन्य अधिकारी पहुंचे। रामगंगा व गागन नदी के तट पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन विजय दशमी के दिन किया जाएगा। रामगंगा नदी के तट पर बैरिकेडिंग कराने और सफाई में नगर निगम की टीम जुट गई। गुरुवार को अपर नगर आयुक्त प्रथम व मुख्य अभियंता आदि घाटों पर व्यवस्था देखने पहुंचे। अपर नगर आयुक्त ने काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि जल्द काम को पूरा करें। जिससे विसर्जन में आने वाले भक्तों को असुविधा न हो। साथ ही एनजीटी के नियमों का पालन कराना भी प्राथमिकता है।



दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सफाई कराते नगर निगम के कर्मचारी।

# माता के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुरुवार को माता के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना की गई। तड़के से ही महानगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर व घरों में माता के जयकारे गूंजते रहे। कुछ श्रद्धालुओं ने सप्तमी मनाकर मां कालरात्रि की आराधना की। वहीं कई श्रद्धालुओं ने अष्टमी पूजन कर कन्याओं को जिमाया।

महानगर के लालबाग स्थित काली माता मंदिर में नवरात्र की अष्टमी पर गुरुवार तड़के से ही भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने मंदिर में अष्टमी पूजन कर कन्याओं को जिमाया। रात 12 बजे से मंदिर में गुप्त यज्ञ किया और भोग लगाया गया। प्राचीन सिद्धपीठ नौ देवी काली माता मंदिर महंत रामगिरि ने बताया कि मंदिर खुलने से पहले से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। मंदिर में गुरुवार को अष्टमी पूजन कर कन्याएं जिमाईं गई। प्राचीन कामधेनु रति देवी मंदिर महंत छोटे लाल दक्ष ने बताया कि मंदिर में तड़के से ही भीड़ लग गई थी। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन किये। मनोकामना श्री हनुमान मंदिर के पुजारी हरिदत्त शास्त्री ने अष्टमी का हवन कराया। ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी राम कुमार उपाध्याय ने बताया कि मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। लाइनपार के माता मंदिर में भी तड़के से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी राहुल भारद्वाज ने पूजन कराया। बुधबाजार स्थित श्री दुर्गा भवन मंदिर के पुजारी परमराज जोशी ने माता महागौरी की महिमा का वर्णन किया।



अष्टमी पर महिला को आशीर्वाद देती कन्या। ● अमृत विचार

### मंदिरों में देवी माता का भजन-कीर्तन किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में अन्नू अग्रवाल के सानिध्य में कीर्तन हुआ। खुशहालपुर रोड स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं ने कीर्तन संघ नृत्य किया।

इस दौरान गुंजन, सरोज, सरिता, रजनी सक्सेना, विमला, कुसुम शामिल रहे। दुर्गा भवन मंदिर में शशि गगनेजा, भावना कश्यप, माधुरी भाटिया, सुनंदा और सरिता अरोरा ने कीर्तन किया। माता मंदिर लाइनपार में रेखा, भावना, गीता, राजरानी और मनोरमा आदि ने कीर्तन कर माता का गुणगान किया। सागर सराय स्थित शिव मंदिर में वेदबाला गुप्ता के सानिध्य में कीर्तन किया गया।

# इलेक्ट्रानिक्स बाजार में तीन करोड़ का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में इस बार नवरात्र में इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और मोबाइल की मांग तेजी से बढ़ी है। शारदीय नवरात्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ी। व्यापारियों का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की बिक्री पिछले साल के मुकाबले इस साल नवरात्र में डेढ़ गुना बढ़ी है।

महानगर के बुध बाजार, ताड़ीखाना, जीएमडी रोड, कोर्ट रोड, इंद्रा चौक, सिविल लाइंस, रामपुर, मानपुर, लाइनपार व करूला इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में सैमसंग, सोनी, एमआई व एलजी समेत कई कंपनियां ऑफर दे रही हैं। नवरात्र में आठ दिनों के भीतर इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में तीन करोड़ रुपये तक का कारोबार हो चुका है। व्यापारियों का कहना है कि दिवाली के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बुकिंग तेजी से हो रहीं है।



वाशिंग मशीन पसंद करता युवक।

# विभीषण शरणागति प्रसंग का मंचन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के दीनदयाल नगर साईं मंदिर रोड स्थित नेहरू युवा केंद्र में श्री रामलीला के मंचन के छठें दिन गुरुवार को त्रिमूर्ति कला केंद्र के पात्रों द्वारा बाली वध, लंका दहन और विभीषण शरणागति प्रसंग का मंचन किया।

हनुमान सुग्रीव और श्रीराम की मित्रता कराते हैं। श्रीराम द्वारा पूछे जाने पर सुग्रीव राम को बताते हैं कि किस प्रकार बाली ने सुग्रीव का सब कुछ छीन लिया है। इसके बाद सुग्रीव और बाली के युद्ध के दौरान भगवान राम ने बाली का वध कर देते हैं। इसके बाद अन्य प्रसंगों के साथ दिखाया कि लंका से निष्कासित विभीषण प्रभु श्रीराम की शरण लेते हैं। इस मौके पर संरक्षक शिशिर गुप्ता, डॉ. संजीव राजन, जयविन्दर प्रधान, अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, महामंत्री पीयूष गुप्ता, कोषाध्यक्ष निर्वेश भटनागर, सुनील गुप्ता, अरविंद गुप्ता, प्रेमनाथ, उपदेश अग्रवाल, विनीत गुप्ता, अजय कट्टा, संजय धवन, प्रमोद रस्तोगी आदि रहे।



नेहरू युवा केंद्र में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# रावण ने विभीषण को लात मार कर लंका से निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्री राम कथा मंचन समिति लाजपत नगर द्वारा रामलीला में लंका दहन का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया कि रावण अपने मंत्रियों से सलाह कर रहा कि अब क्या करें। तभी रावण का भाई विभीषण सलाह देता है कि सीता को वापस लौटा दिया जाए। इसी में हम सब का हित है हमें श्री राम से युद्ध नहीं करना चाहिए। यह बात सुनकर रावण क्रोध में भर जाता है और विभीषण को लात मारकर लंका से बाहर निकल देता है। विभीषण श्रीराम की शरण में जाते हैं, राम विभीषण का स्वागत करते हैं और समुद्र का जल मंगा कर लंका का राजा घोषित करते हैं। राम अंगद को शांति दूत बनकर लंका भेजते हैं कि वह सीता को वापस कर दे वरना युद्ध के परिणाम भयंकर होंगे। अंगद रावण को समझता है पर रावण की समझ में नहीं आता और युद्ध आरंभ हो जाता है। इस मौके पर महेश चंद्र अग्रवाल, विनोद सक्सेना, श्याम कृष्ण रस्तौगी, मुकुल बंसल, शरद अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, विवेक शर्मा, ठाकुर नरेंद्र सिंह, शम्मी रस्तोगी, राजेन्द्र खन्ना, अतुल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल व पीयूष अग्रवाल शामिल रहे।

# मेघनाद ने किया लक्ष्मण को मूर्छित

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** पाकबड़ा के बड़ा मंदिर पर चल रहे रामलीला मंचन में 10वें दिन गुरुवार को कलाकारों ने मंचन करते हुए दिखाया कि जब राम की सेना लंका पर चढ़ाई कर देती है। तब रावण युद्ध के लिए मेघनाद को भेजता है। मेघनाद और लक्ष्मण का युद्ध होता है। मेघनाद लक्ष्मण को ब्रह्म शक्ति से मूर्छित कर देता है। उसके बाद हनुमान जी संजीवनी बूटी लेने जाते हैं तब कालनेमी उनके पीछे जाता है। उसके बाद हनुमान जी कालनेमी का वध कर संजीवनी बूटी को ले आते हैं।

लक्ष्मण जी को मूर्छित की अवस्था से बाहर लाते हैं। रावण के द्वारा कुम्भकर्ण को जगाकर युद्ध में भेजते हैं। राम कुम्भकर्ण का वध कर देते हैं। इस अवसर पर पुरुषोत्तम शरन गुप्ता, रामबाबू भटनागर, राकेश सिंह, नरेश सक्सेना, सीताराम रूहेला, डॉ. सोहन सिंह, वीरेंद्र ठाकुर, कमल सैनी, जयप्रकाश सिंह, शैवी शर्मा, मुनीष भटनागर, अभीक त्रिपाठी, नरेश शर्मा, तोताराम सैनी, सुनील गुप्ता, सतपाल हुड्डा, बेगराम प्रजापति, महेंद्र गुप्ता आदि रहे।



रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार



विजयदशमी पर कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

# आर्यंस स्कूल में मना दशहरा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल बुद्धि विहार में दशहरा के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के अध्यक्ष हिमांशु गर्ग एवं निदेशक राहुल रस्तोगी व विद्यालय के उप प्रधानाचार्य नितिन रस्तोगी ने किया। छात्र स्कंदा ने नवरात्र और विजय दशमी के विषय में बताया। खनक शर्मा ने अयि गिरी नंदिनी नंदनुते पर प्रस्तुति दी। मालिया गौतम, मानस जौहरी, दिव्यांश चौधरी एवं मुक्तक ने महिषासुर मर्दिनी नाटिका का मंचन किया। कार्तिक पांडे ने भगवान राम के जीवन संघर्ष को दर्शाया। डॉ. मंजू सिंह ने प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत कुमार झा का संदेश देकर अन्याय पर न्याय की जीत के पर्व की बधाई दी। उन्होंने रतन टाटा के निधन पर दुख व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा शुक्ला के निर्देशन में स्कंदा एवं भूमि ने किया।

# दसवां घाट की रामलीला में लंका दहन का मंचन

कार्यालय संवददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट के रामलीला महोत्सव में गुरुवार को लंका दहन का मंचन किया। मंचन से पहले भगवान गणेश व भगवान श्रीराम की आरती अतिथियों ने उतारी और श्री राम के आदर्शों पर चलने पर जोर दिया।

अयोध्या के कलाकारों ने मंचन किया। माता सीता की खोज करते-करते वे सभी समुद्र तट पर पहुंच गए, वहां उन्होंने देखा की दूर-दूर तक सिर्फ समुद्र ही नजर आ रहा है। ऐसे में माता सीता की खोज कैसे होगी. तभी हनुमान जी ने भगवान श्रीराम से कहा कि प्रभु मुझे भगवान ब्रम्हा द्वारा कुछ शक्तियां प्राप्त हुई है, जिससे मैं हवाई रास्ते से समुद्र की दूसरी ओर जा कर माता सीता का पता लगा कर आ सकता हूं। तब श्रीराम ने हनुमान को अपनी एक अंगूठी देते हुए कहा कि यह अंगूठी सीता को दे देना और उनसे कहना कि वे जल्द ही लंका पहुंच जायेंगे और उन्हें रावण के बंधन से मुक्त करा देंगे। यह कहकर श्रीराम ने हनुमान को लंका जाने की आज्ञा दी। हनुमान लंका में पहुंच कर माता सीता की तलाश करने लगे और तलाश करते-करते वह अशोक वाटिका पहुंचे, वहां उन्होंने देखा कि माता सीता एक पेड़ के नीचे बैठी हैं। उन्होंने माता सीता को श्रीराम की अंगूठी दी और कहा कि श्रीराम आपको यहां से मुक्त कराने जल्द ही आयेंगे। तब माता सीता ने चूड़ामणि हनुमान को देते हुए कहा कि यह श्रीराम को दे देना। इसके बाद हनुमान ने फल खाने लगे और अशोक वाटिका उजाड़ दी। इसके बाद सभा में हनुमान ने रावण से कहा कि तुम प्रभु श्रीराम से क्षमा मांग लो। यह सुनकर रावण कहने लगा कि वानर तो ज्ञान की बातें करता है और कहा वानर तुम्हारी मृत्यु निकट आ रही है। हनुमान ने रावण से कहा कि मेरी नहीं तुम्हारी मृत्यु निकट आ रही है। रावण ने हनुमान की पूंछ पर आग लगाने का आदेश दिया। लेकिन हनुमान ने लंका में आग लगा दी। इस मौके पर यथार्थ किशोर, छत्रपाल सिंह, आदित्यवीर शास्त्री, इन्द्रजीत शर्मा, नरेंद्र सुमन, राजेश वाल्मीकी, रवि सैनी, लल्ला ठाकुर, ब्रह्मानंद, अरुण श्रीमाली, प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव शामिल रहे।



दसवां घाट की रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

● **लाइनपार, दसवां घाट, लाजपत नगर व दीनदयाल नगर में चल रहा रामलीला का मंचन**



## एक नजर

### रूपपुर तंदुला का युवक मिला डेंगू पॉजिटिव

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : महानगर के रूपपुर तंदुला का एक युवक डेंगू पॉजिटिव हो गया है। 29 वर्षीय युवक को डेंगू होने की पुष्टि लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में जांच के दौरान हुई है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव ने बताया कि युवक का सैंपल 7 अक्टूबर को हुआ था। जिसकी रिपोर्ट बुधवार देर शाम को मिली थी। उन्होंने बताया कि रोगी का इलाज चल रहा है। फॉलोअप करने के साथ ही उसके मोहल्ले में एंटी लार्वा छिड़काव कराया गया है।

### 15 को होगा ट्रायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : प्रदेश समन्वय सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 24 अक्टूबर के मध्य अयोध्या में होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल की टीम को भी प्रतिभाग करना है। इसके लिए चयन की प्रक्रिया 15 अक्टूबर को पूरी की जानी है। उस दिन सुबह 10 बजे से जिला स्तरीय खिलाड़ियों का चयन होगा।

### बालक वर्ग में आरआर इंटर कॉलेज बिलारी के खिलाड़ियों ने जीती ओवरऑल चैंपियनशिप

# मेथोडिस्ट गर्ल्स कॉलेज बना ओवरआल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीन दिवसीय 75वीं जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा प्रतियोगिता-2024 का गुरुवार को क्रास कंट्री रेस एवं रिले दौड़ के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन के खेलों में भी छात्राओं ने दम दिखाया और ओवरआल चैंपियनशिप पर मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने कब्जा कर लिया। बालक वर्ग में आरआर इंटर कॉलेज बिलारी के खिलाड़ी ओवरऑल चैंपियन बने।

सीनियर वर्ग में आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज की खिलाड़ियों ने बाजी मारी है। सब जूनियर वर्ग में व्यक्तिगत चैम्पियनशिप प्रिंस, जूनियर वर्ग में गुलाम मोहम्मद और सीनियर वर्ग में सन्नी सागर ने जीती है। पारकर इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिताओं के समापन समारोह के मुख्य अतिथि मंडलीय उप शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल डॉ. अरुण कुमार दुबे ने विजेता खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की। इससे पहले एसडीएम इंटर कॉलेज के घोष बैंड के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत हुआ। आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज और मेथोडिस्ट कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने दी। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। लक्ष्मी नारायण जगदीश सरन कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य विमलेश कुमारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नन्हें सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन वंश बहादुर व जगदीश चंद्र ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन में विशाल वर्मा, डॉ. मधुबाला त्यागी, डॉ. मुक्ता अग्रवाल, डॉ. स्वदेश सिंह, मेजर एसके नेथन, शशि आर्या, विजय कुमार, सुरेंद्र सिंह, डॉ. बिजेंद्र सिंह, समरपाल सिंह, राजीव सिंह, नेहा गुप्ता, खुशबू सैनी, वीर सिंह, कुशाग्र राज, अनुराधा, माला भटनागर, मंजूश्री, नीलम रस्तोगी, अंकिता यादव, शिवानी चौहान, सरिता कुमारी आदि का योगदान रहा। निर्णायक के रूप में वीर सिंह, शमशाद हुसैन, सुमित कुमार शर्मा, विपिन कुमार, राहुल कुमार, दीपक चंद, अर्जुन सिंह, रणविजय सिंह, नीतिपाल, गीतांजलि दक्ष, कुमारी रेखा शामिल रहे।



पारकर इंटर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

### दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की विवाहिता ने पति व ससुराल के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सिविल लाइंस के अगवानपुर सेरूआ धर्मपुर निवासी महिला मीनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 24 अप्रैल 2023 को विमल निवासी मुरादपुर थाना कुंदरकी के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने बाइक व सोने-चांदी के जेवरात व 50 हजार की नकदी समेत 7 लाख रुपये का दान-दहेज दिया था, लेकिन उसका पति व ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। जिसके बाद पति व ससुराल वाले उसका उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता की शिकायत पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपी पति विमल, ससुर कैलाश, सास लक्ष्मी, नंद रविता, विनीता, नितिन व बबिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार संक्षेप



रोटरी क्लब संस्कृति की ओर से कन्या प्राथमिक विद्यालय दांग में शिविर का आयोजन।

### रोटरी क्लब संस्कृति की ओर लगा नेत्र जांच शिविर

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : गुरुवार को विश्व दृष्टि दिवस पर रोटरी क्लब संस्कृति ने कन्या प्राथमिक विद्यालय दांग में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नगर वंदना सैनी रही। नेत्र शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लव अग्रवाल ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं का परीक्षण किया। इस मौके पर मुकुल बंसल, ऋषि अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, तनुषि मित्तल, क्लब सचिव निधि बंसल व शोभित महरोत्रा शामिल रहे।



जीआईसी मुरादाबाद मैदान का निरीक्षण करते अधिकारी।

### शासन को भेजेंगे मिनी स्टेडियम का पुनरीक्षित एस्टीमेट

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में मिनी स्टेडियम बनाने की कवायद शुरू हो गई है। प्रधानाचार्य श्यामा कुमार, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव, क्षेत्रीय ओलंपिक सचिव डॉ. अजय पाठक और कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता ने मैदान का गुरुवार को निरीक्षण किया। इन लोगों ने बताया कि मिनी स्टेडियम बनाने के लिए शासन से मिली धनराशि काफी कम है। इसके लिए पुनरीक्षित एस्टीमेट भेजकर दोबारा धनराशि की मांग की जाएगी। इसमें करीब 10-12 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। मैदान पर क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, लान टेनिस, इनडोर हाल, टॉयलेट बॉक्स, दर्शक दीर्घा आदि सभी की सुविधा जुटानी है।

### 106 मानसिक रोगियों को मिला इलाज

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य की थीम पर गुरुवार को जिला अस्पताल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर निश्शुल्क शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने किया। शिविर में डॉ. अभिनव चौधरी, डॉ. धनंजय ने मानसिक रोगियों का परीक्षण किया। आयोजन में नए-पुराने कुल 106 रोगी शामिल हुए। इनमें सबसे अधिक संख्या डिप्रेशन वाले रोगियों की रही है। मानसिक परीक्षण कैंप में डॉक्टरों ने छह बच्चों के मानसिक-मंदित दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए हैं। इस मौके पर सीएमओ ने रोगियों व तीमारदारों से कहा कि आप मानसिक संबंधी कोई भी समस्या हो, जिला अस्पताल में आए और डॉक्टरों से परीक्षण कराएं। यहां आपको अच्छा इलाज और निश्शुल्क दवाएं मिलेंगी। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. भारत भूषण, नेत्र सर्जन डॉ. भवतोष, फिजीशियन डॉ. राम किशोर, ईएनटी सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव, डॉ. प्रशांत, रीमा यादव, पंकज सिंह, एसके शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते सीएमओ।

### कमरे में बंद कर पीटने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले युवक ने अपने दोस्त पर कमरे में बंद कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाना मझोला क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी शुएब को गुरुवार सुबह घायलावस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुएब ने बताया कि उसकी सास का इंतकाल हो गया था, इस कारण वह मंसूरी कालोनी में गया था। वहां एक पुराना दोस्त आया और बाइक पर बैठाकर अपने साथ मियां कालोनी ले गया। आरोप लगाया कि वहां एक पानी के प्लांट में बंद करके आरोपी दोस्त और उसके साथी ने शुएब की लाठी-डंडे और बेल्टों से पिटाई की। बाद में कहा कि यदि तू इस कालोनी में दिखा तो जान से मार देंगे।

# सेवानिवृत्त कर्मियों से खाली कराए आवास

## बंगला गांव व हैलट रोड पर कार्रवाई के दौरान हुई नोकझोंक, आवासों की कीमत है 8 करोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने गुरुवार को बंगला गांव व हैलट रोड पर बने नगर निगम के आवास में कब्जा कर रह रहे निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी व अन्य को बेदखल किया। टीम की कार्रवाई के दौरान नोकझोंक भी हुई। लेकिन, टीम ने कब्जा हटवाकर आवासों को अपने नियंत्रण में लेकर ताला लगाया। इसकी बाजार में अनुमानित कीमत 8 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त व अभियान के नोडल अधिकारी अजीत कुमार के नेतृत्व में टीम ने बंगला गांव व हैलट रोड पर बने आवासों पर कब्जे को हटवाने के लिए प्रवर्तन दल की टीम के साथ पहुंची। नोटिस के बाद भी कब्जा न हटाने वाले बंगला गांव में 3 भवनों पर सोमवीर सिंह, उर्मिला और श्यामो देवी ने कब्जा कर रखा था। वहीं हेलेट रोड पर सेवानिवृत्त कर्मचारी इकबाल, स्व. ओमप्रकाश, स्व. शोभा रानी के परिवार वाले और सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रवण कुमार के कब्जे से 4 आवासों को खाली कराया गया। इस दौरान परिवार के लोगों ने टीम से नोंकझोंक भी हुई।

कार्रवाई के दौरान संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही और प्रवर्तन दल की टीम मौजूद रही। वहीं निगम की टीम ने दूसरे दिन कांठ रोड, दिल्ली रोड, पीतल बस्ती, अटल घाट, रामगंगा विहार से छुट्टा घूम रहे 27 निराश्रित गोवंश को पकड़ कर कान्हा गोशाला भेजा। इसी दौरान वार्ड नंबर 36 और 44 में खुले में कूड़ा फेंकने वाले दुकानदारों का चालान कर 7700 रुपये जुर्माना शमन शुल्क के रूप में वसूला। जलकल अनुभाग की टीम ने वार्ड 25, 28 में पेयजल पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई। वहीं वार्ड 7, 16, 18, 19, 20, 25, 36 में सीवर की सफाई कराई गई।



निगम के आवास से कब्जा हटवाने पहुंची नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

- टीम ने पकड़े 27 निराश्रित गोवंश, कान्हा गोशाला पहुंचाया

### सफाई व्यवस्था में कमी पर जताई नाराजगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : वार्ड 47 सागर सराय की स्वच्छ भारत प्रोत्साहन समिति की बैठक वार्ड के भाजपा पार्षद और नगर निगम कार्यकारिणी के उपसभापति डॉ. गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट के गुलजारीमल धर्मशाला स्थित आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने किया। संचालन समिति के सचिव हिमांशु सिंह ने किया। बैठक में मोहला मानपुर के वीरेंद्र शर्मा, सुभाष जैन, गौरव शर्मा, कमल जैन, नितिन जैन और परवेज ने मोहल्ले में सफाई की कमी पर अपनी नाराजगी जताई। कपूर कंपनी पारकर रोड के मोहम्मद अब्दुल, मेहंदी हसन, राजा मैसी, नितिन मैसी, अनिल कुमार और सागर सराय के अनिल ढल, अमित रोहिल्ला आदि ने भी सफाई में कमी की शिकायत सेनेटरी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार से की।



हिन्दू कालेज के क्रीड़ा सचिव डॉ0 पंकज सिंह ( कैप में ) ट्राफी ग्रहण करते हुए।

# विवि बैडमिंटन चैंपियनशिप पर हिंदू कॉलेज का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन टूर्नामेंट (पुरुष) के फाइनल में हिंदू कॉलेज ने बाजी मारी है। हिंदू कॉलेज ने फाइनल में शाहजहांपुर के एसएस कॉलेज को पराजित कर चैंपियनशिप जीत ली।

हिंदू कॉलेज के क्रीड़ा सचिव डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि टीम ने शाहजहांपुर के एसएस कॉलेज की टीम को 2-0 से हराया। सिंगल्स मैच में हिंदू कॉलेज के शुभम कुमार ने शाहजहांपुर के एसएस कॉलेज के ईशेंद्र सिंह को 21-17 और 21-17 से पराजित किया। वहीं, डबल्स मैच में हिंदू कॉलेज के अंश गौड़ और देवांशु जावला की जोड़ी ने एसएस कॉलेज के रजत और ईशेंद्र की जोड़ी को 21-10 और 21-09 के स्कोर से सीधे सेटों में पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। क्रीड़ा समिति के सदस्य डॉ. एसबी यादव, डॉ. अमित वैश, डॉ. मोहम्मद साकिब, डॉ. मनोज कुमार, चंद्रजीत यादव, डॉ. राजेश कुमार और आरजे यादव आदि ने भी टीम को शुभकामनाएं दीं।



गन्ना भवन के गेट के पास मुलायम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

# घटनास्थल पर ही सपाइयों ने मनाई नेताजी की पुण्यतिथि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि सपाइयों ने गन्ना समिति कार्यालय के बाहर ही मनाई। इस दौरान सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि नेताजी ने गरीबों-किसानों, छात्रों, नौजवानों और समाज के वंचित वर्ग के लोगों के लिए कार्य किए। कांठ विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि मुलायम सिंह यादव की गिनती देश के कद्दावर नेताओं में होती थी। इस मौके पर बिलारी विधायक फहीम इरफान, नौगावां सादात विधायक समरपाल सिंह, पूर्व मंत्री जुगल किशोर, विजयवीर सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, लाखन सिंह सैनी, फुरकान अली, दुर्गा शर्मा आदि मौजूद रहे।

### चूहों और छछूंदरों से फैल रहे संचारी रोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संचारी रोग चूहों और छछूंदरों से फैलने की पुष्टि होने के बाद सरकार ने लोगों को जागरूक करने की पहल की है। इसके लिए एक महीने का अभियान 10 अक्टूबर से 10 नवंबर तक चलाया जाएगा। इसमें सरकारी कर्मचारियों को लोगों को जागरूक करने के लिए लगाया गया है। घरों में चूहों और छछूंदरों की रोकथाम के लिए देहात में जिला कृषि विभाग व अन्य विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है।

चूहे और छछूंदरों की संख्या बढ़ने से संचारी रोगों के बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है। अब इनकी रोकथाम और जागरूकता के लिए न्याय पंचायत स्तर पर कृषि विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। कृषि विभाग से जुड़े कर्मचारियों को गोष्ठी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने लिए लगाया है। गोष्ठियों के माध्यम से चूहों और छछूंदरों से फैलने वाले रोगों की जानकारी दी जाएगी।

# सत्येंद्र की हत्या में करीबियों पर शक, जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददता, मुरादाबाद

- पुलिस संदिग्धों से कर रही पूछताछ, महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे

**अमृत विचार :** भोजपुर थाना क्षेत्र के बीजना गांव निवासी सत्येंद्र यादव की हत्या के मामले में शक की सुई करीबियों पर रुक रही है। जिसके चलते पुलिस इस मामले में कुछ सदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। जिनसे कुछ सुराग हाथ लगे हैं। जिसके बाद पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़कर खुलासा करने में जुटी है।

थाना भोजपुर क्षेत्र के बीजना निवासी सत्येंद्र कुमार मजदूरी करता था। बीते मंगलवार की सुबह वह रोज की तरह मजदूरी करने गया था। शाम को घर वापस आ गया था, लेकिन कुछ देर बाद दोबारा पड़ोसी गांव खानपुर चला गया था। बुधवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे खानपुर स्थित एक प्लाट में उसका शव पड़ा मिला था। उसके सिर, हाथ, पैर पर चोटों के निशान थे, जबकि मुंह से खून बह रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई थी। इस मामले में उसके भाई राजवीर ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। जिनसे पूछताछ में करीबी लोगों पर शक गहरा गया है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि पुलिस टीम इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। उनका कहना है कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

### बेटियों को किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय टीम थाना मुगलपुरा द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान में गुड टच, बेड टच के बारे में जानकारी दी।

### राह चलते फब्तियां कसने वाला शोहदा गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुगलपुरा थाना क्षेत्र में राह चलती महिलाओं और युवतियों पर फब्तियां कसने वाले शोहदे को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर पकड़ लिया। जिसके बाद एंटी रोमियो टीम प्रभारी महिला दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष मुगलपुरा कुलदीप तोमर ने बताया कि एंटी रोमियो टीम प्रभारी महिला एसआई नरगिस सैफी बीती रात फैजगंज चौकी क्षेत्र में गश्त पर थी। उसी दौरान सूचना मिली कि अताई मोहल्ले में एक युवक गली के नुक्कड़ पर खड़ा होकर आने-जाने वाली लड़कियों और महिलाओं पर फब्तियां कस रहा है। सूचना पर फैजगंज चौकी प्रभारी कामिनी शर्मा की टीम को साथ लेकर एंटी रोमियो टीम अताई मोहल्ले में पहुंच गई। वहां टीम ने कुछ देर तक उस शोहदे की हरकतें देखीं बाद में उसे पुजेरी गली के नुक्कड़ के पास पकड़ लिया।

# 12 को लाइनपार में प्रवेश नहीं करेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आगामी पर्व दशहरा पर लाइनपार रामलीला मैदान में होने वाले रावण दहन के चलते लाइनपार में कोई भी वाहन प्रवेश नहीं करेगा। जिसके लिए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया है।

12 अक्टूबर को दशहरा पर्व के दिन दोपहर 2:00 बजे के बाद से रात को मेला समाप्ति तक पैदल चलने वाले व्यक्ति ही कपूर कंपनी पुल की ओर से रामलीला ग्राउंड तक आएंगे, जोकि वन-वे रहेगा। मेला समाप्ति के बाद रामलीला ग्राउंड की ओर से कपूर कंपनी की ओर वाहन जा सकेंगे। चौधरी चरण सिंह चौक से सभी वाहन रामलीला ग्राउंड कुंदनपुर की तरफ से जाएंगे और मंडी समिति में बनी पार्किंग में सभी वाहन खड़े किए जाएंगे। जिन वाहनों को रामलीला कमेटी ने पास जारी किए है, वह वाहन पुतली घर तिराहा होते हुए रामलीला ग्राउंड जाएंगे। कोई भी वाहन मानसरोवर गेट, प्रकाश नगर चौराहा, मझोली चौराहा व बुद्धि विहार की ओर से रामलीला ग्राउंड की ओर नहीं जाएगा। माल गोदाम के सभी वाहनों का संचालन बंद रहेगा। कांठ रोड की तरफ से मुरादाबाद आने वाली रोडवेज बसें दोपहर 2:00 बजे के बाद सिर्फ किला तिराहे तक आएंगी और मेला समाप्ति तक वहीं से वापस हो जाएंगी। काशीपुर, टांडा व बाजपुर की ओर से आने वाले निजी वाहन व रोडवेज बसे दोपहर 2:00 बजे के बाद काशीपुर तिराहा तक आएंगी और मेला समाप्ति तक यहीं से वापस हो जाएंगी। रामपुर व बरेली की ओर से मुरादाबाद आने वाली रोडवेज बसे दोपहर 2:00 बजे के बाद से हनुमानमूर्ति तक आएंगी और मेला समाप्ति तक यहीं से सवारियां भरकर वापस हो जाएंगी। दिल्ली, संभल व बिलारी की ओर से मुरादाबाद आने वाले निजी वाहन व रोडवेज बस आजाद नगर मोड तक आएगी और वहीं से सवारियां भरकर वापस हो जाएगी।

### लाइनपार की रामलीला में होगा सबसे ऊंचे पुतले का दहन

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : बुराई पर अच्छाई की जीत दशहरा पर्व पर रामलीलाओं में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। हर बार की तरह इस बार भी दहन के लिए सबसे ऊंचा पुतला लाइनपार रामलीला में जलाया जाएगा। यहां पूरे 100 फिट के पुतले का दहन किया जाएगा। रामलीला कमेटी के सचिव राजीव बंसल ने बताया हमारे यहां हमेशा इसी साइज के पुतले का दहन होता है। रामलीला समिति सिविल लाइंस के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता ने बताया उनकी रामलीला में 40 फिट ऊंचे पुतले का दहन किया जाएगा। रामलीला मैदान लाजपत नगर में चल रही रामलीला कमेटी के सचिव श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि उनके यहां 35 फिट ऊंचे पुतले का दहन होगा। जबकि पुराना दसवां घाट कमेटी के अध्यक्ष यथार्थ किशोर ने बताया हमारे हां चल रही रामलीला में भी 35 फिट ऊंचे रावण के पुतले का ही दहन किया जाएगा।

### 2.38 लाख लोगों की हुई डेंगू-मलेरिया की जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डेंगू-मलेरिया की जांच के मामले में मुरादाबाद लक्ष्य से भी अधिक रोगियों की जांचें कर चुका है। इस जांच में अब तक डेंगू के 12 और मलेरिया के 9 रोगियों की पहचान हुई है। ये सभी स्वस्थ भी हो चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक, जिले में जनवरी से अब तक कुल 2.38 लाख बुखार वाले रोगियों में डेंगू और मलेरिया की जांचें हुई हैं, जो आबादी की तुलना में 7 प्रतिशत से भी अधिक है। अधिक संख्या में जांच होने के मामले में महानिदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा कल्याण की तरफ से जिले को सराहना भी मिली है।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रेम नारायण यादव ने बताया कि हर महीने आबादी का एक प्रतिशत एनुअल ब्लड एग्जामिनेशन रेट अर्थात ब्लड स्लाइड जांच होने का विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानक है। इस तरह वर्ष भर में आबादी का कम से कम सात प्रतिशत रोगियों में डेंगू-मलेरिया जांच होना अनिवार्य किया गया है।




# गन्ना विकास समिति के चुनाव को लेकर दिन भर चला हंगामा

## सपा नेताओं ने नामांकन पत्र नहीं खरीदने देने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मुरादाबाद में बैरिकेडिंग लगाकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को रोकते पुलिसकर्मी।। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले की तीनों सहकारी गन्ना विकास समितियों पर डायरेक्टर के पदों पर चुनाव के लिए नामांकन पत्र खरीदने को लेकर गुरुवार को गन्ना समिति के कार्यालय के बाहर दिन भर हंगामा चला। डायरेक्टर पद के लिए पर्चा खरीदने पहुंचे सपा और भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों को प्रशासनिक अधिकारियों ने आरओ की तबीयत खराब होने की बात कहकर टरका दिया। भाकियू और सपा के पदाधिकारियों ने कार्यालय के अंदर न जाने देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस दौरान जबरन घुसने को लेकर पुलिस से खींचतान भी हुई। नामांकन प्रक्रिया का समय बीतने के बाद एडीओ कोआपरेटिव आमेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों समिति पर डायरेक्टर पद के लिए 45 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिए, जबकि 43 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। नामांकन पत्रों की जांच के बाद शुक्रवार को चुनाव की स्थिति साफ हो सकेगी। उधर सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने दावा किया है, जिले की तीनों ही समितियों में से किसी पर भी उनके समर्थित उम्मीदवार कोई पर्चा नहीं खरीद सके हैं। भाकियू ने मुरादाबाद और बिलारी समिति पर एक-एक पर्चा दाखिल किया है।

सहकारी गन्ना विकास समिति के डायरेक्टर पद पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान नामांकन स्थल पर गुरुवार को सुबह 9 बजे से पुलिस-प्रशासन का सख्त पहरा लगाया गया था। मुरादाबाद, बिलारी और कांठ सहकारी गन्ना समितियों में डायरेक्टर पद पर 11-11 प्रत्याशियों को चुनाव के नामांकन कराने के लिए नामांकन पत्र खरीदना और दाखिल करना था। सुबह 10:30 बजे सपा की ओर से डायरेक्टर के पद के लिए प्रत्याशी विजय वीर, नौशे और वीरेंद्र सिंह समिति पर पहुंचे तो वहां तैनात एसीएम और सीओ ने समिति में चुनाव के लिए बनाए गए आरओ खंड विकास अधिकारी मूंढापांडे की तबीयत खराब होने की बात कह कर उन्हें टरका दिया। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों को गेट से दूर ही रोक दिया गया गया। इसकी जानकारी होने पर सपा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव और पूर्व मंत्री कांठ से सपा विधायक कमाल अख्तर के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता समिति पर पहुंचे। जहां अंदर जाने को लेकर पुलिस से काफी देर खींचातानी हुई। इसके बाद सभी कार्यकर्ता वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गए। दूसरी तरफ भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह के नेतृत्व में किसानों को भी धरने पर बैठना पड़ा। शाम को 3 बजे वहां बात न बनने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दे दिया। इसके बाद भाकियू को मुरादाबाद और बिलारी समिति पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल करने का मौका मिल सका। भाकियू की ओर से बिलारी में अतर सिंह और मुरादाबाद के मोहित चौधरी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। एडीओ कोआपरेटिव आमेंद्र सिंह ने बताया कि मुरादाबाद समिति पर 16 पर्चे बिके और सभी दाखिल हुए। वहीं बिलारी समिति पर 14 पर्चे बिके और 12 दाखिल हुए तो कांठ समिति पर 15 पर्चे बिके और 15 ही दाखिल हुए।

### सत्यापन होने तक कलेक्ट्रेट पर रहेंगे किसान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि डायरेक्टर पद के नामांकन पत्र खरीदने और दाखिल करने में प्रशासन की हठधर्मिता को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट पर पहुंचेंगे। गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर धरने देने के बाद पर्चे दाखिल किए गए। भाकियू के राष्ट्रीय सचिव नौ सिंह ने बताया कि प्रशासन की मंशा सत्ता पक्ष को फायदा पहुंचाने की लग रही है। मुरादाबाद और बिलारी के डायरेक्टर पद के लिए दो लोगों ने नामांकन कराया है। लेकिन, प्रशासन उसे खारिज भी कर सकता है। जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने भाकियू के पदाधिकारियों और किसानों को शाम तक कलेक्ट्रेट पर बने रहने की घोषणा की। यदि भाकियू के नामांकन रद्द किए जाते है तो भाकियू टिकैत आंदोलन करेगी।

## सपा के कैंडीडेट बाहर घूमते रहे, अंदर गए ही नहीं : डीएम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सत्ता के दबाव की बात को जिलाधिकारी ने नकारा
- गन्ना विकास समिति के चुनाव में किसी से भेदभाव नहीं होगा

**अमृत विचार:** गन्ना समिति के डायरेक्टर चुनाव के लिए गुरुवार को नामांकन किया जाना था। इस दौरान समाजवादी पार्टी व भारतीय किसान यूनियन के डेलीगेट को डायरेक्टर पद के लिए नामांकन न करने देने का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने विरोध जताया।



जिलाधिकारी अनुज सिंह

प्रशासन पर सत्ता के दबाव में भाजपा का नामांकन कराने और दूसरे दलों को रोकने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बाद में जिलाधिकारी कार्यालय पर भी किसान यूनियन के लोग धरने पर बैठ गए। जिलाधिकारी से भी इनका प्रतिनिधिमंडल मंडल मिला। काफी देर तक गहमागहमी बनी रही। उप जिलाधिकारी सदर भी नामांकन के दौरान मौजूद रहे। हालांकि जिलाधिकारी अनुज सिंह ने चुनाव में सत्ता के दबाव की बात को नकारते हुए कहा कि चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराया जा रहा है। रिटर्निंग अधिकारियों को तय प्रक्रिया का पालन कराकर चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था। समाजवादी पार्टी के आरोपों पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह पार्टी लाइन का चुनाव नहीं है। गन्ना समिति के चुनाव में जो डेलीगेट्स चुने गए हैं उन्हीं में से डायरेक्टर चुने जाते हैं। जहां तक सपा के प्रत्याशी को रोकने का आरोप है यह गलत है, उनकी जानकारी के अनुसार वह तय समय तक बाहर ही घूमते रहे, अंदर ही नहीं गए। बाकी प्रशासन की ओर से किसी का पक्ष लेने का कोई सवाल ही नहीं है।

## एक नजर

### छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**कांठ, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की महिला सुरक्षा टीम ने डीएसएम इंटर कॉलेज में छात्राओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिला सुरक्षा टीम की सब इंस्पेक्टर ज्योति चौधरी ने डीएसएम इंटर कॉलेज में बाल श्रम उन्मूलन, बाल विवाह आदि की रोकथाम के लिए जागरूक किया। इस दौरान कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह, मातृ वंदना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, वृद्धा पेंशन के बारे में छात्राओं को जानकारी दी एवं हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के बारे में बताया।

### आज निकलेगी मां वैष्णो देवी की पालकी यात्रा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मां वैष्णो देवी की 108 कलशों के साथ पालकी यात्रा आज नगर के निर्धारित मार्गों से निकाली जाएगी। महंत मनीष शर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह 8 बजे हवन होगा, शाम चार बजे मां वैष्णो देवी की पालकी व कलश शोभायात्रा बाजार गंज से शुरू होगी। जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बाजार गंज पहुंचेगी। आरती के बाद प्रसाद वितरण भी होगा।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन आज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक गणवेश में पथ संचलन करेंगे। इसके तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी स्वयंसेवक गणवेश में नगर के होलिका मंदिर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में पहुचेंगे। उसके बाद नगर के मुख्य मार्गों पर पथ संचलन किया जाएगा। यह जानकारी नगर कार्यवाह मुदित कुमार ने दी।

### छेड़छाड़ के विरोध पर पीटा, दो आरोपियों पर मामला दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव में महिला से घर में घुसकर छेड़छाड़ की गई थी। उस समय महिला का पति मजदूरी करने गया था। तभी गांव निवासी विक्की और अंकित ने घर में घुसकर महिला को पकड़ लिया और विरोध करने पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। महिला की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर उसे बचाया था। इसी दौरान दोनों आरोपी धमकी देकर भाग गए थे। इस मामले में पीड़िता ने डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई थी। मामले में डीआईजी ने रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया था। जिस पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नामांकन पत्र नहीं देने पर की नारेबाजी

संवाददाता, कांठ



कांठ में प्रदर्शन करते नामांकन पत्र खरीदने आए लोग व समर्थक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना समिति कांठ के चुनाव में डायरेक्टर पद के लिए नामांकन भरने पहुंचे गुर्जर विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष सहित छह प्रत्याशियों को चुनाव अधिकारी ने नामांकन पत्र नहीं दिए।

सहकारी गन्ना समिति कांठ में गुरुवार को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्र की बिक्री और इसके बाद जमा करने का समय निर्धारित किया गया था। गुर्जर विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कसाना भी डायरेक्टर पद के दावेदार थे। वह अपने समर्थकों के साथ सहकारी गन्ना समिति में सुबह 10 बजे के बाद पहुंचे तो पहले उन्हें निर्वाचन अधिकारी नहीं मिले। कुछ देर बाद निर्वाचन अधिकारी पहुंचे तो निर्वाचन अधिकारी एवं गन्ना समिति सचिव ने बताया कि नामांकन पत्र इस समय नहीं है। इसके बाद छह और प्रत्याशी पहुंच गए। निर्वाचन अधिकारी से प्रत्याशियों की नोकझोंक हुई तो निर्वाचन अधिकारी गन्ना समिति से किसी अन्य स्थान को चले गए और कई घंटे तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद गुर्जर विकास एकता मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा उनके समर्थक सहकारी गन्ना समिति पर पहुंच गए और उन्होंने पुलिस प्रशासन के सामने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और दोबारा चुनाव कराने की मांग की। शाम को चार बजे सभी दावेदार सहकारी गन्ना समिति कांठ से पैदल चलकर मुख्य मार्ग पर पहुंचे और उन्होंने भाजपा सरकार तथा नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर जयदेव सिंह यादव के समझाने पर सभी लोग चले गए।

### चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे सपा के जिलाध्यक्ष

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गन्ना समिति के डायरेक्टर पद के चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन ने मुरादाबाद, बिलारी और कांठ सहकारी गन्ना विकास समिति पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को गन्ना समिति के अंदर तक जाने नहीं दिया।

इसको लेकर पूरे दिन मुरादाबाद सहकारी समिति के गन्ना कार्यालय पर सपा के पूर्व मंत्री और कांठ से विधायक कमाल अख्तर, नौगांवा से विधायक और जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह और सभी प्रत्याशी पुलिस से खींचतान के बाद धरने पर बैठे रहे। सपा के जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रशासन पूरी तरह सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा था। इसको लेकर सपा के पदाधिकारी अब चुनाव आयोग से वार्ता करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मामले की पूरी जानकारी दे दी गई है।

## नामांकन पत्र लेने आए लोगों ने दिया धरना

संवाददाता, बिलारी



बिलारी में गन्ना समिति में धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** बिलारी सहकारी गन्ना समिति में संचालक पद के लिए गुरुवार को नामांकन पत्र खरीदने और जमा करना था। गन्ना समिति पहुंचे संचालक पद के संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र न मिलने का आरोप लगाया और कहा कि निर्वाचन अधिकारी कुछ देर को आए थे। इसके बाद चले गए। इस दौरान संभावित प्रत्याशियों ने गन्ना समिति में नारेबाजी की। भाकियू टिकैत के पदाधिकारी भी गन्ना समिति पहुंच गए।

संभावित प्रत्याशी और यूनियन के पदाधिकारी एसडीएम विनय कुमार सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी एवं गन्ना समिति के सचिव आरके पाठक से मिले और निर्वाचन अधिकारी को बुलाने की मांग की। इस पर एसडीएम ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी का स्वास्थ्य खराब है। वह अस्पताल में भर्ती हैं। इसके बाद कई घंटे तक नामांकन पत्र लेने आए लोग और यूनियन के पदाधिकारी सांकेतिक धरने पर बैठ गए। एसडीएम और पुलिस क्षेत्राधिकारी के समझाने के बाद सभी ने धरना समाप्त कर दिया। धरने में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता जयवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी माजिद हुसैन अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष कुंदरकी प्रेमपाल सिंह, राखी भूषण, अमित चौधरी, राजू चौहान आदि मौजूद रहे। बिलारी गन्ना समिति में संचालक के कुल 11 संचालक चुने जाने हैं। जिनमें 12 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। इन में 10 संचालक क्षेत्र पर निर्विरोध संचालक चुना जाना तय है। बिलारी संचालक क्षेत्र में दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।



मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा विधायक फहीम इरफान व अन्य।

## पुण्यतिथि पर मुलायम सिंह को सपाइयों ने किया याद

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा की गई।

इस दौरान सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान समेत सपा कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने मुलायम सिंह यादव द्वारा कराए जनहित के कार्यों पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा के बाद सपाइयों ने प्रार्थना की। जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, सौरव यादव, इश्तियाक सैफी, चिराग अग्रवाल, आंशिक राकेश धनगर, सद्दाम सैफी, कसीम आजाद, एपी यादव, रेहान पाशा, जरीफ अंसारी, आमिल सिद्दीकी, मुजीब प्रधान, सफीन प्रधान, भूप सिंह प्रधान, रिजवान, अभिलाष जाटव, मोनू मौर्य, शिशुपाल यादव आदि मौजूद रहे।

### पन्नी के गोदाम स्वामी व दो पुत्रों पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** चार माह पहले पन्नी के गोदाम में आग लगने से पड़ोसी के घर का सामान जलने के मामले में अब पुलिस ने गोदाम स्वामी व उसके दो पुत्रों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

स्योहारा रोड निवासी रिजवान पुत्र अशरफ अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम रामनगर खागुवाला निवासी पूर्व प्रधान फरियाद उर्फ बबलू पुत्र रफीक ने उसके घर से सटी जगह में आबादी के बीच पन्नी का गोदाम बना रखा है। आरोप है कि 13 जून को भी गोदाम स्वामी ने गोदाम में जानबूझकर आग लगा दी थी और इसकी चपेट में आकर उसके व उसके भाई के घर का सामान अनाज, रुपये व कपड़े जल गए थे। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से क्षतिपूर्ति कराने और पूर्व प्रधान की संपत्ति की जांच कराने की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पूर्व प्रधान व उसके पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## धान खरीद केंद्र पर 10वें दिन भी पसरा रहा सन्नाटा

संवाददाता, कांठ/छजलैट

- धान 31 जनवरी 2025 तक खरीदा जाएगा

**अमृत विचार :** धान खरीद के लिए क्षेत्र में खोले गए सात क्रय केन्द्रों पर 10वें दिन भी सन्नाटा पसरा रहा। किसी भी केंद्र पर धान के एक भी दाने की खरीद नहीं हो पाई।

तहसील क्षेत्र में उप मंडी समिति में खाद्य विभाग के तीन गांव फूलपुर मिठनपुर, कुचावली, मौढ़ी हजरतपुर, फतेहपुर बिश्नोई में एक-एक धान खरीद केंद्र खोले गए हैं। गुरुवार को 10वें दिन किसी भी केंद्र पर धान की खरीद नहीं हो पाई। धान क्रय केंद्र प्रभारी सुनिल कुमार त्यागी ने बताया कि क्षेत्र में सातों धान क्रय केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बोरे, बैठने की व्यवस्था, पानी, बिजली, नमी मापन मशीन, छलना आदि की उचित व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि धान खरीद क्रय केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। मंडी समिति स्थल स्थित खाद्य विभाग के तीनों क्रय केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बोरों की खेप भी पहुंच गई है। विभागीय मोहर लगे इन बोरों को प्रभारी ने समिति के गोदाम में रखवा दिया है। उन्होंने बताया कि इस बार धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये और ए ग्रेड का मूल्य 2320 रुपये सरकार द्वारा तय किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है, जो भी लक्ष्य दिया जाएगा। उसे हर संभव पूरा करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने किसानों से सरकारी धान क्रय केंद्रों पर ही धान बेचने की अपील की है। धान 31 जनवरी 2025 तक खरीदा जाएगा।

### मोहम्मद तकी अध्यक्ष एवं नवीन बनेंगे महासचिव

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सिविल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष सहित पांच प्रत्याशियों द्वारा नाम वापस लेने पर सभी पदों पर प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय है।

सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए नाम वापसी होनी थी। चुनाव अधिकारी राम अवतार शर्मा और सहायक चुनाव अधिकारी जुल्फिकार अली ने बताया कि अध्यक्ष पद से अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद से मोहम्मद आसिफ, महासचिव पद से हैदर अली, चौधरी नरेश कुमार सिंह, मन्नान आजम हाशमी ने नाम वापस लिया है। अध्यक्ष मोहम्मद तकी, महासचिव नवीन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मायुद्दीन, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा, सहसचिव नदीम अहमद और अफगान खान का निर्विरोध चुने जाना तय हो गया है। नामाकंन पत्र दाखिल करने वाले कई अधिवक्ताओं ने अपना नाम वापस ले लिया है।

## सार संक्षेप



कृष्णा स्कूल में दशहरा पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे व साथ में शिक्षक।

### कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में मनाया दशहरा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा के उपलक्ष में बच्चों ने देव स्वरूप में प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रबंधक नरेश सिंह चौहान व चैयरमैन गौरव चौहान, लकी चौहान, वरुण राय एवं प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। प्रबंधक नरेश सिंह चौहान ने बच्चों को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा ने बच्चों को अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया।



पृथ्वीपुर गांवड़ी में खेत में मौजूद कृषि वैज्ञानिक व किसान।

### गन्ने की फसल में सहफसली खेती की जानकारी दी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने पृथ्वीपुर गांवड़ी में प्रक्षेत्र दिवस ( फील्ड डे ) का आयोजन किया। इसमें किसानों को धान की फसल का अवलोकन भी कराया। केंद्र के पौध सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को सरसों की फसल, गेहूं की फसल एवं गन्ने की बोआई से सम्बंधित सलाह दी। उन्होंने बताया कि किसी भी फसल को बोने से पहले बीज शोधन करना जरूरी है। किसानों को गन्ने में सहफसली खेती की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में 35 किसानों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में सुरेश, श्योनाथ, जितेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, उर्मिला देवी, गीता देवी, ओमवती आदि मौजूद रहे। केंद्र के कर्मचारी दिनेश कुमार ने सहयोग किया।

### मृतक की पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव कल्याणपुर थाना भगतपुर निवासी रचना पत्नी स्व. अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अजय कुमार अपने दोस्त के साथ विनीत के साथ ठाकुरद्वारा आए थे। जहां से लौटते समय अलीगंज रोड पर ढेला नदी के पुल के पास सामने से आ रही बाइक ने उनके पति की बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें अजय कुमार की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दो भाइयों के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव में युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया। शिकायती पत्र में बताया है कि पीड़िता अपनी बहन के साथ अपने रिश्तेदार के यहां रहती हैं। गुरुवार को पीड़िता मकान में परचून की दुकान पर बैठी थी, तभी पड़ोस का युवक सामान लेने के बहाने दुकान में आया और अश्लील हरकतें करने लगा। शोर मचाने पर रिश्तेदार ने उसे बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने युवती व रिश्तेदार से मारपीट की। बताते हैं कि कुछ दिन पहले युवक के भाई ने भी युवती से छेड़छाड़ की थी, लेकिन पीड़िता डर से शिकायत करने थाने नहीं गई। जब दूसरे भाई ने भी छेड़छाड़ की, तब पीड़िता रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंची।

**शारदीय नवरात्र** श्रद्धालुओं ने गुरुवार को सप्तमी और अष्टमी दोनों मनाईं

## महिलाओं ने मंदिरों में किया भजन-कीर्तन

संवाददाता, कांठ



मंदिर में कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरुवार को नगर में श्रद्धालुओं ने सप्तमी एवं अष्टमी मनाई। मंदिरों में महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया और जयकारे लगाए।

गुरुवार को नगर में शारदीय नवरात्र के तहत सप्तमी एवं अष्टमी को लेकर मतभेद रहे। कई श्रद्धालुओं ने सुबह सप्तमी मनाई और कुछ ने अष्टमी मनाई। कुछ श्रद्धालुओं ने गुरुवार को कन्याओं का पूजन कर उन्हें जिमाया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी, जो कि नवमी तिथि युक्त है। इसी प्रकार नवमी और दशमी तिथि एक होने के कारण नवमी का पूजन और कन्याओं का भोजन सुबह 11 बजे पर और दशहरा पर्व का पूजन 11 बजे के बाद से शनिवार को किया जाएगा। नगर के प्राचीन माता महाकाली मंदिर, मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर, बम बटक स्थित मां काली मंदिर, श्री राम ज्योति मंदिर, श्री चामुंडा मंदिर, महर्षि वाल्मीकि मंदिर, पट्टीवाला मंदिर, घोसीपुरा शिव मंदिर, बिशनपुरा शिव मंदिर, माहेश्वरी मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर आदि पर मां भगवती की पूजा अर्चना की गई। कई मंदिरों में महिला भक्तों ने देवी की आराधना करते हुए भजन कीर्तन आदि किया। विशनपुरा स्थित शिव मन्दिर पर नीरू वर्मा, पूनम वर्मा, सुनीता शर्मा, माया विश्नोई, सोनिया शर्मा, अनिता वर्मा, सविता वर्मा, रानी विश्नोई, मंजू विश्नोई आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

### मोहम्मद साहब पर टिप्पणी के विरोध में दिया ज्ञापन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गुरुवार को ग्राम पांडिया में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उप निरीक्षक शेरपाल सिंह को दिया गया। जिसमें महंत नरसिंहानंद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा है कि मुहम्मद साहब पर अशोभनीय टिप्पणी से इंसानियत शर्मसार हुई है। हेट स्पीच देने वालों के खिलाफ केंद्र सरकार सख्त कानून बनाए। ज्ञापन देने वालों ने महंत नरसिंहानंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में नूरी मस्जिद के इमाम फैजान राजा, यासीन हुसैन,अशरफ अली, फिरोज खान, आले हसन मलिक, मेहंदी हसन मलिक, नाजिम रजा, हासिम मालिक, अशरफ मलिक मिस्त्री, सलीम जिलानी, मेराज इदरीशी, हबीब सलमानी, चांद सलमानी, निसार हुसैन सलमानी, अकबर इदरीशी आदि मौजूद रहे।



कांठ सीएचसी में लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

## सीएचसी और निजी अस्पतालों में बुखार के मरीजों की भीड़

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बुखार का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित निजी अस्पतालों में बुखार के रोगी लगातार बढ़ रहे हैं। चिकित्सक रोगियों का उपचार कर उन्हें बचाव की सलाह भी दे रहे हैं।

गुरुवार को सीएचसी में 700 रोगियों की ओपीडी की गई, जिसमें ज्यादातर मरीज बुखार के थे। चिकित्सकों ने रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवा दी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव चौधरी ने सभी चिकित्सकों और फार्मासिस्ट को निर्देश दिए हैं कि वह रोगियों को दवा का वितरण करें। जिस रोगी की तबीयत ज्यादा खराब हो उस रोगी को तुरंत भर्ती करें। यही हाल निजी अस्पतालों का है। वहां भी बुखार के रोगियों की भीड़ लगी हुई है। डॉ. राजीव चौधरी ने सलाह दी है कि रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें तथा पूरी आस्तीन के कपड़े पहने। अभिभावक बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

## एक नजर

### डूंगरपुर के मामले में इंस्पेक्टर की मुख्य परीक्षा पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर मामले में इंस्पेक्टर रामवीर सिंह की मुख्य परीक्षा गुरुवार को पूरी हो गई। अब इस मामले में 15 अक्टूबर को सुनवाई होगी। गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में मुकदमा दर्ज हुआ था। बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था। इन्हें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में सपा के पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, सपा नेता आजम खां को आरोपी बनाया गया था। इसकी सुनवाई एमपी- एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गुरुवार को इंस्पेक्टर रामवीर सिंह की मुख्य परीक्षा पूरी हो गई। अब इस मामले में 15 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

### मुंबई के होटल ताज में रामपुर नवाब का दो-दो माह सजता था दरबार, किए जाते थे कई महत्वपूर्ण फैसले

# नवाब खानदान की टाटा से दोस्ती की बरसों पुरानी रवायत कायम

**सुहेल जैदी, रामपुर**

**अमृत विचार :** देश के प्रमुख औद्योगिक घराने टाटा के साथ रामपुर नवाब की पारिवारिक दोस्ती की रवायत आज भी बरकरार है। नवाब खानदान और टाटा परिवार की दोस्ती का आलम यह था कि रामपुर नवाब मंत्रीमंडल की बैठकें टाटा समूह के होटल ताज में होती थीं। इन बैठकों में कई महत्वपूर्ण फैसले होते थे। जमशेद जी टाटा दोस्ती में कहते थे कि यह होटल तो आपका ही है, लेकिन नवाब होटल में पूरे मंत्रीमंडल के दो-दो महीने तक ठहरने का एक-एक पैसे का भुगतान करते थे। पारिवारिक दोस्ती की रवायत मिक्की मियां से होती हुई नवेद मियां तक बरकरार है।

पूर्व सांसद बेगम नूरबानो बताती हैं कि रामपुर नवाब परिवार की टाटा परिवार से दोस्ती की शुरुआत नवाब रजा अली खां के जमाने से हुई थी।


नवाब रामपुर का रेलवे स्टेशन। यहीं से चलती थी उनकी स्पेशल ट्रेन।


उद्योगपति रतन टाटा।


नवाब रजा अली खां।


बेगम नूरबानो।


नवाब जुल्फिकार अली खां।

रजा अली खां की दोस्ती रतन टाटा के पिता जमशेद जी टाटा से थी। बाद में उद्योगपति रतन टाटा नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां के करीबी दोस्त बने। वह बताती हैं कि नवाब रजा अली खां अपनी रियासत के पूरे मंत्रीमंडल के साथ होटल ताज में दो माह के लिए रुकते थे। पूरा मंत्रीमंडल नवाब की अपनी ट्रेन से मुंबई के लिए रामपुर के नवाब स्टेशन से रवाना होता था। नवाब रामपुर से मिलने के लिए, जमशेद जी टाटा और बाद में रतन टाटा भी आते रहे। नवाब साहब की ट्रेन दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर उनके लिए बने प्लेटफार्म पर रुकती थी। इसके बाद दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना होती थी। उस समय बंबई (अब मुंबई) बिजनेस सेंटर हुआ करता था। नवाब से मिलने के लिए दूर-दराज से उद्योगपति और महाराजा ग्वालियर समेत तमाम राजा तथा महाराजा आते थे। बेगम नूरबानो बताती हैं कि नवाब हर वर्ष दो माह के लिए मुंबई जाते थे और होटल ताज में नवाब साहब का दरबार लगता था। वहां कई महत्वपूर्ण फैसले होते थे। जमशेद जी टाटा का साथ नवाब साहब के साथ 10 वर्ष तक रहा।

बेगम नूरबानो नवाब रजा अली खां की सबसे छोटी बहू हैं। पुराने दिनों की यादों को उकेरते हुए बताती हैं कि 16 वर्ष की आयु में नवाब रजा अली खां के छोटे बेटे नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां से उनकी शादी हो गई थी। मिक्की मियां उस समय लंदन से शिक्षा पूरी करके रामपुर आए थे। बताती हैं कि वह और मिक्की मियां भी होटल ताज में जाकर ठहरते थे। तब रतन टाटा मिक्की मियां से मिलने आते थे और उनका रामपुर राज घराने से करीबी रिश्ता रहा। बताती हैं कि नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां आज भी पुराने रिश्तों को निभा रहे हैं।

### रतन टाटा के निधन पर रामपुर का शाही परिवार भी दुखी

**रामपुर, अमृत विचार :** उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर रामपुर का शाही परिवार भी दुखी है। पूर्व सांसद और नवाब रजा अली खां की छोटी बहू बेगम नूरबानो ने दुख जताते हुए कहा कि देश ने एक उद्योगपति ही नहीं बल्कि बहुत नेक इंसान खोया है। रतन टाटा बिजनेस मुनाफा कमाने के लिए नहीं मानवता की सेवा करने के लिए करते थे। रतन टाटा की कमी देश को लंबे समय तक खलेगी।

# समस्याओं की अनदेखी पर भड़के किसान

## ट्रैक्टरों के लंबे काफिले के संग पहुंचे कलेक्ट्रेट, किया धरना-प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत से जुड़े किसान सड़क पर उतर आए। ट्रैक्टरों के लंबे काफिले के साथ जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन कर वहीं धरने पर बैठ गए। अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया।

भकियू के प्रदेश हसीब अहमद ने कई दिन पहले समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में बेमियादी धरने का ऐलान किया था। लेकिन, अधिकारियों ने किसी भी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। प्रदेश महासचिव के बुलावे पर जिले के किसान अपने ट्रैक्टर लेकर गुरुवार को हाईवे स्थित कैंप कार्यालय पर एकत्र हुए। इसके बाद ट्रैक्टरों के लंबे काफिले के साथ जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। ट्रैक्टर कलेक्ट्रेट के सामने खड़े करके किसान जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।


भाकियू कार्यालय से कलेक्ट्रेट की ओर जाते किसान।

हसीब अहमद ने कहा कि अधिकारी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उन्होंने बेमियादी धरने का ऐलान कर दिया। किसानों के तल्ख तेवर देख अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह उनके बीच पहुंच गए और ज्ञापन लिया।

उन्होंने किसानों की समस्याएं भी सुनी। उनके आश्वासन पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।

धरना देने वालों में राहत खां, जुगनू, अमृतपाल सिंह भिंडर, रामवीर सिंह गूर्जर, रवींद्र सिंह, दरियाव सिंह, श्रेयचंद, शेरू, मोहम्मद तालिब, इरफान हसन, छिद्दा नेता, तौकीर, मुस्तकीम, चौधरी अजीत सिंह, चौधरी सुंदर सिंह, चौधरी राजपाल सिंह, जुबैद आलम, फईम तुर्की, फैजान मियां, खलील अहमद, नौशाद, रामबहादुर, रनवीर सिंह यादव, शबाब, जाहिद, दरबारी लाल शर्मा, शहादत अली, अकील अहमद, मुंशीलाल, दीपचंद, मुजम्मिल, राशिद चौधरी, मुजाहिद, सोमपाल आदि शामिल रहे।

### यह थीं किसानों की मुख्य समस्याएं

बाढ़ और बारिश से हुए फसलों के नुकसान का मुआवजा, जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच, खोदी गईं सड़कों की मरम्मत कराई जाए। नहरों, नालों और कुलाबों से अवैध कब्जे हटवाने, एनएच-24 अलीनगर जनूबी अंडर बाईपास पर नाला निर्माण, बिलासपुर रोड पर सर्विस रोड का निर्माण, लालपुर कोसी बांध की मरम्मत, फैक्ट्रियों से नाले में छोड़े जा रहे दूषित पानी पर रोक, पटवाई माइनर से अवैध कब्जे हटवाने और नहर की मरम्मत, राजस्व अभिलेखों में अंश निर्धारण का दुरुस्तीकरण, धमोरा बिजलीघर के जेई पर उपभोक्ताओं से अभद्रता करने पर कार्रवाई की मांग उठाई।

# दो बच्चों को पीलाखार नदी में नहलाने ले गया युवक, एक डूबा

- पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शुरू की पूछताछ
- नदी में डूबे बच्चे को तलाश रहे बरेली से आए गोताखोर

**संवाददाता, सैदनगर**

**अमृत विचार:** बाइक सवार अनजान युवक दो बच्चों को बहला फुसलाकर नहाने के लिए अपने साथ ले गया। एक बच्चे को किनारे पर बैठ कर आरोपी दूसरे को पीलाखार नदी पर ले गया । बच्चा नदी में डूबा तो आरोपी वहां से भाग गया। किनारे पर बैठे बच्चे से पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया। बरेली से आए गोताखोर नदी में डूबे बच्चे को तलाश रहे हैं।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के ढक्का हाजीनगर गांव निवासी अफसर अली का बेटा शानिब (10) और साबिर का पुत्र समी (10) घर के बाहर खेल रहे थे। तभी एक युवक आया और दोनों बच्चों को बाइक पर बैठकर भोट के दरियागढ़ गांव के पास बह रही पीलाखार नदी पर ले गया। उसने सानिब को किनारे पर बैठा दिया और शमी को नदी की गहराई में ले गया। बच्चा नदी में डूबा तो आरोपी बाहर आया और बाइक लेकर फरार हो गया। किनारे पर बैठे बच्चे को रोता देख ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर पुलिस आरोपी युवक तक पहुंच गई। आरोपी नगलिया आकिल गांव निवासी सलमान को पुलिस ने पकड़ लिया।

उसने पुलिस को बताया कि दोनों बच्चे अपनी मर्जी से उसके साथ नहाने के लिए गए थे। नदी में नहाते समय एक बच्चा गहरे पानी में जाने से डूब गया। बरेली से आई गोताखोरों की टीम नदी में डूबे बच्चे को तलाश रही है। भोट इंस्पेक्टर अजय वीर सिंह ने बताया कि नदी में डूबे बच्चे के मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# गाय को घायल करने पर हिंदू संगठनों ने किया हंगामा, आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता, स्वार**

**अमृत विचार :** जंगल में गाय की टांग पर धारदार हथियार से प्रहार कर लहूलुहान करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर गिरफ्तार कर लिया है।

घटना कोतवाली के क्षेत्र गांव धनौरी के जंगल की है। बुधवार की शाम जंगल में घूम रही गाय की टांग पर किसी ने धारदार हथियार से वार करके लहूलुहान कर दिया। इससे गाय घायल होकर वहीं गिर गई। गाय को गंभीर हालत में देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी मिलने पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। सूचना पर सीओ अतुल कुमार पांडे व कोतवाल संदीप त्यागी भी पहुंच गए। वह हंगामा कर रहे हिंदू संगठनों के लोगों को समझाने का प्रयास कर गाय को उपचार के लिए मसवासी गोशाला भेजने का प्रयास करने लगे। लेकिन हिंदू संगठनों के लोग घायल गाय के पास धरना प्रदर्शन कर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग करने लगे।


स्वार पुलिस की गिरफ्त में गाय को घायल करने का आरोपी।

- धारदार हथियार से वार करके गाय को किया था जख्मी

सीओ ने किसी तरह हिंदू संगठनों के लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और गाय को गोशाला भिजवाया। पुलिस ने धनौरी निवासी इरफान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। गुरुवार को पुलिस ने इरफान को गांव रुस्तमनगर के कब्रिस्तान के निकट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पाटल भी बरामद कर ली। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि गाय को घायल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# हृदय का ध्यान रखता है बेहतर मानसिक स्वास्थ्य

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि हृदय पर ध्यान केंद्रित थेरेपी से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। यह थेरेपी सभी प्रकार के मानसिक रोगों को नियंत्रण करने में काफी कारगर साबित हो रही है।

सीआरपीएफ परिवार कल्याण केंद्र में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर हृदय पर ध्यान चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि थेरेपी से मन को शांति मिलती है। नकारात्मक भावनाएं कम होती हैं। तनाव से निपटने की शक्ति मिलती है। मन का भटकाव कम होता है। प्रेम और सहनशक्ति बढ़ती है। उन्होंने सीआरपीएफ परिवार कल्याण केन्द्र सभागार में मानसिक रोग नियंत्रण कार्यशाला के दौरान ओकुलैट हीलिंग गतिविधि कराने के दौरान कहा कि आज की जीवनशैली के कारण प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की मानसिक समस्या से जूझ रहा है। यही आम मानसिक समस्याएं कुछ समय बाद गंभीर रोगों में परिवर्तित होने लगती हैं। ओकुलैट गाइडेंस थेरेपी के दौरान अवचेतन में जड़ें जमा चुके नकारात्मक विचारों को डिलीट किया जाता है। इसके बाद आप नियमित योग प्राणायाम के साथ हृदय पर ध्यान का अभ्यास कर सकते हैं। इस दौरान कावा की अध्यक्ष ओम प्रभा, रेखा, बंटी, दीपक,डॉ. सीता देवी एवं हार्टफुलनेस प्रशिक्षक जय प्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर एवं बच्चे।

- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर की गई हृदय पर ध्यान चिकित्सा

**चुनाव** | स्वार, मिलक और बिलासपुर गन्ना समितियों में भी भरे गए पर्चे

# गन्ना समिति के डायरेक्टर पद के लिए हुए 11 नामांकन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** गन्ना समिति के डायरेक्टर पद के लिए 11 लोगों ने नामांकन कराया है। इसके अलावा स्वार, मिलक और बिलासपुर की गन्ना समितियों में डायरेक्टर पद के लिए नामांकन कराए गए। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि उपसभापति और सभापति का चुनाव 16 को जबकि, गन्ना चेयरमैन का चुनाव 17 अक्टूबर को होगा। दो अक्टूबर को डेलीगेट्स का चुनाव हुआ था। इसमें 97 डेलीगेट्स निर्विरोध चुने गए थे।

गन्ना समिति रामपुर के लिए डायरेक्टर के 11 पद हैं। इसके लिए 11 लोगों ने नामांकन कराया है। डायरेक्टर उप सभापति और सभापति चुनेंगे। जबकि उपसभापति और सभापति गन्ना चेयरमैन का चुनाव करेंगे। गुरुवार को राहे मुर्तजा स्थित गन्ना समिति में 11 लोगों ने नामांकन कराया। गन्ना समिति के चुनाव के लिए तमाम जोड़-तोड़ किए जा रहे हैं। लेकिन, चुनाव में सत्ता पक्ष हावी है। जानकारों का कहना है कि गन्ना चेयरमैन सत्ता पक्ष का ही बनना है। रामपुर गन्ना समिति के लिए 2 अक्टूबर को 97 डेलीगेट्स निर्विरोध चुने गए थे। इसके अलावा बिलासपुर गन्ना समिति में 56, स्वार में 65 और मिलक में 70 डेलीगेट्स भी निर्विरोध चुने गए। 7 अक्टूबर को डायरेक्टर का नामांकन हो गया। अब डेलीगेट्स डायरेक्टर चुनेंगे।


गन्ना समिति में डायरेक्टर चुनाव के लिए नामांकन कराते लोग।

> डायरेक्टर पद के लिए रामपुर गन्ना समिति से 11 लोगों ने नामांकन कराया है। इससे पहले 97 डेलीगेट्स निर्विरोध चुन लिए गए हैं। 16 अक्टूबर को सभापति-उपसभापति और 17 अक्टूबर को गन्ना चेयरमैन पद के लिए चुनाव होगा।
> -डॉ. गणेश गुप्ता
> एआर, कोआपरेटिव

| डायरेक्टर क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|
| अजीतपुर | शुभम |
| काशीपुर | ढाकन लाल |
| केमरी | पप्पू उर्फ भागीरथ |
| कोयला/चमरौआ | पूरन |
| चिकटी रामनगर/ पंजाबनगर | राजेंद्र सिंह |
| ढकिया | विवेक कुमार पांडेय |
| भवंरका | हरद्वारी |
| महुनागर | गुरुचरन |
| शाहबाद | शीला देवी |
| सींगनखेड़ा | सरोज देवी |
| सैफनी | प्रमोद कुमार शर्मा |

# पंचर लगा रहा मिस्त्री ट्रक के नीचे दबा, मौत

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** ट्रक के टायर का पंचर जोड़ते समय ट्रक के नीचे दबकर से पंचर लगाने वाले मिस्त्री की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव ताशका निवासी 53 वर्षीय इशरत टायरों में पंचर जोड़ने का काम करता था। बुधवार की रात गंज थाना क्षेत्र के मंडी चौकी से कुछ दूरी पर ट्रक में पंचर हो गया था। उस ट्रक का चालक और हेल्पर उसे अपने साथ घर से बुलाकर ले गए थे। वह जैक लगाकर टायर को सही कर रहा था। अचानक पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। जिससे जैक हट गया और इशरत ट्रक के नीचे दब गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला। मगर तब तक इशरत की मौत हो चुकी थी।

### मारपीट के दो मामलों में रिपोर्ट दर्ज

**टांडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम कसिया कुंडा निवासी शमीम जहां ने पुलिस को बताया कि वह 3 दिन पूर्व रात 10 बजे वह घर के बाहर खड़ी थी। अचानक पति हामिद, जेठ वाजिद व साजिद तथा इनके भतीजे मुकरर्म ने हमला करके उसे घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर ग्राम सेठूवाला निवासी मित्रपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बुधवार की रात जमीन के विवाद को लेकर गांव के सुनील व रिन्कू पुत्र राम सिंह ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार संक्षेप

### रतन टाटा के निधन से उद्योग जगत में छाया शोक

**रामपुर, अमृत विचार :** रतन टाटा के निधन से जिले का उद्योग जगत शोकाकुल है। रतन टाटा महान उद्योगपति, देशभक्त व समाज सेवी थे। वह देश के अनमोल रत्न थे। देश को उन पर गर्व है। देश के उद्योगपतियों में उनका सम्मान सर्वोच्च है। उनके द्वारा लगाए गए उद्योगों में लाखों नागरिकों को रोजगार प्राप्त है। भारत वर्ष के उद्योगपतियों में उनका अद्भुत स्थान रहा है। वह शिखर पुरुष थे। उनके निधन पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर चैप्टर अपने सभी सदस्यों की ओर से भावपूर्ण व अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता है। आईआईए के व्हाट्स एप ग्रुप में सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कामना की कि ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे। इस अवसर पर आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता, एसके गुप्ता, एसके अग्रवाल, विपिन गुप्ता, अरविंद नंदा, मनोज गर्ग, रमेश अग्रवाल, सुनील भगत, मनोज गुप्ता, अजय अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, विनय बंसल आदि मौजूद रहे।


केमरी रोड पर सड़क किनारे लगे गंदगी के ढेर।

### पहाड़ी गांव के पास लगे गंदगी के ढेर, लोग परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** पहाड़ी गांव के पास जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। इसके चलते लोगों को काफी परेशानी हो रही है। लोग कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन स्थिति जस की तस है। कुछ समय पहले सड़क किनारे पीडब्ल्यूडी विभाग ने रेलिंग लगवा दी थी। लेकिन कुछ लोगों ने उसे भी कूड़ा डालकर पाट दिया। दिन भर बदूब आने के कारण राहगीरों को निकलने में परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि यह नगर पालिका क्षेत्र में आता है। जबकि नगर पालिका का कहना है कि यह क्षेत्र नगर पालिका में नहीं आता है।

### पालिका ने शुरू किए शहर की 6 सड़कों के गड्ढे भरने

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर की 6 सड़कों पर हुए गड्ढों को लोक निर्माण विभाग 20 लाख रुपये से भरवा रहा है। इसके बाद राहगीरों को आने-जाने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। पिछले दिनों कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जर्जर सड़कों का मुद्दा गूंजा था। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के आदेश पर सड़कों के गड्ढों को भरा जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड कार्यालय से शाहबाद गेट की ओर जाने वाली सड़क पर काम कराया जा रहा है। शौकत अली रोड, ईदगाह गेट, राजद्वारा, मिस्टन गंज, आगापुर और चाकू चौक मार्ग की हालत खस्ता है। इन सड़कों पर गड्ढे होने के साथ ही धूल के गुबार उड़ते हैं। इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़कों की हालत सही कराने के लिए लोक निर्माण विभाग गड्ढे भरने का काम कर रहा है। लोनिवि के निर्माण खंड के एक्सईएन गौरव सिंह ने बताया कि 20 लाख रुपये की लागत से शहर की 6 सड़कों के गड्ढों को भरा जा रहा है।

### अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर, मची खलबली

**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रशासन ने बिना मानचित्र के 3 जगह की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करा दिया। प्रशासन की कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करने वालों में खलबली मची है। उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह रामपुर मार्ग से गुजरे तो उन्हें कई स्थानों पर प्लाटिंग होती मिली। उन्होंने संबंधित लेखपालों से इसकी रिपोर्ट तलब की। पता चला कि प्लाटिंग के लिए आवश्यक और अनिवार्य मानक पूरे नहीं किए गए थे। यहां तक कि कृषि भूमि से इसे आवासीय में भी तब्दील नहीं कराया था। इस पर गुरुवार को एसडीएम राजस्व विभाग और नगर पंचायत की टीम लेकर मौके पर पहुंच गए। टीम में शामिल लेखपाल राजकुमार शर्मा ने बताया कि रामपुर मार्ग पर मंडी समिति स्थल के पास तीन जगह अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। तीनों को जेसीबी से खुर्द-बुर्द करा दिया गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार अभियान चलेगा। गुरुवार को सिर्फ रामपुर मार्ग की अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई गई। अब शाहबाद-सिरौली रोड, ढकिया रोड के साथ ही सैफनी और पटवाई में भी कार्रवाई की जाएगी। लोग मानक पूरे करने के बाद ही प्लाटिंग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आवासीय भूमि में दर्ज कराने के बाद सड़क आदि के मानक भी पूरे करने होंगे।

### अभद्रता पर टोल प्लाजा पर धरने पर बैठे किसान

**भोट, अमृत विचार :** टोल प्लाजा पर किसान से अभद्रता पर भाकियू से जुड़े किसान कर्मचारियों से भिड़ गए। रात में ही मौके पर पहुंच कर हंगामा कर धरने पर बैठ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह किसानों को समझाकर धरना समाप्त कराया। भाकियू भानु के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने बताया कि बुधवार की रात करीब 10 बजे किसान जयपाल सैनी अपने वाहन से रामपुर से घर आ रहे थे। कोयला टोल प्लाजा पर टोल कर्मी उनके साथ अभद्रता करने लगे। सूचना पर वह कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गए। अन्य कार्यकर्ताओं ने भी टोल प्लाजा कर्मचारियों पर किसानों की ट्रैक्टर-ट्रालियों व अन्य कृषि वाहनों से भी टोल वसूली व अभद्रता का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया और धरने पर बैठ गए। इस दौरान करीब दो घंटे तक टोल प्लाजा पर हंगामा होता रहा। धरने में मुराद खान,आरिफ अली, शरीफ अहमद,हसीब वारसी,जाबुल हसन,साबिर अली, मुकद्दर अली, अकरम खान आदि मौजूद रहे।

### किसानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग, सौंपा ज्ञापन

**शाहबाद, अमृत विचार :** पटवाई में भाकियू अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में किसान पंचायत हुई। इसमें किसानों ने समस्याओं को लेकर पंचायत में पहुंचे उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि मुख्य रूप से कोसी नदी के कटान से प्रभावित गांवों घोसीपुरा, सालेपुर थिरिया और नवाबगंज की सुरक्षा के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग की गई। किसानों ने लेखपाल द्वारा किए जा रहे असंतोषजनक व्यवहार और महीनों से लंबित भूमि पेमाइश का मुद्दा भी उठाया। इस दौरान ठाकुर अजीत सिंह, नासिर घोसी, महेश बाबू गंगवार, प्रेमपाल सिंह,वीरेंद्र गंगवार,हरिशंकर यादव, ज्ञानपाल यादव,नरेश गंगवार,लक्ष्मी चौहान, बख्शीशी सिंह, आलम, शरीफ, नदीम, सोनू,आदि मौजूद रहे।

### कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर ई-रिक्शा, नकदी और मोबाइल लूटा

**सैफनी, अमृत विचार :** किराए पर तय करके लाए दो लोगों ने चालक को कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर ई-रिक्शा, रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। मुरादाबाद के बिलारी के मोहल्ला अब्दुल्ला निवासी अलाउददीन ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि बुधवार की शाम बिलारी में दो लोग उसके पास आए। सैफनी से तंदूर लाने के लिए 200 रुपये में उसका ई-रिक्शा तय करके सैफनी ले आए। दोनों लोगों ने सैफनी बस स्टैंड पर रिक्शा रुकवा लिया। शराब की दुकान से दारू लाने चले गए। इस दौरान दोनों लोगों ने ई-रिक्शा चालक से भी शराब पीने को कहा। उसके मना करने पर दोनों ने उसे जिद करके कोल्ड ड्रिंक पिला दी। कुछ ही देर में वह बेहोश होकर ई- रिक्शा में ही गिर गया। गुरुवार तड़के जब उसे होश आया तो वह नगर में भूड़ा गेट के पास था। इसी बीच जब चालक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने बिलारी पुलिस को उसकी गुमशुदगी की तहरीर दे दी। गुरुवार की शाम युवक घर पहुंचा और परिजनों को आपबीती बताई। तब परिजन युवक को साथ लेकर सैफनी थाने पहुंचे और ई-रिक्शा, नकदी और मोबाइल लूटने की तहरीर दी।

### रेलवे स्टशन पर स्टालों का टीम ने किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय रेलवे में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के नौवें दिन स्वच्छ आहार थीम के तहत मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार एवं मुख्य टिकट निरीक्षक गोविंद सिंह ने रेलवे स्टेशन पर खानपान स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने वेंडरों के मेडिकल प्रमाण पत्र, फूड लाइसेंस ,यूनिफॉर्म एवं व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने वेंडरों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं खानपान स्टॉल की सफाई के लिए जागरूक किया।

### जलापूर्ति के लिए 6 मोहल्लों में लगेंगे मिनी नलकूप

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के लोगों को भरपूर पानी देने के लिए 6 मिनी नलकूप लगेंगे। पालिका प्रशासन इसका स्टीमेट तैयार कर रहा है। पेयजल आपूर्ति के लिए शहर में 27 टंकी और 54 नलकूप हैं। इसके बाद भी कुछ क्षेत्रों में आए दिन पेयजल आपूर्ति की किल्लत रहती है। 7 सितंबर को हुई पालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों ने पेयजल आपूर्ति का मुद्दा उठाया था। इस पर पालिका प्रशासन ने प्रस्ताव किया था। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पक्का बाग, मजार शाह बगदादी साहब, अंगूरों वाली मस्जिद, घोसियान, मजहर खां बाड़ी, घेर सरबदाल खां, सतूने संग और चौकी कुंडा में 10-10 एचपी हार्स पावर के नलकूप लगेंगे। पालिका प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। स्टीमेट बनाने की प्रक्रिया चल रही है।

## एक नजर

### दो घंटे बिजली गुल होने पर उपभोक्ता रहे परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को मोहल्ला कटरा जलालुद्दीन क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने दो घंटे बिजली का संकट झेला। दोपहर 12 बजे विद्युतापूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। गुरुवार को किला बिजलीघर के फीडर कटरा जलालुद्दीन की 11केवी की जर्जर केबिल बदलने के चलते सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आपूर्ति ठप रही। इससे उपभोक्ताओं को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।

### घायल गाय को कान्हा गोशाला में नहीं मिला संरक्षण

**मसवासी, अमृत विचार :** बुधवार को धनौरी के जंगल में एक गाय लहूलुहान अवस्था में मिली थी। सूचना पर सीओ अतुल कुमार पांडेय, कोतवाल संदीप त्यागी मौके पर पहुंच गए थे। घायल गाय को नगर पंचायत द्वारा संचालित कान्हा गोशाला ले गए थे। सूचना पर डिप्टी सीवीओ भी गोशाला पहुंच गए थे। देर रात गोशाला पहुंचे अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने घायल गाय को सैदनगर भेज दिया।

## वाल्मीकि शोभायात्रा के सुनील अध्यक्ष और महेन्द्र बने महासचिव

**स्वार, अमृत विचार :** भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस 17 अक्टूबर को मनाया जाएगा। वाल्मीकि शोभायात्रा का अध्यक्ष सुनील वाल्मीकि व महासचिव महेन्द्र दीवान को बनाया गया है।

गुरुवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक नगर पालिका परिषद में हुई। भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा कमेटी का गठन करते हुए अध्यक्ष सुनील वाल्मीकि, उपाध्यक्ष सर्वेश चौधरी, महासचिव महेंद्र दीवान, सचिव प्रमोद राजहंस, कोषाध्यक्ष कपिल वाल्मीकि, उप कोषाध्यक्ष गौरव, संयोजक कैलाश एक लव्य, सह संयोजक राजेश चौधरी, संरक्षक परवेश चौधरी, प्रचार मंत्री रितिक, सलाहकार प्रमोद को बनाया है। इस दौरान राजा, ब्रिजेश, अशोक लाला, अजय, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

### लालकुआं और मुरादाबाद में जलाए जाते हैं जावेद के बनाए गए रावण के पुतले

# तीन पीढ़ियों से चल रही रावण के पुतले बनाने की परंपरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


रावण के पुतले दिखाता कारीगर।

**अमृत विचार :** जिले की एक तस्वीर गंगा-जमुनी तहजीब का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। एक मुस्लिम परिवार दशहरे के मौके पर अपने हाथ से बनाए हुए रावण के पुतले बनाने काम करता है। केले वाला तालाब निवासी जावेद खान बताते हैं कि उनके दादा, परदादा से रावण के पुतले बनाने का काम चला आ रहा है। उनके बनाए हुए रावण लालकुआं और मुरादाबाद में जाते हैं। पुतले की कीमत 12 से 20 हजार रुपये तक होती है।

रामपुर रियासत में नवाब की अपनी ट्रेन थी। इतना ही नहीं नवाबों के दौर की चीजें आज भी मौजूद हैं। इन्हें देखने के लिए लोग विदेशों से आते हैं। रामपुर को गंगा-जमुनी तहजीब का शहर माना जाता है। पिछले कई दिन से सभी जिलों में रामलीला का मंचन चल रहा है। 12 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। इसमें बुराई को खत्म करने के लिए भगवान श्रीराम रावण को युद्ध में हराकर उसके पुतले को आग के हवाले कर देते हैं।

गंज थाना क्षेत्र के केले वाला तालाब निवासी जावेद खान रावण के इन पुतलों को तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि रावण को बनाने का काम उनके दादा गुफरान खान के समय से चला आ रहा है। उनके पिता इमरान खान भी रावण के पुतले बनाते थे। करीब 17 वर्ष से वह भी अपने भाई शानू के साथ मिलकर रावण के पुतले बना रहे हैं। उनके बनाए हुए रावण मोहल्ला पंजाबीयान, मुरादाबाद और लालकुंआ में हर वर्ष जाते हैं। यह काम करके उन्हें काफी खुशी मिलती है।

### 25 से 30 फिट होती है रावण के पुतले की लंबाई

जावेद खान बताते हैं कि रावण के पुतले की लंबाई 25 से 30 फिट रखी जाती है। ताकि वह दूर से दिखाई दे सके। इसकी कीमत 12 से 20 हजार तक होती है। जावेद के दो बच्चे हैं जो पढ़ाई कर रहे हैं। वह बच्चों को अच्छी तालीम दिलाएंगे। उनके चाचा, भतीजे और अन्य रिश्तेदार भी इसी काम को करते चले आ रहे हैं।

### रावण बनाने में इस सामग्री का होता है प्रयोग

जावेद बताते हैं कि रावण के पुतले बनाने के लिए बांस, रंग-बिरंगे कागज, पटाखे, रस्सी और लकड़ी की स्केल का प्रयोग काफी मात्रा में किया जाता है। वह हर सीजन में 7-8 पुतले बनाते हैं। दशहरे के आयोजन में पुतलों का विशेष महत्व होता है। रावण का पुतला लगने के बाद ही लोगों का दहन स्थल पर पहुंचना शुरू हो जाता है।

# महागौरी की पूजा कर घरों में जिमाई कन्याएं

### शारदीय नवरात्र के आठवें दिन श्रद्धालुओं ने धन-संपदा और सौभाग्य का मांगा आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को श्रद्धालुओं ने नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा-अर्चना की। इसके बाद कन्याओं को जिमाया गया। भोजन कराने के बाद दक्षिणा के रूप में प्रसाद भी दिया गया। श्रद्धालुओं ने धन-संपदा और सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। दोपहर बाद मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई।

गुरुवार को भक्तों ने नवरात्र के आठवें दिन महागौरी का पूजन किया। भक्तों ने पूजन के साथ ही हवन कराया। इसके बाद माता को पुष्प, फल और मेवे अर्पित कर पूजा की। मां दुर्गा, मां काली की आरती के साथ दुर्गा चालीसा और नवरात्र व्रत कथा का पाठ किया।

इसके बाद हवन सामग्री, लौंग, कपूर, मिश्री, मेवे आदि के साथ पूजन किया। मंदिरों में जाकर माता को श्रृंगार की सामग्री व नारियल अर्पित किया। घी-लौंग अर्पित कर कपूर से आरती की। इसके बाद भक्तों ने नौ कन्याओं को भोजन कराकर व्रत खोले। कई स्थानों पर कन्याओं के साथ छोटे लड़कों को भी भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने देवी स्वरूप कन्याओं का तिलक कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद पैसे और उपहार देकर उन्हें विदा किया। इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों के देव स्थानों पर भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही।


स्कूल में नौ देवी के स्वरूप में सजीं छात्राएं ।


मंदिर में चल रही आरती में शामिल महिलाएं।

### छात्राओं ने माता के नौ रूपों को दर्शाया

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में नवरात्र के अवसर पर माता के नौ रूपों को दर्शाया गया। इस अवसर पर नौ छात्राएं लाल रंग के परिधानों में ऐसी प्रतीत हो रही थीं मानो नौ देवियां प्रकट हो गई हों। इस उपलक्ष्य में कक्षा 5 के बच्चों ने बहुत ही सुंदर बोर्ड डेकोरेशन किया। फूलों व पत्तों से सुंदर रंगोली बनाई। रंगोली की खास बात यह थी कि इसमें माता के रूप को भी दर्शाया गया था। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने छात्रों को नवरात्र के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इस अवसर पर विक्रम कुमार, नेहा गुप्ता, ज्योति आदि उपस्थित रहे।

### व्रत रख कर महागौरी को समर्पित की चुनरी-बिंदी

पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को आठवीं देवी महागौरी को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ, अनुष्ठान व जाप किया गया। देवी शक्ति स्वरूपा कन्याओं की पूजा करते हुए अष्टमी का व्रत रख कर महागौरी को समर्पित किया गया। कई प्रकार के भोग जैसे फल, मिष्ठान, पान, सुपारी, लौंग, इलायची, सौंफ लगाए। भक्तों ने परिवार की सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। वैदिक मंत्रों से आहुतियां देकर मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए देवी महागौरी को चुनरी, बिन्दी आदि अर्पित करते हुए विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

## प्रधान पति पर जानलेवा हमला, फायर हुआ मिस

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में चौपाल पर बैठे प्रधान के पति पर जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोपियों ने तमंचा सटाकर गोली मारने की कोशिश की लेकिन फायर मिस हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

मामला थाना क्षेत्र के खिमोतिया बख्ती में देर रात हुआ। गांव निवासी प्रधान के पति प्रेमपाल रात करीब 9 बजे समर्थकों के साथ अपनी चौपाल पर बैठे थे। तभी पारस सिंह अपने साथी बुद्ध सेन के साथ तमंचा लेकर आ गया। आरोपी ने प्रेमपाल को पकड़ लिया और तमंचा सटाकर गोली मारने की कोशिश की, लेकिन फायर नहीं हुआ। किसी तरह प्रेमपाल ने आरोपियों से छूटकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह एवं हलका इंचार्ज उप निरीक्षक संतोष कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने पूरी रात जगह-जगह दबिश दी लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा। प्रधान के पति की तहरीर पर पुलिस ने पारस सिंह और बुद्ध सेन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का किया स्वागत


राज्य महिला आयोग की सदस्य का स्वागत करतीं नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार।

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा मिलक पहुंचे। नगर पालिका मिलक की अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने अध्यक्ष और राज्य महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अतिरिक्त ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर नरेंद्र गंगवार, ओबीसी के जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य, भाजपा नेता देवेंद्र सिंह ने भी उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद सभासदों ने भी फूल मालाएं पहनाकर राजेश वर्मा और सुनीता सैनी का स्वागत किया।


बीमारियों से खुद को बचाने के बारे में बताते डॉ . रूपेश सक्सेना।

### बीमारियों से खुद को सुरक्षित रखने की दी जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** डॉ . रूपेश सक्सेना ने स्वास्थ्य की गंभीरता तथा अनेक बीमारियों से खुद को सुरक्षित रखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना द्वारा उजाला सिग्नस ब्राइट स्टार हॉस्पिटल के साथ मिलकर स्वास्थ्य चर्चा पर गांधी समाधि के पास स्थित चंपा कुंवरि धर्मशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद लोधी ने कहा कि गरीबों के लिए कैंसर और डायलिसिस जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज मुख्यमंत्री राहत कोष के द्वारा हो, इसके लिए मुफ्त कार्ड बनाए गए हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि शिव नरेश तोमर, सुनील कुमार गोयल, गुरमन जीत सिंह हैप्पी, गेंदन लाल सैनी, वीरेंद्र सिंह, विपिन कुमार सिंह, नीलम सक्सेना, रेखा मीना सैनी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष अनिल राज ने कर्मचारियों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा है। इसमें उनका कहना है कि 1 सितंबर को श्रम मंत्रालय भारत सरकार ने दैनिक मजदूरी 783 रुपये प्रतिदिन देने की घोषणा की है। यूनियन मांग करती है कि केंद्र सरकार की दैनिक मजदूरी की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी नगरीय निकायों में आउटसोर्सिंग ठेका सफाई कर्मचारियों को भी दैनिक मजदूरी 783 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दिलाई जाए। ज्ञापन देने वालों में धर्म कुमार वाल्मीकि, नवीन कुमार, रंजीत कठेरिया आदि मौजूद रहे।


चमरौआ ब्लॉक में प्रमाण पत्रों के साथ मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

### बिना कर्तव्य के नहीं हो सकता परिवार का संचालन : कुलदीप

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप सिंह ने महिलाओं के संवैधानिक, विधिक एवं सम्पत्ति से संबंधित अधिकारों के बारे में जानकारी दी। कहा कि बिना कर्तव्य के परिवार का संचालन नहीं हो सकता। समस्याओं के समाधान के लिए महिलाओं को जागरूक होने के संबंध में बताया। गुरुवार को चमरौआ विकासखंड कार्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से प्रस्तावित विधान से समाधान महिलाओं के हित संरक्षण कानूनों के विषय पर शिविर का आयोजन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताने के लिए अधिकारियों को बुलाया था। बताया गया कि आंगनबाड़ी, आशा बहू, अन्य समूह सखी, ग्राम-तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर काम करती हैं। इसके कारण ग्राम स्तर पर महिलाओं तक उनकी पहुंच होती है। वह महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताएंगी।



कार्यक्रम में बोलते मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी।

### जिले में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने लोगों को मानसिक रूप से सजग रहने की अपील की। बिना किसी झिझक मनोचिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह भी दी। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ . एसपी सिंह ने बताया कि इस वर्ष की थीम कार्य क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। कार्यक्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति को तनाव मुक्त होकर कार्य करना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति खुली मानसिकता रखें। मानसिक बीमारियों की चेतावनी, संकेतों और लक्षणों के बारे में खुद समझें। निशुल्क मानसिक स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाएं। अपना और अपने परिवार के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए उचित स्वस्थ जीवनशैली सीखें और उसे लागू करें। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ .संतोष ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जनपद में चलाए जा रहे जनजागरूकता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ .आरके वर्मा सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।


मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव व अन्य।

### पुष्प अर्पित कर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह को किया नमन

**रामपुर, अमृत विचार :** आंबेडकर पार्क में युवाओं ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी नीतियों, सिद्धांतों व विचारों पर चलने का आह्वान किया। राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने कहा कि मुलायम सिंह ने डॉ . लोहिया की नीतियों, सिद्धांतों और विचारों पर चलकर उनके सपनों को धरातल पर साकार किया। समतामूलक समाज स्थापित कर देश और समाज को नई दिशा देने का काम किया। वह अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, दलितों गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने मुख्यमंत्री और रक्षामंत्री रहते हुए समाज के सभी वर्गों के उत्थान व विकास के लिए कार्य किया। कहा कि मुलायम सिंह यादव की ही देन है जो आज पिछड़े व दलित समाज के लोग संवैधानिक पदों पर आसीन हैं। उन्होंने रामपुर के विकास में अहम योगदान दिया। इस दौरान श्याम यादव, सोनू, ईश्वर, मुकेश, विशाल, सुमित, विष्णु, सौरभ, आदित्य, अर्णव, अमित, रोहित आदि मौजूद रहे।

## मालगोदाम से फोटो चुंगी तक हटवाया अतिक्रमण

**रामपुर, अमृत विचार:** नगर पालिका की टीम ने मालगोदाम से फोटो चुंगी तक 20 स्थानों से अतिक्रमण हटवाया। दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण मिलने पर जुर्माने की नसीहत दी। इस कार्रवाई से दुकानदारों में खलबली मची रही।

गुरुवार की शाम 7 बजे पालिका की टीम सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा, ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी के नेतृत्व में सड़कों पर उतर आई। टीम ने आंबेडकर पार्क से चंद कदमों की दूरी पर बने कार बाजार पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इसके बाद राधा रोड स्थित दुकानों के बाहर रखे सामान को अंदर कराया।

इस दौरान मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक डॉ.अविनाश कुमार, द्वारिका प्रसाद, राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार, ईओ केस्टेनो अजीम खां आदि मौजूद रहे।

# राक्षस दल पर भारी पड़ा वानर दल, घबराए रावण ने युद्ध में मेघनाद को भेजा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** कोसी मार्ग पर चल रही रामलीला में रामेश्वरम स्थापना, अंगद -रावण संवाद, मेघनाद-लक्ष्मण युद्ध का मंचन किया गया। दर्शक आधी रात तक रामलीला का आनंद लेते रहे।

मंचन का शुभारंभ अतिथियों पवन कुमार जैन, दीपक गोयल, धीरेन्द्र कुमार अग्रवाल और मुकुल अग्रवाल ने किया। कमेटी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। गुरुवार रात रामलीला में दिखाया गया कि रावण के दरबार से अंगद वापस आते हैं। कोई हल नहीं निकलता। लंका से लौटकर हनुमान जी प्रभु श्री राम को सारा वृतांत बताते हैं। रामचंद्र जी वानर दल को लंका पर चढ़ाई करने का आदेश देते हैं। राक्षस दल और राम दल में लड़ाई छिड़ जाती है। मेघनाद के डर से वानर दल में भगदड़ मच जाती है। तब लक्ष्मण जी युद्ध करने जाते हैं। मेघनाद और लक्ष्मण के बीच युद्ध होता है।


रामलीला मंचन में मंच पर संवाद करता रावण।

- आधी रात तक रामलीला मंचन का आनंद लेते रहे दर्शक

मेघनाद शक्ति बाण प्रयोग करता है, जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, नितिन कुमार सर्राफ, श्रीराम अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा ज्वालानगर में कुंभकरण व मेघनाथ वध का मंचन किया गया। सिविल लाइन में चल रही रामलीला में राम विलाप व जटायू मोक्ष का मंचन किया गया।

### उछलकूद करते हुए हनुमान ने फूंक दी रावण की सोने की लंका, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**स्वार, अमृत विचार :** श्री रामलीला मंचन में सीता की खोज में हनुमान समुद्र को पार कर लंका पहुंच गए। माता सीता को प्रभु श्री राम की दी हुई मुद्रिका दिखाकर उन्होंने अशोक वाटिका के फल खाने की इच्छा जताई। सीता माता की आज्ञा मिलते ही हनुमान ने पूरी वाटिका को उजाड़ दिया। इसका पता चलने पर रावण ने हनुमान को बंदी बनाकर अपने दरबार में बुलाया। इसके बाद उनकी पूंछ में आग लगवा दी। इसके बाद उछलकूद करते हुए हनुमान ने पूरी लंका में आग लगा दी। देखते ही देखते रावण की सोने की लंका धू-धूकर जल गई। लंका दहन का मंचन देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रविवार की साप्ताहिक बाजार स्थित रामलीला मैदान में बुधवार की रात हनुमान द्वारा सीता की खोज, सीता-रावण संवाद के साथ हनुमान का सीता माता के पास अशोक वाटिका पहुंच कर प्रभु श्री राम की दी हुई मुद्रिका दिखाने का मंचन किया गया। उन्होंने माता सीता से अशोक वाटिका में लगे फल खाने की इच्छा जताई। सीता माता की आज्ञा पाते ही हनुमान जी ने वाटिका को तहस-नहस कर दिया। इस पर मेघनाद हनुमान को पकड़कर रावण के दरबार में ले जाते हैं। रावण हनुमान की पूंछ में आग लगाने को कहता है। पूंछ में आग लगते ही हनुमान जी ने पूरी लंका में आग लगा दी। दर्शकों के जय श्रीराम के उदघोषों से रामलीला मैदान गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कपिल वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, दीप सिंह राही, सर्वेश वाल्मीकि, शिव औतार मन्नू, विजय शर्मा, प्रदीप राजहंस, मोहनलाल सैनी, सुनील वाल्मीकि, गौरव कुमार, महेंद्र दीवान, रमेश सैनी, राकेश लोधी आदि मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता** 400 मीटर दौड़ में शीतल प्रथम, दूसरे स्थान पर रहीं असरीन, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विकास में प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : विधायक

# बालक में मिलक और बालिका वर्ग में शाहबाद रहे ओवर आल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। 2017 के बाद जनपद के बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में अभूतपूर्व कायाकल्प हुआ है। बालक वर्ग की ओवर ऑल चैंपियनशिप का मिलक जोन तथा बालिका वर्ग में ओवर ऑल चैंपियनशिप का ताज शाहबाद जोन के सिर सजा। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

महात्मा गांधी स्टेडियम में 73वें जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि विधायक आकाश सक्सेना ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने दो दिवसीय जनपदीय क्रीड़ा समारोह में हुए खेलों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके बाद कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की छात्राओं ने मुख्य अतिथि का बैंड बाजे से स्वागत किया। यूपीएस घाटमपुर, विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज एवं राम प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। संयोजक जनपदीय क्रीड़ा प्रभारी अरविंद कुमार भास्कर बालक वर्ग, बालिका वर्ग में लक्ष्मी यादव तथा सह संयोजक बलराम सिंह बालक वर्ग और सह संयोजिका बालिका वर्ग डॉक्टर शालू कौशल मौजूद रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ.अनूप कुमार सिंह, जिलेश कुमार, मनोज कुमार, तुषार शर्मा, सलीम यूसुफ जैदी, प्रतेष श्रीवास्तव, प्रकाश किस्टवाल, हरपाल सिंह, प्रभु दयाल, अमरपाल सिंह यादव, राजकुमार सोनकर, वीरपाल सिंह, समी उर रहमान सूरी, अमर सिंह राणा, रमेश गंगवार, संजीव रूहेला, ममता देवी, प्रीति गंगवार, वर्षा रानी, ज्योति देवी, नीरू आनन्द, अनीसा लतीफ शामिल रहे। इस अवसर पर सुभाष चंद, डॉ.अरविंद कुमार गौतम, हरीश डूडेजा, फैजान सईद, नफीस अहमद, विनीता आर्य, इदरीस अहमद, प्रमोद कुमार ,डॉ. रूपा अग्रवाल, दीपक सिंह, नीलम सिंह, निले सक्सेना, जमील अहमद, जुगल किशोर, वंदना शर्मा, मोहन स्वरूप गंगवार, वेदपाल सिंह, जावेद खां आदि मौजूद रहे।


शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर भिड़तीं टीमें। ● अमृत विचार

### प्रतियोगित में परतापुर कबड्डी क्लब ने स्टेडियम की टीम को 28-18 से हराया

**रामपुर, अमृत विचार :** शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में कबड्डी का फाइनल मैच परतापुर कबड्डी क्लब और बमनपुरी स्टेडियम कबड्डी टीम के बीच खेला गया। मैच में परतापुर कबड्डी क्लब ने स्टेडियम की टीम को 28-18 से हराकर जीत दर्ज कर ली। जिला खेल कार्यालय और भंवरका कबड्डी क्लब की ओर से मशहूर कबड्डी खिलाड़ी व समाज सेवी स्वदेश यादव की स्मृति में गुरुवार को शहीद ए आजम बमनपुरी स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पहले प्रतिभागी खिलाड़ी और अतिथियों ने स्वदेश यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ . नंद किशोर कलाल ने विजयी टीम को स्पोर्ट्स किट देकर सम्मानित किया। युवा स्वदेश यादव कबड्डी खिलाड़ी की इसी वर्ष मृत्यु हो गई थी। उनकी स्मृति में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच परतापुर कबड्डी क्लब और बमनपुरी स्टेडियम कबड्डी टीम के बीच खेला गया। मैच में परतापुर कबड्डी क्लब ने स्टेडियम की टीम को 28-18 से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता के संयोजक राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने बताया कि प्रथम 3 स्थानों पर आई टीमों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में राकेश विश्वकर्मा, सुमित कुमार, कशिश चौहान, मुस्कान सागर रहे। इस अवसर पर मोहम्मद फहीम, फरहत अली, गुरदीप, जिशान अली, विशाल यादव और जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने निपटवाया वृद्धा का विवाद

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के मुहल्ला डेरा सराय निवासी महबूब की पत्नी अख्तरी ने गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि पुत्रवधू व पोता आए दिन परेशान करते हुए झगड़ा करते हैं। इसी के साथ खाने पीने के लिए रोटी भी नहीं देते। तहरीर मिलने पर मिशन शक्ति की टीम मुहल्ला डेरा सराय पहुंची और बुजुर्ग महिला अख्तरी के पोते व पुत्रवधू को समझाकर हिदायत दी। जिसके बाद पुत्रवधू व पोते ने अख्तरी से माफी मांगी।

### चेकिंग अभियान में 14 वाहनों का कटा चालान

**संभल, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता ने प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों और अनाधिकृत संचालन के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने में 5, टैक्स जमा नहीं करने पर 3, ध्वनि प्रदूषण फैलाने में 1, बीमा प्रमाण नहीं होने पर 1, सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने पर 2, निजी वाहन का व्यावसायिक वाहन के रूप में प्रयोग करने पर 2 वाहनों का चालान किया। वाहन चालकों एवं परिचालकों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

### पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने लिया हिस्सा

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** विकास खंड असमोली क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज शहबाजपुर कला में मिशन शक्ति के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सहायक अध्यापिका डॉ. प्रेमलता ने सहयोग किया। प्रधानाचार्य वेद प्रकाश यादव ने नारी शक्ति के बारे में जानकारी दी। कहा कि अपने माता-पिता और अन्य बड़ों का सम्मान करना चाहिए।

### बुखार से छात्र की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**बिल्सी( बदायूं ), अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव फतेह नगला में बुधवार की रात एक छात्र की बुखार से मौत हो गई। उधर, गांव में कई अन्य लोग भी बुखार से पीड़ित हैं। मगर, अभी तक स्वास्थ्य विभाग ने कोई सुध नहीं ली है। गांव निवासी रामजीत सिंह का 15 वर्षीय इकलौता पुत्र अमन कुमार गांव के निकट नगला डल्लू के एक इंटर कॉलेज में कक्षा नौ का छात्र था। परिजनों के मुताबिक अमन को चार-पांच दिन पहले बुखार आया था। परिजनों ने पहले उसे नगर के किसी निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराया।

# बाइक सवार दोस्तों को टेंपो ने मारी टक्कर, एक की मौत

## घूमने गए थे तीनों, खाटू श्याम मंदिर के निकट हादसा

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** सड़क किनारे खड़े 3 बाइक सवार दोस्तों को टेंपो ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दो युवकों को जहां सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीसरे युवक की मुरादाबाद उपचार को ले जाते समय मौत हो गई।

बहजोई के मोहल्ला बाग निवासी दानिश अपने साथी मोहल्ला गोलागंज निवासी शुभंकर तथा गांव बहजोई देहात निवासी विशाल के साथ बाइक पर सवार होकर घूमने गया था। तीनों दोस्त संभल बहजोई मार्ग स्थित बाईपास खाटू श्याम मंदिर के निकट खड़े हुए थे। संभल की ओर से एक टेंपो तेज गति से आ रहा था उसने खड़ी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। शुभंकर व विशाल को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जबकि सूचना पर पहुंचे दानिश के परिजनों ने उसे बहजोई के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद निजी चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया। परिजन घायल युवक को मुरादाबाद उपचार के लिए ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में दानिश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी करते हुए युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बुलंदशहर के हॉस्टल में लटका मिला छात्र का शव

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** बुलंदशहर में रहकर स्कूल में पढ़ाई कर रहे संभल जनपद निवासी कक्षा 11 के छात्र का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे पर लटका मिला। पंचनामा भरकर पुलिस ने छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराया और मौके पर पहुंचे परिजनों को सौंप दिया। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव रिवाड़ा निवासी कासिम अली का बेटा अजीम 17 वर्ष अनूपशहर में स्थित जेपी स्कूल में कक्षा 11 का छात्र था। अजीम स्कूल के हॉस्टल में बने कमरे में अपने साथी दूसरे छात्र के साथ रहता था। एक सप्ताह पहले ही कासिम अली बेटे अजीम को स्कूल छोड़कर आए थे। बुधवार की दोपहर बाद अजीम को कमरे में छोड़कर दूसरा छात्र घूमने के लिए बाहर चला गया। थोड़ी देर बाद पहुंचकर दूसरे छात्र ने देखा तो कमरा बंद था। दूसरे छात्र ने खिड़की से देखा तो अजीम फंदे पर झूल रहा था। शोर को सुनकर शिक्षक व अन्य छात्र भी मौके पर आ गए और दरवाजा तोड़कर फंदा खोलकर अजीम को निजी अस्पताल लेकर आ गए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



संभल में भ्रमण करते कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराज जी, डीएम व एसपी।

# कमिश्नर व डीआईजी ने पैदल मार्च कर देखे सुरक्षा प्रबंध

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** आगामी दशहरा, दीपावली और अन्य त्योहारों को शांतिपूर्वक एवं सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन चौकन्ना है।

गुरुवार को शाम संभल में कमिश्नर मुरादाबाद और डीआईजी ने पैदल मार्च कर सुरक्षा प्रबंध का जायजा लेते हुए अधीनस्थों को निर्देश दिए। व्यापारियों ने अधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया। चौधरी सराय से गुरुवार को शाम डीआईजी मुनिराज जी ने अधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। पैदल मार्च मनोकामना मार्ग, श्री कल्कि मंदिर, सरथल चौकी, शंकर इंटर कॉलेज चौराहा, बाल विद्या मंदिर स्कूल, आर्य समाज तक हुआ तो कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह भी पहुंच गए।

यहां से आला अधिकारी गंज होते हुए सर्राफा बाजार के बाद कोतवाली तक गए। सर्राफा बाजार में नरेंद्र सर्राफ, रूपेश व गुल्लू वर्मा आदि ने आला अधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया तो महमूद खां सराय में भी स्वागत हुआ। इस दौरान डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसडीएम विनय कुमार मिश्र आदि अधिकारी रहे।

# सड़क निर्माण नहीं कराने पर ठेकेदार को 3 वर्ष के लिए काली सूची में डाला

कार्यालय संवाददाता, संभल

- जनवरी में दिया था कार्यादेश लेकिन नहीं शुरू कराया काम जारी हुए नोटिस
- ठेकेदार ने बताया स्थल पर विवाद, दशहरा मेला भी लगेगा उसका यह लिंक मार्ग है

**अमृत विचार :** नगर पालिका क्षेत्र में सड़क निर्माण नहीं कराने और कार्यादेश एवं अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने के मामले में ईओ ने ठेकेदार को 3 वर्ष के लिए काली सूची में डाल दिया है।

नगर के वार्ड एक मुहल्ला शाहजीपुरा में वीर सिंह के मकान से हाजी नन्हें के मकान तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार तेजराम को 12 जनवरी को कार्यादेश दिया गया था लेकिन काम शुरू नहीं कराया।

दो बार नोटिस भी दिया गया तो ठेकेदार ने बताया कि स्थल पर विवाद है। दशहरा मेला भी लगेगा जिसका यह लिंक मार्ग है। सवाल उठा कि जब कार्यादेश दिया गया तो विवाद की बात क्यों नहीं बताई गई। यह अनुबंध की शर्तों के विपरीत है।

स्थल दशहरा मेला का लिंक मार्ग है तो समय रहते कार्य पूर्ण क्यों नहीं कराया।

अवर अभियंता सिविल की आख्या पर पालिकाध्यक्ष के आदेश पर कई बार निर्देश और नोटिस देने के बाद भी कार्य शुरू नहीं कराने, अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन आदि को लेकर ईओ डॉ.मणिभूषण तिवारी ने कार्रवाई की है। ईओ ने ठेकेदार तेजराम को नगर पालिका से 3 वर्ष के लिए ब्लैक लिस्ट किया है।

# सच्चे अर्थों में देश के रतन थे टाटा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** देश की बड़े उद्योगपतियों में शुमार रतन टाटा के निधन पर श्रद्धांजलि सभाएं हुईं। समाधान समूह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्टेशन रोड स्थित भगत सिंह स्मारक पर हुआ। जिसमें संयोजक अश्वनी सक्सेना ने कहा कि देश को टाटा जैसे उद्योगपतियों की आवश्यकता है, तभी देश विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। अंत में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता, सुधीर मल्होत्रा, विभोर बंसल, सतीश अरोरा, अजय अग्रवाल, हरीश, संजय अग्रवाल, अनुराग भार्गव, आदि मौजूद रहे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की ओर से भगत सिंह स्मारक पर उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा हुई। जिला सहसंयोजक शशांक वार्ष्णेय ने कहा कि भारत के प्रख्यात उद्योगगति, पद्म विभूषण रतन टाटा का निधन अत्यंत दुखद है। वह सच्चे अर्थों में देश के रतन थे। कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर संयोजक प्रियांक अग्रवाल, दिनेश पाल, श्याम ठाकुर आदि रहे।





शहीद भगत सिंह प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते लोग।

### रतन टाटा को भारत रत्न देने की मांग

**संभल, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुमित कुमार रस्तोगी आदि ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। जिसमें रतन टाटा के नाम पर संभल में आईआईटी कॉलेज खुलवाने की मांग की ताकि युवा पीढ़ी उन्हें याद रख सके। इसके अलावा रतन टाटा को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। इस दौरान रविशंकर भारती, दीपक वर्मा, महंत भगवानदास शर्मा भी रहे।

## मुलायम के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया

**संभल, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सपाइयों ने उन्हें याद किया। विचार गोष्ठी कर उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। अस्पताल में मरीजों को फल बांटे गए।

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां ने कार्यकर्ताओं के साथ पक्का बाग स्थित निजी कार्यालय पर मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान रामरहीस यादव, शाहनवाज खां, गुलाम मुस्तफा, फिरोज खां, अकरम अंसारी, अमरपाल यादव, राजेश यादव, जबर सिंह यादव, वीरेश यादव, जरीफ उस्मानी, राहुल यादव, आरिफ खां, अब्बास खां, वसीम, इमरान, मोनिस, सालिम आदि रहे। अस्पताल में मरीजों को फल बांटे : सपा जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने निजी अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए।

# मुलायम ने दिलाई पिछड़ों व दलितों को राजनीतिक भागीदारी

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

मनोहर वाटिका में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राज्यसभा सांसद जावेद अली ने कहा कि नेताजी ने अपने प्रथम मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में ही किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों और दलितों के हित के फैसले लेकर राजनीति में भागीदारी से वंचित लोगों को आगे बढ़ाया। उन्होंने संविधान की मजबूती के लिए संघर्ष किया। अब अखिलेश यादव संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव ने कहा कि गुन्नौर क्षेत्र का विकास मुलायम सिंह यादव की देन है। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि नेताजी की वजह से हमारी पहचान है। श्रद्धांजलि के रूप में हमें पार्टी को आगे बढ़ाना है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष असगर अली, महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, विभोर अग्रवाल, अखिलेश यादव, उमेश यादव, ताहिर उल्ला खान, पप्पू यादव, मुजफ्फर अली कक्के, उमेश यादव, केपी यादव, धर्मेन्द्र यादव, शिवम यादव आदि रहे।



बबराला में मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते सांसद जावेद अली व अन्य सपा नेता।



चन्दौसी में मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते महासभा के लोग।

### महासभा ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जिसमें वक्ताओं ने उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश ड़ाला। गुरुवार को यदुवंशी फार्महाउस में आयोजित कार्यक्रम में मुलायम सिंह यादव के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी ने रक्षामंत्री रहते हुए शहीद सैनिक के परिवार को अंतिम संस्कार के लिए सौंपने का कानून बनाया। उनके कार्यकाल में एक भी हमला भारतीय सीमा पर नहीं हुआ। उन्होंने पंचायती चुनाव में पिछड़े वर्ग और महिलाओं को आरक्षण देने की शुरुआत की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष शिवम यादव, जयपाल सिंह, जीपी सिंह यादव, ह्देश यादव, श्रीनिवास यादव, किशन लाल, वीरभान यादव, मेद्यराज यादव, वलवीर सिंह यदुवंशी, चरन सिंह यादव, विपिन यादव, संगीता यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेशपाल सिंह यादव ने व संचालन ज्ञानेन्द्र सिंह यादव ने किया।

**परेशानी** प्रशासन की तमाम हिदायतों के बावजूद नहीं थम रहा पराली जलाने का सिलसिला

# पराली जलाने से हो रहा प्रदूषण, छाने लगी धुंध

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने तमाम हिदायतों के बावजूद जिले में खेतों में पराली जलाने का काम हो रहा है। जिससे न सिर्फ आसमान में धुंध छा रही है बल्कि प्रदूषण भी फैल रहा है। धुंध के बीच लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। फिर भी किसानों में जागरूकता का माहौल नहीं बन रहा है।

वर्तमान में किसान खेतों को आलू और गेहूं की बुआई के लिए खाली कर रहे हैं। जिन खेतों में धान की फसल को हाथ से काटने का काम रहा है वहां तो कोई परेशानी नहीं है लेकिन जहां खेतों में धान फसल को हार्वेस्टर मशीन से काटा जा रहा है, वहां धान की पराली के अवशेष बच रहे हैं। देर सवेर किसान खेत खाली करने के लिए पराली के उन अवशेष को जला रहे हैं। यह कार्य अमूमन शाम के वक्त करीब पांच बजे से शुरू हो रहा है। रातभर आसमान में धुंध छाई रहती है और इसका असर सुबह के वक्त भी दिखाई दे रहा है। आलम यह है कि आसमान में पराली जलने से धुंध छाने के साथ ही प्रदूषण फैल रहा है और लोगों को सांस लेने में परेशानी महसूस हो रही है। सड़क के किनारे वाले खेतों में जो पराली जलाई जा रही है, उसकी धुंध शहरी क्षेत्र तक आ रही है। ऐसे में लोग परेशान हैं। जिलाधिकारी और कृषि विभाग की ओर से किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील की जा रही है, फिर भी किसान जागरूक नहीं हो रहे हैं।



संभल में खेत में जलती पराली से उठता धुंआ। ● अमृत विचार

- मशीन से फसल कटवाने के बाद किसान खेतों में जला रहे पराली के अवशेष

### पराली न जलायें किसान:डीएम

**संभल।** जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने किसानों से अपील की है कि वह अपने खेतों में पराली न जलायें। जिलाधिकारी ने किसानों के नाम वीडियो संदेश जारी कर कहा है कि पराली जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है। पराली को खेत में ही गलाकर उसका खाद बनाया जा सकता है। ऐसा करने से अगली फसल भी अच्छी होगी।

# पति ने हाथ-पैर बांधकर पत्नी से बनाए अप्राकृतिक संबंध

संवाददाता, गुन्नौर

- दहेज के लिए किया प्रताड़ित, पति व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- दो बच्चों के साथ घर से निकाल देने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** दहेज की मांग को लेकर पति ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। पत्नी के हाथ-पैर बांध कर अप्राकृतिक संबंध बनाए और विरोध करने पर दो बच्चों के साथ घर से निकाल दिया।

पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव महमूदपुर निवासी दिनेश की पुत्री लता कुमारी उर्फ लक्ष्मी की शादी 17 फरवरी 2018 को बदायूं जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव वरीपुरा निवासी दुर्वेश के साथ हुई थी। लता के पिता ने हैसियत के हिसाब से दहेज दिया लेकिन पति दुर्वेश और सास मिथलेश उर्फ नन्हीं आदि उसे मायके से दहेज में दो लाख और बुलेट मोटरसाइकिल लाने की मांग करते हुए तरह तरह से प्रताड़ित करने लगे। इसी दौरान लता ने दो पुत्रों प्रयाग व केशव को जन्म दिया।

आरोप है कि पति पत्नी से अप्राकृतिक संबंध बनाता था तथा विरोध करने पर उससे मारपीट करता था। पांच सितंबर को दुर्वेश दूसरी महिला को अपने घर ले आया। लता ने विरोध किया तो मारपीट कर दोनों पुत्रों के साथ लता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई तो कोतवाली में पति दुर्वेश व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। विवेचक उपनिरीक्षक रेनू राठी ने बताया कि जांच की जा रही है।

## सार संक्षेप

### दो घरों में लगाया नकब, ट्रैक्टर से बैटरी चोरी

**संभल/मनोटा , अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में चोरों ने दो ग्रामीणों के मकान की दीवार में नकब लगा लिया। दोनों जगह नकब वाली जगह संदूक आने पर चोर घरों में चोरी नहीं कर सके। जिसके बाद चोर घर के बराबर में खड़े किसान के ट्रैक्टर की बैटरी खोलकर अपने साथ ले गए। थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा निवासी रतिराम व बृजपाल का मकान बराबर में गांव के बाहरी छोर पर स्थित हैं। बुधवार की देर रात चोरों ने रतिराम व बृजपाल के मकान की दीवार में नकब लगा लिया, लेकिन दोनों जगह ही कमरे में नकब वाले स्थान के सामने दीवार के पास रखे संदूक आ गए। जिससे चोर कमरे में घुसकर चोरी नहीं कर सके। जिसके बाद चोर जाते समय बबलू के घर के पास पहुंचे। देखा तो घर के पास बबलू का ट्रैक्टर खड़ा था। चोर ट्रैक्टर की बैटरी खोलकर ले गए। ट्रैक्टर से बैटरी गायब देखकर बबलू को चोरी होने का पता चला।

### मायके वालों पर मारपीट व धमकी देने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में शादी के दो साल बाद भी संतान नहीं हुई तो पति ने दूसरी शादी की तैयारी कर ली। मंगेतर का नाम पति के बाजू पर गुदा देखकर पत्नी ने विरोध किया तो पति ने परिजनों के साथ मिलकर पत्नी के साथ मारपीट की। मायके वाले पहुंचे तो कमरे में बंद कर उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने महिला के मायके वालों को बंधनमुक्त कराया। अमरोहा जिले में थाना डिडौली क्षेत्र के गांव कमालपुर जैद निवासी शाने आलम ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि बहन शायरुन की शादी दो वर्ष पहले असमोली थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर साकीपुर निवासी नदीम के साथ हुई थी। संतान नहीं होने की वजह से नदीम दूसरी शादी करनी चाहता है। गुरुवार को शायरुन ने नदीम के बाजू पर किसी युवती का नाम गुदा देखा। पूछने पर नदीम ने इस युवती के साथ शादी करने की बात शायरुन को बताई। जिसकी शिकायत महिला ने सास व ससुर से की। आरोप है कि इसी बात को लेकर नदीम ने परिजनों के साथ मिलकर शायरुन के साथ मारपीट की। सूचना मिलने पर मायके से शायरुन की मां भूरी व भाई नामे मोहम्मद मौके पर पहुंचे तो नदीम ने कमरे में बंदकर उनके साथ भी मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस ने भूरी व नामे मोहम्मद को बंधनमुक्त कराया।

### युवक को गोली मारने में दो सगे भाई गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र जींस धुलाई प्लांट के आगे पिकअप खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में मारपीट करते हुए गोली मारकर एक व्यक्ति को घायल करने के आरोप में पुलिस ने दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि इस मामले में एक भाई फरार है। बुधवार की सुबह नौ बजे प्लांट के आगे रास्ते में पिकअप खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नाला निवासी सगे भाई साद, अहद और असद ने लाठी डंडों व किसी धारदार से जुहैब और फखरे आलम पर हमला कर तमंचे से फायर कर दिया था। गुरुवार को पुलिस ने साद व अहद को संभल आदमपुर मार्ग पर स्थित पेट्रोलपंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। जबकि असद अभी फरार है।

### पंचायत सचिव का नशे में हंगामा करते वीडियो वायरल

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई विकासखंड में तैनात पंचायत सचिव का एक दुकान पर नशे में गाली गलौज करते वीडियो वायरल हो रहा है। बहजोई विकासखंड की ग्राम पंचायत पाठकपुर तैनात पंचायत सचिव राजीव का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह नशे में है और किसी दुकान पर बैठा है। जिसका वीडियो किसी ग्रामीण ने बना लिया। वीडियो में वह नशे में कहीं बैठ जाता है। तो कहीं खड़ा हो जाता है। उसके पास कुछ ग्रामीण भी खड़े हैं। वह शराब के नशे में होने की बात कह रहे हैं तो वह गाली गलौज भी वीडियो में करता हुआ नजर आ रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें लोग तरह-तरह के कमेंट लिख रहे हैं। हालांकि सचिव का कहना है कि वह शराब के नशे में नहीं था।

### अब डीएम दफ्तर पर मिलेगी शिकायतकर्ता को पर्ची

**बहजोई, अमृत विचार :** जनसुनवाई के दौरान अब डीएम दफ्तर पर आने वाले फरियादियों को कंप्यूटराइज पंजीकरण पर्ची दी जाएगी। यह पहल डीएम राजेंद्र पैंसिया ने अपने दफ्तर पर प्रारंभ की है। इसके तहत डीएम दफ्तर पर इसके लिए विशेष काउंटर खोला गया है। जहां आवेदक का नाम, पता व समस्या का संक्षिप्त विवरण मोबाइल नंबर सहित लिया जाएगा। अब फरियाद के पहुंचते ही सबसे पहले शिकायत काउंटर पर पहुंचेगी। जहां पर बैठा कर्मचारी फरियादी की बात सुनेगा और उसकी शिकायत का कंप्यूटराइज पंजीकरण करेगा। इस पंजीकरण में जहां पर आवेदक का नाम, पता, समस्या, संक्षिप्त विवरण मोबाइल नंबर तथा फोटो भी खींचा जाएगा। उसकी पूरी जानकारी सॉफ्टवेयर पर फीड की जाएगी।

### डायरेक्टर पद के लिए 10 नामांकन पत्र दाखिल

**संभल/मनोटा , अमृत विचार :** असमोली गन्ना समिति में डायरेक्टर पद के लिए नामांकन के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। नामांकन प्रक्रिया शुरु होने से पहले ही ब्लाक कार्यालय पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। खुद कोतवाल योगेश कुमार भी ब्लाक कार्यालय पर मौजूद थे। चुनाव प्रक्रिया में शामिल लोगों के अलावा बाकी लोगों को वहां से पुलिस ने हटा दिया था ताकि प्रक्रिया शांति से संपन्न हो सके। डायरेक्टर पद के लिए 10 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। 11 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 14 अक्टूबर को नाम वापसी रहेगी जबकि 16 अक्टूबर को मतदान किया जाएगा। इस दौरान आरओ खंड विकास अधिकारी रिजवान हुसैन, एआरओ खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार रहे।

### बच्चों की शून्य उपस्थिति पर प्रतिकूल प्रविष्टि

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम राजेंद्र पैंसिया ने पोषण समिति की बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति को लेकर विकास खंड वार समीक्षा की। शून्य उपस्थित पाए जाने वाले विकासखंड की आंगनबाड़ी व सुपरवाइजर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने टेक होम राशन, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकरण की व्यवस्था ,हाट कुक्ड योजना, सैम मैम बच्चे व पोषण पुनर्वास केन्द्र पर बच्चों की उपस्थिति को लेकर चर्चा की गयी। डीएम ने पोषण पुनर्वास केन्द्र चंदौसी में विकासखंड वार बच्चों की उपस्थिति को लेकर जानकारी प्राप्त की। जिन विकासखंड से पोषण पुनर्वास केन्द्र में शून्य बच्चे रहे उनसे संबंधित आंगनबाड़ी व सुपरवाइजर को मध्यावधि प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

### अधिकारियों ने प्रतिष्ठान से कब्जे में ली आतिशबाजी

**बबराला, अमृत विचार :** एसडीएम दीपक चौधरी, सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह और मुख्य अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कांत ओझा ने पुलिस फोर्स के साथ नगर में लाइसेंस धारक पटाखा कारोबारी विष्णु शर्मा के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। यहां सेंपलिंग के लिए रखी कुछ आतिशबाजी मिली तो अधिकारियों ने दुकान में सघन तलाशी कराई। व्यापारी को आबादी से दूर निर्धारित गोदाम में ही व्यवसाय करने की हिदायत करते हुए पटाखे कब्जे में ले लिए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के अनुसार, लाइसेंस धारक के दुकान व गोदाम की जांच की गई है। इस दौरान देखा गया कि आपात स्थित में दुकान से बाहर निकलने का मार्ग सुरक्षित है या नहीं।

### गैंग लीडर सहित 11 पर गैंगस्टर में कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली प्रभारी ने वध कर प्रतिबंधित पशु का मांस बेचकर आर्थिक लाभ पाने व धन अर्जित करने वाले गैंग लीडर सहित गिरोह के 11 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस गैंग के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव सैफ खां सराय निवासी गैंग लीडर वाहिल आर्थिक लाभ पाने व धन इकट्ठा करने के लिए अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर प्रतिबंधित पशुओं का वध कर मांस बेचने का काम कर रहा था। वाहिल के गैंग में सैफ खां सराय निवासी शाहनवाज व आदिल बख्तियार, मुहल्ला नाला निवासी सलमान, अल्तमस व गुलामनबी, मोहल्ला मियां सराय निवासी मोहसिन व रिजवान, मनोटा निवासी हसीब उर्फ चौचा व हसीन, सिरसी के चौधरियान निवासी इदरीश उर्फ सलारा शामिल हैं। पुलिस ने गैंग लीडर सहित सभी 11 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### कोतवाल पिता का रौब दिखाने वाली शिक्षिका निलंबित

**बहजोई( संभल), अमृत विचार :** जानते नहीं मेरे पिता पिता कोतवाल हैं, बच्चों को पढ़ाने स्कूल नहीं आऊंगी। अगर कहीं शिकायत की तो झूठे मुकदमे में फंसा दूंगी। कुछ इस तरह रौब दिखाकर स्कूल न आने वाली इंचार्ज अध्यापिका को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। इंचार्ज अध्यापिका पर उपस्थिति पंजिका पर फर्जी तरीके से हस्ताक्षर करने का भी आरोप है। बहजोई विकासखंड के गांव पीपली प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक राहुल गुप्ता ने डीएम से शिकायत कर कहा था कि इंचार्ज अध्यापक दीपांशी विद्यालय में कभी-कभी आती है। ज्यादातर बच्चे अवैध रूप से पंजीकरण कर रखे हैं। शिकायत करने पर वह अपने कोतवाल पिता का रौब दिखाकर झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी देती हैं। इस मामले में डीएम ने बीएसए को जांच करने के निर्देश दिए। जांच में उपस्थिति पंजिका में गलत तरीके से किए दीपांशी के हस्ताक्षर पाए गए। नियमित उपस्थिति न होने की भी बात सामने आई। विद्यालय के बच्चों ने भी अध्यापिका द्वारा पिता के कोतवाल होने की धमकी देने की पुष्टि की। जिसको लेकर अब बीएसए ने शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

देवो रुष्टे गुरुस्त्राता गुरो रुष्टे न कश्चन:।
गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता न संशय:॥

भाग्य रूठ जाए तो गुरु रक्षा करता है। गुरु रूठ जाए तो कोई नहीं होता। गुरु ही रक्षक है, गुरु ही शिक्षक है, इसमें कोई संदेह नहीं।

## संपादकीय

# शास्त्रीय भाषाओं का संवर्द्धन

सांस्कृतिक विविधता एवं समृद्धि की दृष्टि से भारत विश्व में अतुलनीय स्थान रखता है। 'कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी' की विशिष्टता वाले हमारे देश में अनेक प्राचीन भाषाएं हैं, जो अभी भी प्रचलन में हैं। यह सच है कि कुछ भाषाएं अध्ययन एवं अनुसंधान समेत कुछ विशेष कार्यों के लिए प्रयुक्त होती हैं, पर वे विलुप्त नहीं हुई हैं। शास्त्रीय भाषाएं भारत की गहन और प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक के रूप में काम करती हैं, जो प्रत्येक समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मील के पत्थर का सार है। हाल ही में भारत सरकार ने पांच नई भाषाओं को 'शास्त्रीय' (क्लासिकल) भाषाओं की श्रेणी में शामिल किया है। ये भाषाएं मराठी, पाली, प्राकृत, असमी एवं बांग्ला हैं। संस्कृत, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और उड़िया पहले से ही इस सूची में हैं। इस प्रकार अब देश में मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषाओं की संख्या 11 हो गई है।

गौरतलब है कि 12 अक्टूबर 2004 को तमिल भाषा के साथ इस सूची का प्रारंभ किया गया था। उसी वर्ष नवंबर में संस्कृत और बाद के वर्षों में अन्य भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा दिया गया। अब इन पांच भाषाओं को शामिल करने का निर्णय किया गया है। ये निर्णय विशेषज्ञ समिति एवं साहित्य अकादमी द्वारा तैयार मानदंडों के आधार पर लिए जाते हैं। हालांकि इस वर्ष सुझावों के आधार पर मानदंडों में कुछ संशोधन भी किए गए हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची के अंतर्गत भारतीय भाषाओं का एक वर्गीकरण होता है। जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर भाषियों की गिनती की जाती है। केंद्र और राज्यों के स्तर पर विभिन्न भाषाओं को संरक्षित करने, उपलब्ध साहित्य का अनुवाद एवं प्रकाशन कराने तथा विकसित करने के कई कार्यक्रम चलते रहते हैं। पांडुलिपियों के संग्रहण और संरक्षण पर भी बहुत ध्यान दिया जाता है। ऐसे में शास्त्रीय भाषाओं की सूची का विस्तार एक उत्साहजनक व स्वागतयोग्य निर्णय है। इससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाषाओं के सांस्कृतिक एवं अकादमिक महत्व को बढ़ाने में मदद मिलेगी। साल 2008 में शास्त्रीय तमिल के लिए एक केंद्रीय संस्थान की स्थापना की गई, जिसमें प्राचीन तमिल ग्रंथों के अनुवाद के साथ-साथ तमिल भाषा सिखाने के पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और उड़िया भाषाओं के लिए भी विशिष्ट केंद्र खोले गए हैं। वर्ष 2020 में संस्कृत के लिए तीन विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उम्मीद की जा सकती है कि जिन भाषाओं को शास्त्रीय श्रेणी में शामिल किया गया है, उनके विकास के लिए भी अकादमिक प्रयास होंगे। साथ ही संस्थाओं और नागरिकों को भी इस दिशा में योगदान करना चाहिए।

# क्या ईश्वर के स्थान पर बैठ गया है इंसान



आर्य सागर खारी
नोएडा

**प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है।**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा, क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं।**

वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार किन वैज्ञानिकों को रसायन शास्त्र में किस काम के लिए मिला है, यह जानने समझने से पहले हमें यह जानना होगा कि 21 वीं सदी का रसायन शास्त्र बीकर, परखनली जैसे आधारभूत उपकरणों पर आश्रित न होकर कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे टूल पर निर्भर हो गया है। वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल दो अमेरिकी व एक ब्रिटिश वैज्ञानिक को मिला है। अचरज की बात यह है कि इन तीन वैज्ञानिकों में कोई भी विशुद्ध तौर पर रसायन शास्त्री (केमिस्ट) नहीं है। पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों में दो कंप्यूटर वैज्ञानिक एआई विशेषज्ञ हैं तो तीसरे वैज्ञानिक कंप्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट हैं। यह विज्ञान की आधुनिक शाखा है, जो कंप्यूटर साइंस, बायोलॉजी के मिश्रण से मिलकर बनी है।

प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा कि प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है। हमारे बाल, नाखून, मसल्स जानवरों के सींग-पक्षियों के पंख हड्डियों को जोड़ने वाली कॉलेजन सभी प्रोटीन हैं। हमारे रक्त में पाए जाने वाला हीमोग्लोबिन शरीर में ग्लूकोज को नियंत्रित करने वाली इंसुलिन शरीर में पाए जाने वाले सभी हार्मोन यहां तक की एंजाइम सभी प्रोटीन हैं। प्रोटीन को यदि मानव शरीर से निकाल दे तो मानव शरीर पानी और हवा का एक बुलबुला मात्र रह जाएगा। शरीर की एक कोशिका दूसरी कोशिका से संपर्क जिन केमिकलों के माध्यम से करती है, वह केमिकल भी प्रोटीन है। शरीर संक्रमित होने पर अपनी रक्षा के लिए जिन एंटीबॉडी रसायनों का निर्माण करता है वह भी प्रोटीन ही है।

यह प्रोटीन प्रकृति में कुल 25 व हमारे शरीर में पाए जाने वाले 20 अमीनो एसिड से मिलकर बने होते हैं। आज दो करोड़ के लगभग प्रोटीन को आइडेंटिफाई किया जा चुका है। अमीनो एसिड क्या है? कार्बन आधारित जैविक अणु हैं, जो दहाई से लेकर हजारों की संख्या में जुड़कर एक खास सीक्वेंस में विभिन्न सरल से लेकर जटिल तीन आयामी प्रोटीन का निर्माण करते हैं। 1970 तक वैज्ञानिक एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी की सहायता से कुछ हजार प्रोटीनों की संरचना के विषय में जान पाए थे, जो समय साध्य प्रक्रिया थी। वैज्ञानिक यह तो जान गए थे कि किसी प्रोटीन विशेष में कुल कितने अमीन एसिड का प्रयोग हुआ है, लेकिन प्रोटीन की संरचना बेहद जटिल होती है। आप इसे ऐसे समझ सकते हैं, प्रोटीन एक ऐसी गाय-भैंस को बांधने वाली धातु की बेल है, जिसके प्रत्येक के कुंदे को तो आप जानते हैं। एक कुंदे से दूसरा कुंदा किस क्रम में जुड़ा हुआ है, आप बेल की संरचना को आसानी से समझ सकते हैं। सरल प्रोटीन के मामले में तो आप इस उदाहरण को लागू कर सकते हैं, लेकिन वही कुंदे मिलकर किसी जटिल बेल रूपी प्रोटीन संरचना का निर्माण करते हैं, जिसकी ओर छोर का हमें पता नहीं है। अब वह बेल मानो ऐसे उलझ गई है कि हम चाहकर भी उसे सुलझा नहीं सकते। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी के कारण आतंकित होकर घरों में सिमटी हुई थी तब ऐसी जटिल प्रोटीन संरचना के विषय में वर्ष 2020 तक दुनिया को कुछ पता नहीं था कि कैसे मिनटों में उसकी संरचना ज्ञात करें।

प्रोटीन की संरचना को लेकर 50 वर्षों से अबूझ बनी हुई इस पहेली को सुलझाने में एंट्री होती है, जॉन जंपर व डेमिक हस्साबिक नामक दो कंप्यूटर वैज्ञानिकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ की, जिनमें एक अमेरिकी तो दूसरे ब्रिटिश हैं। दोनों डीप एआई नामक कंपनी के संस्थापक हैं, जिसका अधिग्रहण अब गूगल ने कर लिया है। इन दोनों वैज्ञानिकों ने अल्फा फोल्ड टू नामक एआई टूल विकसित किया, जिसके माध्यम से चार चरणों में अमीनो एसिड के प्रथम सीक्वेंस का पता लगाकर फिर किसी भी प्रोटीन की संरचना का पूर्व अनुमान लगा सकते हैं। भले ही उस प्रोटीन की संरचना कितनी ही जटिल हो, पूर्व अनुमान एकदम सटीक निकलता है। इनके द्वारा विकसित इस टूल का 190 देशों के 20 लाख मॉलेक्युलर बायोलॉजिस्ट इस फील्ड से जुड़े हुए विशेषज्ञ प्रयोग कर रहे हैं।

स्वीडिश नोबेल पुरस्कार कमेटी ने इन दोनों वैज्ञानिकों के काम की सहराना करते हुए नोबेल पुरस्कार की आधी राशि इन दोनों को देने की घोषणा की है। इन दोनों वैज्ञानिकों की खोज के आधार पर ऐसे एंजाइम जो प्रोटीन ही होते बनाए जा रहे हैं, जो पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक को अपघटित करेंगे। साथ ही एंटीबायोटिक दवाइयों से बैक्टीरिया में होने वाले रेजिस्टेंस की समस्या का समाधान भी इनकी खोज से संभव हो रहा है।

अब बात करते हैं तीसरे वैज्ञानिक डेविड बेकर की, जिन्हें पुरस्कार की आधी धनराशि मिली है। उन्होंने ऐसे प्रोटीन के निर्माण में महारत हासिल की, जो प्रकृति मानव शरीर या अन्य किसी जीव के शरीर में नहीं पाए जाते। इन्होंने रोसेटा नाम का कंप्यूटर प्रोग्राम खुद विकसित किया, जिसके माध्यम से 93 अमीनो एसिड को लेकर इन्होंने टॉप 7 नामक प्रोटीन बनाई जो नेचर में उपलब्ध नहीं है। इन्होंने अपनी बुद्धि को अनूठे तरीके से लगाया। इन्होंने अपने प्रोग्राम में प्रोटीन के घटक अमीनो एसिड के सीक्वेंस को न डालकर अपनी मनोवांछित प्रोटीन के डिजाइन को डाला, जिससे इन्हें अमीनो एसिड का सीक्वेंस मिल गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा, क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं। यहां तक की जिनमें अधिकांश वैज्ञानिक नहीं होते वह कहते हैं जब वैज्ञानिक ऐसी प्रोटीन का निर्माण कर सकते हैं, जो ईश्वर की बनाई इस दुनिया में उपलब्ध नहीं हैं तो क्या यह संभव नहीं है? मनुष्य ईश्वर के स्थान पर आ गया है। इन सभी तर्कों का एक ही निराकरण है कि वैज्ञानिक जो भी कुछ करते हैं। भले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी पॉवरफुल टूल उन्हें मिल गई है। वह सृष्टि रचना के नियमों का ही सहारा लेकर कुछ रचकर पाते हैं। वैज्ञानिकों के पास सृष्टि रचना सृष्टि में काम कर रहे विविध भौतिक रासायनिक जैविक नियमों से भिन्न कोई भी व्यवस्था नहीं है। अमीनो एसिड के बगैर कोई भी वैज्ञानिक कोई प्रोटीन नहीं बना सकता। अमीनो एसिड कार्बन नाइट्रोजन हाइड्रोजन जैसे तत्वों से मिलकर बने होते हैं। इन तत्वों के एक परमाणु को भी कोई वैज्ञानिक नहीं बना सकता।

यदि कोई प्रोटीन 100 अमीनो एसिड के सीक्वेंस से मिलकर बनी है तो उससे रैंडमली 10 की पावर 47 डिफरेंट संरचना बन सकती है। यह आंकड़ा इतना विशाल है कि आप इसकी गणना नहीं कर सकते अर्थात 10 के आगे 47 शून्य। अब इतनी विशाल संख्या में बनने वाली संरचनाओं की संभावना में से जो जीवन के लिए आवश्यक प्रोटीन हैं, वह यदि बने तो उसके लिए इतना समय चाहिए जितना समय सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर आज पर्यंत हो चुका है अर्थात अरबों वर्ष। हमारे शरीर में तो हमारी कोशिकाएं अंग कुछ मिली सेकंड में ही हीमोग्लोबिन एल्बुमिन जैसी प्रोटीन बनाती हैं, जो रक्त का निर्माण करती है। वैज्ञानिकों ने अपनी गणनाओं से निष्कर्ष निकला कि यह पूर्व निर्धारित होता है। प्रत्येक अमीनो एसिड में यह जानकारी होती है, उन्हें किस उपयोगी प्रोटीन का निर्माण करना है, जिससे समय की बचत हो। अव्यवस्था का शरीर की कोशिका में कोई स्थान नहीं है। सब कुछ व्यवस्थित तरीके से होता है।

इस व्यवस्था की ही, जो व्यवस्थापक शक्ति है वही तो ईश्वर है। वेदों में जिसे प्रचेता अर्थात उत्कृष्ट ज्ञान देने वाला कहा गया है। आम आदमी जो शरीर की संरचना से अनभिज्ञ हैं। जीवन व्यवहार का उपयोगी ज्ञान ईश्वर उसको भी देता है और हमारे 2024 के रसायन शास्त्र के पुरस्कार विजेताओं को भी वही ज्ञान देता है। अंतर केवल इतना है कि आस्तिक व्यक्ति इसे शुद्ध अंतःकरण से स्वीकार करता है। इन वैज्ञानिकों ने अपने परिश्रम से एक सुखद रोगों से रहित दुनिया बनाने की दिशा में अपना सार्थक योगदान दिया है। मूल में ईश्वर के साथ-साथ हम इन वैज्ञानिकों के भी आभारी रहेंगे।

## प्रसंगवश

# क्या शोभा की वस्तु हैं गनर और पुलिस

यों तो पुलिस का नाम ही है आरक्षी और रक्षा करना उनका पावन कर्तव्य है। थानों में गीता के एक श्लोक की पहली पंक्ति दीवार पर मोटे अक्षरों में अंकित रहती है, "परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्:"। यानी वे सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए हैं।

इसके अलावा तमाम विशिष्ट लोगों को शासन अलग से रक्षक प्रदान करता है, जो शैडो, गनर, पीएसओ आदि पद नामों से पुकारे जाते हैं। इतना होते हुए भी कानून व्यवस्था को धज्जियां उड़ती रहती हैं और ये 'रक्षक' 'तटस्थ' बने रहते हैं। बात करते हैं उत्तर प्रदेश के लखीमपुर की, जहां 'अर्बन कोऑपरेटिव बैंक' के प्रतिनिधियों के चुनाव के समय स्थानीय भाजपा विधायक योगेंद्र वर्मा की पिटाई हुई। यह तब हुआ जब वहां पुलिस और एसडीएम मौजूद थे। यही नहीं, उन्हें व्यक्तिगत रक्षक गनर भी मिला हुआ था। यह घटना कारित करने वाला कोई साधारण व्यक्ति न होकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह व उनके समर्थक थे, जिनकी पत्नी पुष्पा सिंह इस चुनाव में प्रत्याशी थीं। वे अध्यक्षा रह भी चुकी हैं। यह उदाहरण उद्धृत करने योग्य इसलिए भी है कि इस कानून भंजक घटना के पात्रों में एक कानून बनाने वाला है तो दूसरा न्याय पीठों को सही निर्णय तक पहुंचने में कानून बताकर मदद करने वाला नामचीन आधिवक्ता है। चूंकि मजिस्ट्रेट, पुलिस और गनर मूक दर्शक बने रहे और अपराध कारित होता रहा, तो इतना तो स्पष्ट हो ही गया कि प्रदेश में पुलिस, गनर आदि शोभा की ही वस्तु हैं। दोनों पक्ष भारतीय जनता पार्टी के हैं। अतः कम ही उम्मीद है कि कोई मुकदमा दर्ज होकर कार्यवाही होगी।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक और उदाहरण याद आ रहा है। अमेरिका की एक यूनिवर्सिटी में सभी छात्र 'श्वेत' थे। संयोग से एक 'अश्वैत' ने भी एडमीशन ले लिया। उसे श्वेत सताने लगे। यूनिवर्सिटी जाना दूभर हो गया। शासन ने पुलिस लगाई। विद्यार्थियों की संख्या बहुत थी। अश्वेत की रक्षा बेहद कठिन थी। अंततः उस एक विद्यार्थी के नागरिक अधिकारों की रक्षार्थ कई हजार पुलिस लगाई गई और वह बच्चा सकुशल वहां पढ़ता रहा। यूपी के इस प्रकरण में यदि लीपापोती हुई, तो कानून व्यवस्था पर से लोगों का विश्वास बहुत शिथिल हो सकता है।

# बिच्छू का मंत्र न जाने, पर सांप के बिल में हाथ डाले



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

**पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है।**

इन दिनों हिंदुओं को हिंसक बताने का चलन सा हो गया है। कहा जाता है कि हिंदू धर्म हिंसक है! इसकी पुष्टि में प्रायः एक उद्धरण प्रस्तुत कर दिया जाता है, "वैदिक हिंसा हिंसा न भवति।" एक मित्र के पटल पर इस आशय का विमर्श दिखा था। उसे देखकर मेरे मन में जो भाव उठे, वे निवेदित हैं। हमारी चिंतन प्रणाली इतने निचले दर्जे पर कभी न रही। कहने के लिए हम विज्ञान के प्रवर्तक हैं, किंतु वैज्ञानिक बुद्धि का हममें लेश भी नहीं। अधकचरे ज्ञान से हम लबालब हैं, पर इससे काम चलने वाला नहीं है। यह धोखा देगा।

सवाल है कि हिंदुओं को अपमानित करने के लिए अपनी समझ को धूल धूसरित करने से क्या फायदा? सोचे-समझे वगैर दिए गए उद्धरणों से ज्ञान के संस्कार आपके गिरेंगे। भावी पीढ़ियां और आपके प्रपौत्र आप पर हंसेंगे और तब कोई पुरुषोत्तम आप की रक्षा करने के लिए न होगा। पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है। उसका प्रसंग अलग और सीमित है। यह कोई विश्वजनीन सूक्ति नहीं है। ध्यान रहे किसी भी उक्ति की अर्थवत्ता प्रसंग पर निर्भर होती है। प्रसंग बदलते ही अर्थ बदल जाता है। कभी-कभी अर्थ का अनर्थ भी हो जाता है। सवाल है कि हम यह सब कब समझेंगे? कब समझेंगे कि नाटक दर्शन नहीं है। वह साहित्य का अंग है और एक कलात्मक विधा है। अन्य कलाओं की तरह इसका अलग महत्व है। रस एवं ग्राह्य मनः स्थिति उत्पन्न करना इसका साध्य है। भावोद्वेलन इसका जरिया है। अब रही बात जैन धर्म की! तो निःसंदेह जैन धर्म में जिस रूप में अहिंसा का प्रतिपादन है, वैसा अन्यत्र नहीं। वहां अहिंसा की पराकाष्ठा है, किंतु इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि जैनियों के समाज में हिंसा के दृष्टांत नहीं मिलते। क्या जैन राजा युद्ध में हिंसा नहीं करते थे? क्या अपराधियों को दंड का प्रावधान जैन समाज में नहीं है? क्या हिंसा का दृष्टांत भर मिल जाने से हम जैन धर्म को हिंसक बता देंगे? इन सवालों पर विचार करना चाहिए।

बौद्धों ने रोहिंग्या में मुसलमानों के साथ जो किया, वह सभी जानते हैं, किंतु इस आधार पर बौद्ध धर्म को कोई हिंसक धर्म नहीं मानता। बौद्धों ने 'जय बुद्ध' का नारा लगा तलवार नहीं खींची थी। गौर करें तो हर समाज में हर चीजों के दृष्टांत मिलेंगे, किंतु धर्म के मूल्यांकन का आधार उसका दर्शन है। कुरान के अनुसार काफिरों को मार देने की बात कही गई है तो क्या मुसलमान सभी हिंदुओं की हत्या करते चलते हैं? प्रेम और दोस्ती का भी तो प्रमाण मिलता है। दृष्टांत से कसौटी नहीं बदलती। इसलिए टॉर्च लेकर दृष्टांत न खोजें। क्या हम समझते हैं जैन और बौद्ध धर्म आसमान से टपके हैं या भारतीय धार्मिकता के अंग रहे हैं? हमें जानना चाहिए कि जैन धर्म में बताया गया सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह वस्तुतः उपनिषदों में भी है। एक नहीं कई उपनिषदों में ये प्रबलता से मौजूद हैं। छांदोग्य उपनिषद में सत्य, आर्जवम (ईमानदारी), दान, तप और अहिंसा, पांच आवश्यक गुण अपरिहार्य बताए गए हैं। शांडिल्य उपनिषद में दस संयमों की सूची दी गई है, जिसमें अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव, क्षमा, धृति, मिथ्याहार और शौच प्रमुख हैं।

सनातन, बौध और जैन में अंतर इन गुणों को लेकर नहीं है, बल्कि कुछ दार्शनिक बिंदुओं में भेद के कारण है। सत्य की अवधारणा और उस तक पहुंच के मार्ग को लेकर है। कुछ अंतर देश-काल के कारण है। किंतु अहिंसा भारतीय सभी धर्मों के मूल में है। परंतु वह अकारण नहीं है बल्कि उसकी एक दार्शनिक पृष्ठभूमि है। सवाल है कि इस अहिंसा का निहितार्थ क्या है। इसका अभिप्राय जानना जरूरी है।

इसका अभिप्राय केवल इतना है कि किसी की हत्या हमें इस कारण नहीं करनी चाहिए कि वह दूसरे धर्म और दूसरे देवता का उपासक है। मतभिन्नता के कारण किसी को शत्रु समझना वर्जित है। मत भिन्नता को उनका धर्म ग्रंथ शत्रु मानता हैं। इस पाग में मार्क्सवाद भी पगा हुआ है। अतः सांप के बिल में हाथ देने के पहले बिच्छू का मंत्र अवश्य जान लेना चाहिए और यह भी जान लेना चाहिए कि सनातन, जैन और बौद्ध अहिंसा का प्रतिपादन करते हैं, पर वहां भी आत्म रक्षा में हिंसा कहीं वर्जित नहीं है।

## सोशल फोरम

# प्रेम प्रकृति का वरदान

**प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए।**

खान सर की जानकारी और उनके शिक्षण कौशल का मैं प्रशंसक हूं, लेकिन बच्चों को प्रेम करने से हड़काने का जो काम वे करते हैं, वह घातक है। लाखों विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की आग में झोंककर भी वे सफलता तो उतने को ही दिला पाएंगे न जितनी सीटें हैं? कुछ सौ या हजार विद्यार्थी मन को मारकर अगर सफल भी होते हैं तो उन लाखों असफल के लिए वे क्या सोचते हैं, जो न इधर के रहे, उन उधर के रहे। जो प्रेम और नौकरी दोनों से हाथ धो बैठे उनके प्रति उनका कोई दायित्व नहीं?

प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए। प्रेम अमृत है, नौकरी तो जीविका का साधन मात्र है। प्रेमरहित जीवन नीरस है, चाहे व्यक्ति कितनी ही बड़ी नौकरी क्यों न हासिल कर ले। समाज में प्रेमकला सिखाने वालों का घोर अभाव है। इसकी वजह से बच्चों का जीवन यौवन ऊर्जा की अग्नि में झुलस रहा है। अगर बच्चों में प्रेम का भाव नहीं पैदा किया तो गुरु या शिक्षक होने का हक नहीं है। शिक्षक को सदैव प्रेम को सकारात्मक ऊर्जा के रूप में छात्रों के समक्ष रखना चाहिए।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

खान सर भी रूढ़िवादियों की तरह प्रेम के प्रति दृष्टि रखेंगे तो वे जितना उपकार नहीं कर पाएंगे, उससे ज्यादा अपकार कर बैठेंगे। इसलिए आग्रह है कि वे अपनी प्रेम विरोधी दृष्टि पर पुनर्विचार करें।

-फेसबुक वॉल से

# समाज के लिए आघात हैं तलाक के बढ़ते मामले



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

**भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था।**

मान्यता है कि वैवाहिक जोड़े ईश्वर स्वर्ग में बनाता है, लेकिन हमेशा इन जोड़ों की आपस में नहीं बनती और ये बीच सफर में ही अलग होने का फैसला कर लेते हैं। सात जन्म का यह रिश्ता सही तरीके से एक जन्म भी नहीं चल पाता है और बात तलाक या विवाह विच्छेद तक पहुंच जाती है। पहले भारत में तलाक के किस्से आम नहीं थे, क्योंकि हमारे यहां विवाह एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार के रूप में माना जाता था, जिसमें दंपति तमाम वैवाहिक और पारिवारिक समस्याओं के बावजूद इसे जीवनपर्यंत निभाने की कोशिश करते थे। अनेक ऐसे परिवार हैं, जिनमें पति-पत्नी में कभी नहीं बन पाई, परंतु उन्होंने समाज और परिवार को ध्यान में रखकर अलग होने की बात कभी नहीं सोची, परंतु अब बदलते समय के साथ लोग इस दिशा में मुड़ने लगे हैं।

भारत में तलाक के मामले पिछले कुछ दशकों में बहुत तेजी से बढ़े हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार 2019-21 में तलाक की दर 0.8 प्रतिशत से बढ़कर 1.2 प्रतिशत हो गई, जिसमें शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। पिछले दो दशकों में तलाकों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। आज दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में तलाक की दर वैवाहिक जोड़ों में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा है। दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता और लखनऊ जैसे बड़े शहरों में तलाक के मामलों में तीन गुना वृद्धि हुई है। हालांकि पितृसत्तात्मक समाज प्रधानता वाले राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान आदि जैसे में तलाक और अलगाव की दर अपेक्षाकृत कम है। पूर्वोत्तर क्षेत्रों में तलाक की दर बहुत अधिक है। चिंताजनक बात यह है कि भारत में छोटे शहरों व गांवों में भी तलाक की दर में वृद्धि देखी जा रही है। दिल्ली में तलाक के प्रतिवर्ष लगभग 9 हजार मामले दर्ज किए जाते हैं, जो नब्बे के दशक में दर्ज होने वाले औसतन एक हजार मामलों से बहुत अधिक हैं। कोलकाता और चेन्नई में भी तलाक की दर में 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केरल में तलाकों में 350 प्रतिशत की तो पंजाब और हरियाणा में तलाक के मामलों में 150 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। एक आंकड़े के अनुसार 2021 में देश भर की पारिवारिक न्यायालयों में विवाह विच्छेद के मामले करीब पांच लाख थे, वहीं वर्ष 2023 में बढ़कर आठ लाख से अधिक हो गए। महिलाओं की अपेक्षा तलाक की मांग करने वाले पुरुषों की संख्या बढ़ रही है। भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था। पाश्चात्य संस्कृति से उपजी सोच ने तलाक को स्त्री स्वतंत्रता से जोड़कर देखना शुरु कर दिया है, जिसने परंपरागत वैवाहिक मूल्यों को कमजोर कर दिया है। भारत में शादी दो लोगों के बीच नहीं, बल्कि दो परिवारों के बीच होती है। हमारे देश में प्यार, नफरत, विवाह और दूसरी शादी जैसी समस्या को सामाजिक स्तर पर सुलझा लिया जाता रहा है। सर्वप्रथम वर्ष 1955 में संसद में हिंदू कोड बिल पारित किया, जिसमें महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिया गया। बहु विवाह पर रोक लगाई और तलाक मांगने का अधिकार भी मिला। वर्ष 1976 में इस में संशोधन किया गया तथा इसमें पति-पत्नी के बीच सहमति से तलाक लेने की अनुमति दी गई। पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में समय के साथ ही परंपरागत संयुक्त परिवार टूटने लगा और स्त्री घरेलू से कामकाजी होते हुए आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने लगी। हालांकि पति भी अब पहले जैसे पुरुषवादी सोच के नहीं रहे हैं। तलाक के अधिकतर मामलों में यह मुख्य कारण उभर आता है कि दंपति द्वारा शादी के पहले के वादे पूरे न करना। इसके अतिरिक्त अपनी नौकरी की वजह से पत्नी को कम समय देना, नौकरी के कारण अलग-अलग शहरों में रहना। पत्नी की जिम्मेदारी न उठाना, विवाहेतर संबंध इत्यादि आम कारण रहा है। कई लोग घर वालों के दबाव में शादी कर लेते हैं, लेकिन बाद में यह रिश्ता कड़वाहट के साथ टूट जाता है। तलाक के निरंतर बढ़ते मामले एक बड़े सामाजिक बदलाव की ओर संकेत कर रहे हैं। हालांकि अभी भी भारत में तलाक की दर दुनियाभर में सबसे कम है, परंतु जिस तीव्र गति से इनमें वृद्धि हो रही है, उससे क्या यह आशंका नहीं कि भविष्य में हम पश्चिमी देशों के बराबर खड़े हो जाएंगे? यदि ऐसा हुआ तो इसका बुरा असर समाज के साथ-साथ देश पर भी पड़ेगा। सामान्यत संबंध विच्छेद की सबसे अधिक पीड़ा बच्चों के हिस्से में आती है। एकल परिवार में पले लड़कों में निष्क्रिय रहने की प्रवृत्ति होती है और लड़कियों में अवसाद एवं भटकाव की आशंका काफी अधिक बढ़ जाती है।

लंदन की किंगस्टन यूनिवर्सिटी में हुए एक रिसर्च के अनुसार तलाक लेने के पांच साल बाद पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा खुश रहती हैं, क्योंकि तलाक के बाद उन्हें खुलकर जीने का मौका मिला था। इसका सबसे बुरा असर यह पड़ रहा है कि जोड़े अब विवाह के बजाय लीव इन रिलेशनशिप में रहना ज्यादा पसंद करने लगे हैं, जिसमें कोई आपसी उत्तरदायित्व नहीं है और जब चाहें अलग हो जाएं, कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं और कोई पारिवारिक दायित्व नहीं। परंतु इससे विवाह नाम की संस्था की समाप्ति का डर है और परिवार का तो अंत ही हो जाएगा। यह भारतीय समाज के लिए बहुत बड़ा आघात होगा।

# शालीनता के प्रतीक रतन टाटा

हम सबके बीच रतन टाटा नहीं रहे। खबर सुनकर उनसे जुड़ी ढेर सारे किस्से कहानियां और घटनाएं, जहन में एक-एक कर उभरने लगी थी। इनमें कुछ घटनाएं ऐसी भी हैं, जिन्हें जानने-सुनने के बाद उनके गंभीर और शालीन व्यक्तित्व का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

वर्ष 2014 की बात है। देश में अभी सत्ता का परिवर्तन नहीं हुआ था। उन्हीं दिनों रतन टाटा ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने साथ घटित, एक ऐसे वाकये का जिक्र किया था, जिसे सुनकर सारा देश चौंक गया। चौंकना स्वाभाविक भी था, यदि प्रधानमंत्री के कार्यालय में कोई अधिकारी स्वयं रतन टाटा से किसी काम के एवज में पैसे की डिमांड करता है। देश के गिने-चुने शीर्ष उद्योगपतियों में से एक, रतन टाटा एक दिन स्वयं प्रधानमंत्री से मिलने उनके कार्यालय गए हुए थे। उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम के संदर्भ में बातें करनी थीं। प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति के चलते उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो पाती। लौटने से पूर्व, कुछ सोचकर वो वहां के एक अधिकारी के पास अपनी समस्या के निदान हेतु पहुंच गए। रतन टाटा आवाक रह गए, जब उस अधिकारी ने काम के एवज में पैसे की डिमांड रख दी। वो अपने चेहरे पर निर्विकार भाव लिए, वगैर कुछ कहे, वहां से वापस लौट आए। अपने इंटरव्यू में इस पूरे वाकये पर उन्होंने एक लाइन की टिप्पणी की थी "जब एक अदना सा अधिकारी रतन टाटा से रिश्वत की मांग कर सकता है, फिर तो सहज ही देश की हालात और सर्वत्र व्याप्त भ्रष्टाचार की कल्पना की जा सकती है"। धीर गंभीर दिखने वाले रतन टाटा का व्यक्तित्व ही कुछ ऐसा था कि उनकी प्रेम कहानियों की कोई खास चर्चाएं कभी भी गासिप कालम तक नहीं पहुंची, जबकि उनकी अंतिम दोस्ती तो फिल्म इंडस्ट्रीज की बहुचर्चित अभिनेत्री सिम्मी गरेवाल के साथ भी चली थी, जो पूरे सात सालों तक मंजिल की तलाश में भटकती रही।



विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

## एक नजर

### गोलू महाराज का स्थापना दिवस मनाया गया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में श्री गोलू देव का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉ. डीसी पंत व डॉ. कुसुम पंत रहे। गुरुवार की सुबह मंदिर परिसर में पंचांग पूजन, हवन व कन्या पूजन से आरंभ हुआ। शाम के समय ट्रस्ट की ओर से श्री सुंदर कांड पाठ का किया गया। जिसमें केजी शर्मा, राजेश शंखधार, डॉ. हरवेंदर सिंह, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. विश्वास अग्रवाल ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया गया। अंत में आरती के उपरांत भंडारा हुआ।

### राम बरात में झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध

**गुन्नौर, अमृत विचार :** नगर में श्रीराम बरात बैंड बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। श्रीराम बरात का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। गुरुवार को देरशाम कोतवाली के पास से शुरू हुई श्रीराम बरात को देखने के लिए नगर सहित आसपास गांवों के लोग बड़ी संख्या में उमड़े। जिसमें झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। लोग डीजे और बैंड बाजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। श्रीराम बारात जुलेपुरा, तहसील चौराहा, सदर बाजार, सराय मोहल्ला होती हुई देर रात चामुंडा मंदिर पर संपन्न हुई।

### लाइसेंस के स्लॉट 14 अक्टूबर के लिए रिशेड्यूल

**संभल, अमृत विचार :** श्रीराम नवमी पर 11 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण इस तिथि को बुक लाइसेंस/फिटनेस के स्लॉट (डीएल रिन्युवल/डीएल लर्निंग) को 14 अक्टूबर के लिए रिशेड्यूल किया गया है। यह जानकारी देते हुए एआरटीओ प्रशासन डॉ. पीके सरोज ने बताया कि आवेदक 14 अक्टूबर को कार्यालय में उपस्थित होकर औपचारिकताएं पूर्ण कराएंगे।

### किसानों से मारपीट वीडियो वायरल

**इस्लामनगर,(बदायूं), अमृत विचार :** कस्बा इस्लामनगर में बहजोई रोड स्थित न्यू इंडिया होटल के अंदर खाना खा रहे दो किसानों के साथ इस्लामनगर के दबंगों ने जमकर मारपीट की। मारपीट की घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरो में कैद हो है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है।

# हनुमान जी ने पूंछ की आग से किया लंका दहन

## श्री रामलीला नाट्य परिषद की ओर से रामबाग धाम पर किया जा रहा रामलीला का मंचन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** श्री रामलीला नाट्य परिषद की ओर से रामबाग धाम के रंगमंच पर रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को कलाकारों ने श्रीराम-हनुमान मिलन व लंका दहन का मंचन किया।

लीला का उद्घाटन सुरेश चंद्र गुप्ता व प्रकाश चंद्र गुप्ता ने फीता काटकर किया। पहले दृश्य में दिखाया जाता है कि सीता हरण के बाद श्रीराम व लक्ष्मण सीता माता की खोज के लिए वन में घूम रहे हैं। तभी उनकी मुलाकात हनुमान जी से होता है, हनुमान श्रीराम-लक्ष्मण को लेकर राजा सुग्रीव के पास पहुंचते हैं। सुग्रीव व श्रीराम की मित्रता होती है और दोनों एक-दूसरे की सहायता करने का संकल्प लेते हैं।

बाली-सुग्रीव युद्ध में श्रीराम बाली का बाण से वध कर देते हैं और सुग्रीव को राजा बना देते हैं। इसके बाद सुग्रीव अपने दल को माता सीता की खोज के लिए भेजता है। तब हनुमान समुद्र लांघ कर लंका पहुंचते हैं। यहां अशोक वाटिका में माता सीता से मुलाकात करते हैं और उनकी निशान लेकर अशोक वाटिका में फल खाने के लिए चले जाते हैं। यहां मेघनाथ हनुमान जी को बांध लेकर राजा रावण के सामने प्रस्तुत करता है।


रामलीला में भावपूर्ण दृश्य का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- **हनुमान समुद्र लांघकर लंका पहुंचते हैं, अशोक वाटिका में माता सीता से मुलाकात करते हैं**

यहां हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी जाती है। तब हनुमान जी अपनी पूंछ में लगी आग से पूरी लंका का दहन कर देते हैं। इस अवसर पर गिरिराज किशोर, नवीन चौधरी, कपिल राजा, धीरेंद्र कुमार, अमित श्याम, संजीव वार्ष्णेय, कन्हैया वार्ष्णेय, ओमेंद्र वार्ष्णेय, प्रमोद गुरु, किशन पाल, प्रियंक, कृष्णा, सुरेंद्र, रीतिक, उमंग, कृतिका, दिव्या, पारुल, शिवानी, प्रदीप शर्मा, मुकुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आज निकाली जाएगी मां भगवती की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** संभल में श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति के द्वारा दुर्गा अष्टमी के मौके पर निकल जाने वाली मां भगवती की शोभायात्रा शुक्रवार को आर्य समाज रोड से प्रारंभ होगी। मां भगवती की प्रतिमा के विधि विधान से पूजन होने के बाद शाम 8 बजे शोभायात्रा शुरू होगी।

दुर्गा अष्टमी के मौके पर निकल जाने वाली मां भगवती की शोभायात्रा में इस बार मुरादाबाद से आए हुए स्थानीय कलाकार श्यामलाल के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ भगवान श्री कृष्ण द्वारा सुदामा जी के पैर धोते हुए, हनुमान जी के द्वारा सीना चीरकर श्री राम का चित्रण दिखाते हुए, मां काली के विराट रूप और मां सीता के द्वारा रावण को भिक्षा देते हुए झांकी तैयार की गई है। जिनको समिति के वरिष्ठ सदस्य नवनीत कुमार, आलेश गुप्ता अभिनीत माथुर अतुल अग्रवाल, अनुज रस्तोगी शशांक अग्रवाल अमित अग्रवाल के द्वारा श्रृंगार करके तैयार किया गया है। इसी के साथ इस बार शोभायात्रा में दिल्ली के कलाकारों के द्वारा महारास, बदायूं के कलाकारों के द्वारा दो अलग-अलग मां काली के विराट अखाड़े, कासगंज के कलाकारों के द्वारा शिव अघोरी तांडव का अखाड़ा और मेरठ व मुरादाबाद के कलाकारों के द्वारा महामाई की होली और रक्तबीज वध का अखाड़ा शोभायात्रा में श्रद्धालुओं को देखने के लिए मिलेगा। महामंत्री विवेक गोयल ने बताया कि रात 2:30 बजे डाकखाने पर पहुंच कर शोभायात्रा संपन्न होगी।

# मां महागौरी की पूजा-अर्चना के बाद कन्या जिमाई, उपहार दिए

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। मंदिर में देवी मां का पूजन व हवन किया गया। उसके बाद कन्या-बरुआ को भोजन करा दक्षिणा व उपहार देकर अपने व्रत खोले। वहीं देवी मंदिरों पर पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

नवरात्र पर माता रानी के आठवें स्वरूप महागौरी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से घरों पर कन्या-बरुआ को भोजन करा उन्हें उपहार भेंट दिए। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सात दिवस उपवास रखने बाद गुरुवार को अपने उपवास खोले। सबसे अधिक भीड़ रामबाग धाम स्थित श्री सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, कैथल गेट स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर, जारई गेट स्थित प्राचीन देवी मंदिर, सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर, मौलागढ़ स्थित कंकाली देवी मंदिर पर रही। यहां श्रद्धालुओं को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

**महागौरी की पूजा अर्चना कर भक्तों ने मांगी मनौती : संभल :** शारदीय नवरात्र में गुरुवार को भक्तों ने मां दुर्गा के स्वरूप महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना की और मनौती मांगी। माता रानी के जयकारों से मंदिर गुंजायमान हो गए।

जिले के मंदिरों में गुरुवार को सुबह भक्तों की भीड़ उमड़ी। संभल में चामुंडा मंदिर हल्लू सराय में सुबह 4 बजे से ही पूजा अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं चामुंडा मंदिर हयातनगर और चामुंडा मंदिर घुंघावली में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। महिला भक्तों ने माता रानी के भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बनाया। शाम को मंदिरों में पहुंचे भक्तों ने आरती में हिस्सा लेकर माता रानी का गुणगान किया।


पंचशील कालोनी में कन्या-बरुआ को प्रसाद ग्रहण कराती महिला। ● अमृत विचार


संभल के हयातनगर में देवी पूजन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

### नवरात्रि पर किया महागौरी का पूजन

**संभल, अमृत विचार :** महिला शक्ति संगठन की ओर से नवरात्र में संगठन की महिलाओं ने अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय के साथ मिलकर महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। महाआरती कर देवी पूजन किया गया। गुरुवार को हयातनगर में महिला शक्ति संगठन की अध्यक्ष के आवास पर नौ देवियों का पूजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें नौ देवियों के अलग-अलग स्वरूप में आई कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। महिलाओं ने भजन कीर्तन कर माता के गीतों पर नृत्य किया। सभी महिलाओं ने मिलकर गरबा और डांडिया भी किया। संगठन की अध्यक्ष ने संगठन की महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कविता, कुसुम लता, अंजना, संतोष, प्रीति ,साधना ,रेखा, नेहा कल्पना, खुशबू, रिचा ,नीलिमा, वर्षा, सोनिया ,निशी,दीप्ति, नीलम ,लक्ष्मी, माधुरी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# किन्नरों ने कराया मां भगवती का जागरण

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** किन्नर समाज द्वारा शारदीय नवरात्र में मां भगवती का भव्य जागरण कराया गया। जिसमें मां भगवती के भजन गूंजते रहे। किन्नत समाज की इस धार्मिक पहल की सराहना हो रही है।

किन्नर समाज की गुरू बबली किन्नर की ओर से मुजीब गार्डन में आयोजित मां भगवती जागरण का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। जिसमें किन्नर अखाड़ा हरिद्वार की महामण्डलेश्वर कोमल शर्मा किन्नर समेत तमाम लोगों ने हिस्सा लिया। दिल्ली, सिकंदराबाद, बुलंदशहर से आए प्रसिद्ध भजन गायकों टी-सीरीज सिंगर नीतू तोमर, ओम सागर और ज्योति भाटी आदि ने फिल्मी गीतों की तर्ज पर धार्मिक भजनों की प्रस्तुति से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। नीतू तोमर ने '''''आ जा मां आ जा मां, एक बार मेरे घर आ जा मां'''' भजन गाया तो श्रोता नाचने लगे। जागरण में विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव, चैयरमैन खुशबू प्रजापति, बबराला नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, व्यापारी नेता सुभाष गुप्ता, नागेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख आशीष उर्फ हनी यादव, कांग्रेस युवजन जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन, शानू कुरैशी, अकील खान उर्फ गुड्डा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। गुरुवार को सुबह भंडारा हुआ। माता रानी को प्रसाद अर्पित करने के बाद अन्य लोगों में प्रसाद बांटा गया। जागरण से पूर्व महामंडलेश्वर कोमल शर्मा, किन्नर बबली, लवली, मुस्कान आदि ने कन्याओं के साथ नगर मे कलश यात्रा निकाली।


गुन्नौर में कलश यात्रा निकालते किन्नर। ● अमृत विचार

### समिति ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति व सर्व समाज जागरुकता अभियान की ओर से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।

मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी और बदलते जीवन के आधुनिक तौर तरीकों के कारण मानसिक रोगों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। इन सबके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। घर में अगर किसी को मानसिक रोग है तो वह तत्काल योग्य चिकित्सक को दिखाए। इस अवसर पर डॉ. महेश कुमार गुप्ता, डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. शजिया शाहीन, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, डॉ. नितिन कौशिक, प्रवीण कुमार, लोकेश, अमन आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में धार्मिक फैंसी ड्रेस में बच्चों ने बिखेरा जलवा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** ब्राह्मण शक्ति संघ एवं श्री राम सांस्कृतिक कला मंच के तत्वावधान में सीता रोड स्थित रामलीला मंच पर धार्मिक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 3 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चे भगवान के स्वरुप में सज कर आए।

गुरुवार को सीता श्री सनातन धर्म रामलीला मंच पर स्व. विमला देवी की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अधिकारी उपेंद्र पांडे और जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव रही। प्रतियोगिता 3 वर्ष से 7 वर्ष व 8 वर्ष से 12 वर्ष तक आयु वर्ग में करायी गई। जिसमें 40 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों में मिरका अग्रवाल, दीपांजलि पंडित, कश्वी मिश्रा, अनिरुद्ध शर्मा, सूर्यांश वार्ष्णेय, रूद्र नंदन, प्रियांशी आदि ने हिस्सा लिया। भगवान के रुवरुप में सजे हुए बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल में शालनी सक्सेना, सुनिता शर्मा व सुधा शर्मा रही। इस दौरान कवि माधव मिश्रा, वनवारी लाल पाठक, हरद्वारी लाल मिश्रा, विवेक मिश्रा, अभिनव शर्मा, मुकेश गौड, सचिन शर्मा, शिवराम वत्स आदि रहे।


धार्मिक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभागी।

## खेल

### गुमथल के विद्यालय में ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

# जयरोई हयातनगर व मझावली विद्यालय की टीमें रहीं प्रथम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आरंभ ग्राम प्रधानपति नंदकिशोर ने फीता काटकर किया। विजेता प्रतिभागियों को माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह व भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग की कबड्डी में जयरोई हयातनगर व बालिका वर्ग में मझावली विद्यालय की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में मझावली विद्यालय व बालिका वर्ग में मोहम्मदपुर काशी की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय की बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में सराय सिकंदर व बालिका वर्ग में मौलागढ़ की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय की बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में रोहित, बालिका वर्ग में फरीन ने प्रथम, बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में साकिब व बालिका वर्ग में आफिया ने प्रथम, बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में अमित व बालिका वर्ग में प्रीति ने प्रथम, बालक वर्ग की 600 मीटर दौड़ में अमित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बालक वर्ग की लंबी कूद में अमित व बालिका वर्ग में नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में नीतू व बालिका वर्ग में ज्योति ने प्रथम, 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में रितेश व बालिका वर्ग में सृष्टि, 400 मीटर बालक वर्ग की रितेश व बालिका वर्ग में सृष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की लंबी कूद में सानिब व बालिका वर्ग में मीनाक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कपूर, संकुल प्रभारी विवेक सक्सेना, हज्जू सिंह, उमेश यादव, हफीज, प्रेमपाल, शिशुपाल, डॉ. गौरव मिश्रा, भूदेव शंखधार, अमित शर्मा, अशोक पाठक, अमित कुमार, विजेंद्र यादव, प्रफुल्ल कुमार, अनुज कुमार, श्रद्धा शर्मा, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।


संभल में ट्राफी के साथ लिटिल फ्लॉवर्स एकेडमी के विजेता बच्चे। ● अमृत विचार

### मंडल स्तरीय खेल के लिए 25 छात्र-छात्राओं का चयन

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** लिटिल फ्लॉवर्स एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर के 25 छात्र, छात्राओं चयन मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चंदौसी इंटर कॉलेज, चंदौसी में 7, 8 व 9 अक्टूबर को हुई जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लिटिल फ्लॉवर्स एकेडमी के 21 छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान तथा 4 छात्र, छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में प्रियांशी बांगा चैंपियन और सीनियर बालक वर्ग में फैजान मलिक चैंपियन रहे। 25 छात्र छात्राओं का चयन मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ। मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता 17,18, व 19 अक्टूबर को महात्मा गांधी स्टेडियम राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय रामपुर में होगी। कॉलेज प्रबंधक बुध सिंह, अध्यक्ष अरविंद कुमार, प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह, शिवम नैन, मुकेश कुमार, तबस्सुम बेगम ने छात्र, छात्राओं, टीम मैनेजर दीपक धारीवाल तथा पीटीआई रविंद्र चौधरी को बधाई दी।

### कुत्ते ने हमला कर तीन लोगों को किया जख्मी

**संभल, अमृत विचार:** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला गिन्नौरी में कुत्ते ने एक महिला सहित तीन लोगों को काटकर जख्मी कर दिया।

मोहल्ला निवासी सज्जाद अली गुरुवार की देर शाम साढ़े छह बजे मोहल्ला में स्थित खाली मैदान में बैठे हुए थे। अचानक से दौड़ते हुए आए कुत्ते ने सज्जाद अली पर हमला कर दिया। इसके बाद रास्ते में जा रहे नजीर अहमद को भी कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। थोड़ी दूर पर ही रास्ते में रफीक की पत्नी परवीन खड़ी थी। वहां पहुंचकर कुत्ते ने परवीन के पैर में गहरा जख्म कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजन परवीन, सज्जाद अली व नजीर अहमद को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार कराया। वहीं मुहल्ला के लोगों ने घेरकर लाठी डंडों से पीट-पीटकर कुत्ते को मौत के घाट उतार दिया। लोगों ने बताया कि कुत्ता पागल हो चुका था।

## सार संक्षेप


छात्र-छात्राओं को संबोधित करतीं एसीपी अनुकृति शर्मा।

### नुक्कड़ नाटक से दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आराध्या वूमेन एंड वेलफेयर एसोसियशन के तत्वावधान में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत ग्राम भुलावई के सरोजनी नायडू जूनियर हाईस्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में एएसपी अनुकृति शर्मा ने बच्चों को आत्मरक्षा के टिप्स दिए व विषम परिस्थितियों में किन नंबरों को डायल करके हम राहत पा सकते हैं। उन्होंने कहा शारदीय नवरात्र में उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने फ्लैगशिप अभियान 'मिशन शक्ति' की शुरुआत की। समिति की अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि जब नारियां सुरक्षित होगी तो देश भी सुरक्षित होगा। कार्यक्रम में बच्चों ने ताइक्वांडो के द्वारा किस प्रकार हम आत्म सुरक्षा कर सकते हैं, यह समझाने का प्रयास किया। रेखा रानी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।


प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह को सम्मानित करते चेयरमैन पवन गुप्ता।

### छात्राओं संग महिला प्रभारी निरीक्षक ने किया डांडिया नृत्य

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जीनियस गर्ल्स स्कूल में नवरात्र पर छात्राओं को उपहार दिए गए। कोतवाली की प्रभारी निरीक्षक ने विद्यालय में सरकार की प्राथमिकता बताईं और स्कूल की छात्राओं व शिक्षिकाओं के साथ डांडिया नृत्य किया। गुरुवार की सुबह विद्यालय की ट्रस्टी शोभा वार्ष्णेय ने विद्यालय की छात्राओं को फल, फूल, मेवा व पाठ्य सामग्री उपहार के रूप में भेंट की। चेयरमैन पवन गुप्ता ने देवी स्वरूप बेटियों का सम्मान करते हुए इनको जीवन के सर्वोच्च शिखर तक पहुंचाने में पूरा योगदान देने का संकल्प लिया। देवीय शक्ति को ही समाज में कुरीतियों, अत्याचार व भ्रष्टाचार को नष्ट करने में सच्चा साधक बताया। कोतवाली की नई प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह ने विद्यालय पहुंची और छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व उनकी सुरक्षा को लेकर जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सुनील मिश्र, सारिका, महिमा, आकांक्षा, शीतल, मानसी, कोमल, स्वाति, आयुषी, फरीन, नीलिमा, प्रज्ञा, रेनू, दिति, भारती, आरती आदि मौजूद रहे।

### साक्षी सेवा समिति ने महिला को दी सिलाई मशीन

**चन्दौसी , अमृत विचार :** साक्षी सेवा समिति की शाखा साक्षी एडवोकेट यूनिटी के तत्वावधान में कचहरी परिसर में महिला सशक्तिकरण के तहत महिला को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया। संभल की जिला जज कमलेश कच्छल व यूनिटी की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा एडवोकेट व सदस्यों ने रेखा रानी को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महिला ने सिलाई व कढ़ाई करके अपने परिवार के पालन पोषण में सहयोग किया है। एडवोकेट यूनिटी ने ये निर्णय लिया है कि जिस महिला को आत्म निर्भर बनने के लिए सिलाई मशीन या अन्य किसी सहायता की आवश्यकता होगी। उसकी मदद की जाएगी। आत्म निर्भर महिला कार्यक्रम जीने की आशा का आरंभ जिला जज ने किया। इस अवसर पर संजय शर्मा, राजेश कुमार, विष्णु कुमार शर्मा, कविता सिंह, यज्ञदत्त शर्मा, सफिया कादिर, राहुल मिश्रा, आकाश श्रोत्रिय, अर्पित कुमार, मनीषा मोहन, नावेद पाशा, फिरोज आलम आदि अधिवक्त मौजूद रहे।


मिल परिसर में हवन करते एमडी अतुल सिंह व सीईओ अनुपम सिंह।

### वीनस शुगर मिल में हुआ बॉयलर पूजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** वीनस शुगर मिल में शुक्रवार को विधि विधान से बॉयलर का पूजन किया। ब्राह्मणों ने यज्ञ कर आहुतियां दीं। बहजोई रोड स्थित मझावली के पास वीनस शुगर में गुरुवार की सुबह बॉयलर हाउस में पूजा व अनुष्ठान किया गया। जिसमें ब्राह्मणों ने अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके उपरांत मिल के एमडी अतुल कुमार सिंह व सीईओ अनुपम कुमार सिंह ने बॉयलरों को गर्म करने की प्रक्रिया गुरुवार से आरंभ कर दी गई है। पेराई सत्र आरंभ होने तक बॉयलर पूर्ण रूप से ऊर्जावान हो जाएंगे। अनुपम सिंह ने कहा कि मशीनरी के निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, ताकि मिल अपनी क्षमता के अनुसार पैराई कर सके। मिल के एवीपी आरके सिंह ने कहा कि विगत वर्षों की तरह किसानों का भुगतान समय से किया जाएगा। इस अवसर पर मिल के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

### नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने किया मनोहारी प्रदर्शन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में दो दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता के दूसरे दिन कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि डांस एक कला है, जो हर बच्चे के अंदर होती है। इसी प्रतियोगिता से प्रतिभा को निखारना जा सकता है। डांस करने से शरीर के साथ ब्रेन भी एक्टिव और हेल्दी रहता है। नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने क्लासिकल डांस, डिस्को, हिप हॉप की प्रस्तुति दी। जिसमें दिव्यांशी, ईशानी, अन्य राय, क्यारा, आराध्या अग्रवाल, धनक, सारा, पीहू ने प्रथम, आरोही, नियांश, वान्या, नायरा, आयशा, एरिया, यशस्वी ने द्वितीय व होरन, एली, समृद्धि, अर्शजोत, जनजोत, उपासना, तारिणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल हुमा व लक्षिता मौजूद रही। इस अवसर पर प्रिया, नेहा, दिव्या, शालू, निशा, सिल्की आदि शिक्षिकाएं रहीं।


एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा।

### दूसरी शादी के विरोध पर पत्नी से मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में शादी के दो साल बाद भी संतान नहीं हुई तो पति ने दूसरी शादी की तैयारी कर ली। मंगेतर का नाम पति के बाजू पर गुदा देखकर पत्नी ने विरोध किया तो पति ने परिजनों के साथ मिलकर पत्नी के साथ मारपीट की। मायके वाले पहुंचे तो कमरे में बंद कर उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने महिला के मायके वालों को बंधनमुक्त कराया। अमरोहा जिले में थाना डिडौली क्षेत्र के गांव कमालपुर जैद निवासी शाने आलम ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि बहन शायरुन की शादी दो वर्ष पहले असमोली थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर साकीपुर निवासी नदीम के साथ हुई थी। संतान नहीं होने की वजह से नदीम दूसरी शादी करनी चाहता है। गुरुवार को शायरुन ने नदीम के बाजू पर किसी युवती का नाम गुदा देखा। पूछने पर नदीम ने इस युवती के साथ शादी करने की बात शायरुन को बताई। जिसकी शिकायत महिला ने सास व ससुर से की। आरोप है कि इसी बात को लेकर नदीम ने परिजनों के साथ मिलकर शायरुन के साथ मारपीट की। सूचना मिलने पर मायके से शायरुन की मां भूरी व भाई नामे मोहम्मद मौके पर पहुंचे तो नदीम ने कमरे में बंदकर उनके साथ भी मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस ने भूरी व नामे मोहम्मद को बंधनमुक्त कराया।

## एक नजर

### 15 लाख न देने पर बरात लाने से किया इनकार

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर में आवास विकास कॉलोनी निवासी मोहम्मद अमजद ने 13 फरवरी को अपनी बहन का रिश्ता नगर के मोहल्ला बगला निवासी शहरयार से किया था। रिश्ते में ढाई लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि शहरयार, उसकी बहन व अन्य ने शादी में दहेज के अलावा 15 लाख रुपये और देने की बात कही थी। अमजद का कहना है कि उनकी मांग को वह पूरा करने में असमर्थ रहा तो उन्होंने बरात लाने से इनकार कर दिया। बताया कि 29 सितंबर को चार लोग उसकी दुकान पर आ गए और रुपये मांगने लगे। बदनाम करने की बात कही और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने बाद में रिश्ता तोड़ दिया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में जांच की जा रही है।


नामांकन करने जाते सतीश कुमार, साथ में शिक्षक विधायक हरी सिंह ढिल्लो व अन्य।

## कड़ी सुरक्षा में हुए नामांकन

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच डायरेक्टर पदों के लिए नांमांकन कराए गए। इस दौरान 11 उम्मीदवारों ने डायरेक्टर पद के लिए नामांकन पत्र जमा किए। हर सीट पर केवल एक ही नामांकन हुआ। 17 अक्टूबर को चेयरमैन पद के लिए चुनाव कराया जाएगा।

उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने ने बताया कि सहकारी गन्ना विकास समिति में डायरेक्टर पदों के लिए नामांकन हुए। चेयरमैन उसी व्यक्ति को चुना जाएगा, जिसके लिए चुने गए डायरेक्टर मतदान करेंगे। बताया कि दो डायरेक्टर शासन से नामित होकर आएंगे। उनको मिलाकर समिति के 13 डायरेक्टर हो जाएंगे। चुनाव में डायरेक्टर चुने गए उनमें बुद्धि सिंह, रेखा रानी, चंद्रकेश सिंह, योगेश्वर, सतीश कुमार, कपिल कुमार, भंवर प्रकाश, कमल सिंह, रचना, बदन सिंह और नेमवती शामिल हैं।

### गन्ना समिति चुनाव : अमरोहा, मंडी धनौरा और गजरौला-हसनपुर की समितियों के लिए चुने जाने थे 31 डायरेक्टर

# सभी नियम धड़ाम, भाजपा ने कार्यकर्ताओं को सौंपी कमान

संवाददाता, रहरा (अमरोहा)

**अमृत विचार :** जिले में गन्ना समितियों के चुनाव में भाजपा के नेताओं ने सभी नियमों को दरकिनार कर अपनी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को ही बिना चुनाव कराए डायरेक्टर( निदेशक) की कमान सौंप दी। इससे डायरेक्टर बनने के सपने देखने वाले अन्य उम्मीदवार निराश हैं।

जनपद में गजरौला-हसनपुर, धनौरा व अमरोहा समेत कुल तीन गन्ना समितियां हैं। तीनों समितियों में कुल 31 डायरेक्टर (निदेशक) के पद हैं। इसमें गजरौला-हसनपुर गन्ना समिति में कुल 11, धनौरा में 9 और अमरोहा में 11 पद निर्धारित हैं। इन पदों की सीटें अलग-अलग आरक्षण के अनुसार आरक्षित थीं। डायरेक्टर (निदेशक) पद के लिए अमरोहा व धनौरा में बुधवार को नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ जमा करने की भी अंतिम तिथि थी। हसनपुर में केवल नामांकन पत्र खरीदने की तिथि थी।

जनपद में कुल 31 डायरेक्टर (निदेशक) पदों में एक-दो सीट को छोड़कर अधिकांश पर चुनाव होना था। इनमें कुछ सीटों पर भाजपा के सामने किसी अन्य विपक्षी पार्टी तो कुछ पर दोनों के ही प्रत्याशी भाजपा से जुड़े थे। जैसे ही अलग-अलग उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र खरीदने पहुंचे तो गन्ना समितियां के बाहर पुलिस फोर्स तैनात थी।

पता चला कि भाजपा के नेताओं ने बुधवार देर रात डायरेक्टरों (निदेशकों) की सूची बिना चुनाव कराए ही फाइनल कर दी। आरोप है कि उन्हीं भाजपा के उम्मीदवारों को नामांकन पत्र लेने के लिए अंदर जाने दिया, जिनके नाम भाजपा नेताओं की ओर जारी की गई डायरेक्टर (निदेशक) सूची में नाम शामिलथे।

यह सुनकर नामांकन पत्र खरीदने आए उम्मीदवार हैरान रह गए। कुछ उम्मीदवारों ने जब इधर-उधर से फोन कर अंदर प्रवेश किया तो पता चला कि चुनाव अधिकारी ही वहां से गायब हैं।

### जितनी सीटें, केवल उतने ही नामांकन पत्र बिके

**रहरा :** गुरुवार देर शाम जब धनौरा, अमरोहा व गजरौला-हसनपुर के चुनाव अधिकारियों से वार्ता की तो अमरोहा चुनाव अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि कुल 11 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। ये सभी जमा भी हो गए हैं। धनौरा चुनाव अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि कुल 9 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है, जो सभी जमा भी हो गए हैं। गजरौला-हसनपुर चुनाव अधिकारी सलिल भारद्वाज ने बताया कि गुरुवार को कुल 11 नामांकन पत्र बिके हैं। इस प्रकार तीनों गन्ना समितियों पर जितने डायरेक्टर (निदेशक) के पद थे। कुल मिलाकर उतने ही नामांकन पत्रों की बिक्री हुई और उतने ही जमा हुए।

- **कांग्रेस और सपा के नेताओं ने भाजपा पर लगाया चुनाव में मनमानी करने का आरोप**
- **नामांकन कराने पहुंचे उम्मीदवारों को कार्यालय में नहीं मिला प्रवेश**

संवैधानिक मूल्यों में भारतीय जनता पार्टी का कोई विश्वास नहीं है। लोगों को जबरन नामांकन पत्र न देकर उन्हें चुनाव लड़ने से रोका गया है। अधिकारियों से इसकी शिकायत की जाएगी।
**- ओंमकार सिंह कटारिया**
कांग्रेस जिलाध्यक्ष

गन्ना समितियों के चुनाव में भाजपा की ओर से मनमानी कर संविधान की धज्जियां उड़ाई गई हैं। इसकी जानकारी समाजवादी प्रदेश कार्यकारिणी को दे दी गई है। इस चुनाव प्रक्रिया की जांच होनी चाहिए।
**- मस्तराम यादव**
सपा जिलाध्यक्ष

विरोधी लोगों द्वारा भाजपा को बदनाम करने की साजिश है। सभी आरोप गलत हैं। चुनाव प्रक्रिया में भाजपा का कोई दखल नहीं है।
**- उदयगिरि गोस्वामी**
भाजपा जिलाध्यक्ष

# हाईवे पर दो ट्रकों में लगी आग, जलकर चालक की मौत

### जोया में संभल चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर हुआ हादसा, जयपुर का रहने वाला था मुकेश कुमार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जोया क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-09 पर संभल चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों ट्रकों में आग लग गई। हादसे में राजस्थान में जयपुर के रहने वाले चालक मुकेश कुमार (40) की जिंदा जलकर मौत हो गई। दूसरे ट्रक में सवार चालक और उसके सहायक ने कूदकर जान बचाई। हादसा गुरुवार तड़के 3 बजे हुआ।

बताया गया कि नेशनल हाईवे पर बुधवार रात 3 बजे दो ट्रक मुरादाबाद की ओर से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। आगे जा रहे ट्रक को गाजियाबाद जिले में मंसूरी थाना क्षेत्र के गांव ढबारसी निवासी आसिफ पुत्र आस मोहम्मद चला रहा था। इस ट्रक में बजरी लदी हुई थी। जबकि, पीछे आ रहे ट्रक में लड़की का बुरादा भरा हुआ था। इस ट्रक को राजस्थान में जयपुर जिले के गांव शाहपुरा निवासी मुकेश कुमार चला रहा था। जैसे ही दोनों ट्रक जोया क्षेत्र में संभल चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर पहुंचे, तभी बुरादा से भरा ट्रक आगे चल रहे बजरी के लदे ट्रक में घुस गया। टक्कर लगते ही दोनों ट्रकों में आग लग गई। इस बीच चालक मुकेश कुमार ट्रक के केबिन में फंसा रह गया। जिससे उसकी जलकर मौत हो गई। जबकि, दूसरे ट्रक के चालक व सहायक ने कूदकर अपनी जान बचाई। कई घंटे बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इस बीच डिडौली कोतवाली प्रभारी हरीशवर्धन सिंह भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

कई घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक दोनों ट्रक जल गए। आग बुझाने के बाद चालक के शव को केबिल से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर लगते ही दोनों ट्रकों में आग लग गई। इसमें बुरादा लदे ट्रक चालक की मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर चालक के परिजनों को सूचना दी गई है।


नेशनल हाईवे पर ट्रकों में लगती आग। ● अमृत विचार


आग बुझाती दमकल विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- **गाजियाबाद के ट्रक चालक, उसके सहायक ने कूदकर बचाई जान**

### इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर घुसा दूसरा ट्रक

**अमरोहा, अमृत विचार :** सीओ के अनुसार, हाईव पर आगे चल रहे ट्रक के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए तो पीछे से आ रहे ट्रक चालक से बेकाबू होकर टकरा गया। इससे दोनों ट्रकों में आग भड़क गई। बताया गया कि गुरुवार देर शाम राजस्थान से मृतक चालक के परिजन डिडौली कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने तहरीर दी है। इस पर कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रकों में आग की लपटें उठीं तो थम गए वाहन, हड़कंप

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया में संभल चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर दो ट्रक टकराने से आग लगने पर अन्य वाहन थम गए। आग की लपटें देखकर अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। आग की लपटें दूर दूर तक जा रही थीं। घंटों तक दोनों ट्रकों में लाग जलती रही। बताया गया की थोड़ी देर के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने दोनों ट्रकों को कब्जे में ले लिया। सूचना देकर अमरोहा, गजरौला और मुरादाबाद से दमकल की गाड़ियों को बुलाना पड़ा। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि ट्रकों के आसपास जाना मुश्किल हो रहा था। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मी आग बुझाने में कामयाब हो सके। इससे पहले ट्रक के केबिन में फंसे चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग लगने के बाद दोनों ट्रकों में भी भारी नुकसान हो गया। दो ट्रकों में लगी आग में जलकर चालक की मौत से अन्य वाहन सवार लोग घबरा गए। भीषण लपटें देखकर कोई भी ट्रकों के पास तक जाने की हिम्मत नहीं जुटा गया। पुलिस ने ट्रक नंबर का देकर मलिक को फोन किया। सीओ ने बताया कि ट्रक मालिक के माध्यम से चालक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया कैंटर, चालक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित बाईपास पर चप्पलों से लदा कैंटर चालक को नींद की झपकी आने से सामने से आ रही धान से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गया। इससे कैंटर चालक घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। जनपद मैनपुरी के एटा बाजपुर निवासी सुरजीत यादव दिल्ली से चप्पल लादकर कैंटर से चंदौसी जा रहा था। इस दौरान बुधवार रात जैसे ही उसका कैंटर बाईपास मार्ग पर ताज गार्डन के सामने पहुंचा तो अचानक चालक को नींद की झपकी आ गई। इससे सामने से आ रहे सकतपुर करनपुर निवासी छत्रपाल की धान से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से अनियंत्रित होकर कैंटर टकरा गया। इससे कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। गुरुवार सुबह दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच फैसला हो गया है।


क्षतिग्रस्त कैंटर।

## सार संक्षेप

### डीएम ने एडीपीआरओ को लगाई फटकार

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को वन विभाग की ओर से गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें डीएम ने निर्देशों के अनुपालन में क्या प्रगति हुई, इसकी जानकारी ली। ग्राम पंचायत में ठोस अपशिष्ट और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए की जा रही कार्रवाई, आरआरसी निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में पहुंचे अपर जिला पंचायत राज अधिकारी कोई भी जानकारी नहीं दे सके। संतोष जनक जवाब न मिलने पर नाराजगी जताई और फटकार लगाई। कहा कि पिछली कई बैठकों में डीपीआरओ नहीं आ रही हैं, यदि अगली बैठक वह नहीं आईं तो कार्रवाई की जाएगी। सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि बैठक में केवल विभाग अध्यक्ष ही आएंगे। सीवेज, घरेलू जलमल के शोध के लिए प्रस्तावित एसटीपी की डीपीआर तैयार करने के लिए दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी न होने पर बैठक में पहुंचे अधीनस्थों पर नाराजगी व्यक्त की।

### गोष्ठी में यातायात के नियमों की दी जानकारी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर स्थित वाईएमएस कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी इकाई की ओर से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत यातायात विषय पर एक गोष्ठी कराई गई। इसमें स्वयंसेवियों व एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। कस्बा चौकी प्रभारी सुभाष चौहान ने यातायात के नियमों की जानकारी दी। बताया कि सड़क पार करते समय हमेशा अपने दाएं और बाएं देखने के बाद ही निकलें। सड़क और परिवहन प्रत्येक मानवीय जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। इस बीच जीवन में जोखिम बढ़ा गया है। हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, हेलमेट पहनने, ओवरस्पीडिंग न करने, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन, एयर फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने की जानकारी दी। इस दौरान अधिकारी सोहन सिंह, जयवीर सिंह, नीरज आदि रहे।

### बलदाना के पास दिखा तेंदुआ, दहशत में ग्रामीण

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बलदाना के पास तेंदुआ दिखाई दिया। कार सवार युवकों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों के बीच दशहत है। बीते दिनों क्षेत्र के गांव खजूरी के प्राथमिक विद्यालय के पास तेंदुए का जोड़ा दिखाई दिया था। बुधवार रात तेंदुआ क्षेत्र के गांव बलदाना में सड़क किनारे दिखाई दिया। यहां से गुजर रहे कार सवार युवकों ने तेंदुए का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया कि कार सवार युवकों के सामने कई मीटर दूर तक तेंदुआ सड़क पर चला और फिर एक खेत में चला गया। तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत है। उधर, क्षेत्र गांव खादगूजर के ग्रामीणों ने भी जंगल में तेंदुआ दिखाई देने का दावा किया है। बीते दिनों वन विभाग की टीम ने गांव खजूरी में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया था। वन दरोगा राकेश कुमार के मुताबिक, लोकेशन ट्रेस होने पर तेंदुए को पकड़ा जाएगा।

### राष्ट्र निर्माण में रतन टाटा का अमूल्य योगदान : सुरमित

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर की ओर से उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान उनके जीवन से जुड़ी यादों पर प्रकाश डाला। शोकसभा में बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता ने कहा उद्योगपति रतन टाटा के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। यह उद्योग जगत ही नहीं, बल्कि समस्त समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका योगदान न केवल उद्योग जगत में, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में भी अमूल्य रहा। उनके मानवीय दृष्टिकोण, नेतृत्व और समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा ने उन्हें एक आदर्श व्यक्ति के रूप में स्थापित किया। तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने रतन टाटा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बार के अध्यक्ष गंगासरन, उपाध्यक्ष रामचंद्र सिंह, फतेह सिंह, शिवचरन सिंह, दिनेश गुप्ता, ऋषिपाल चौहान, हरिओम शर्मा, धीरेंद्र सिंह, केशव प्रजापति, रमेश चंद्र, नईम अहमद, अरविंद शर्मा, चरन सिंह चौहान, विनोद त्यागी, सुहैल अब्बास, संजीव कुमार, रामेश्वर सरन, मनोज सक्सेना, वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### 450 रुपये किया जाए गन्ना मूल्य: भाकियू

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** तहसील में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन एसडीएम बृजपाल सिंह को सौंपा। इसमें बताया कि किसान सम्मान निधि की धनराधि किसानों को खाते में दिलाई जाए। गन्ने का मूल्य 450 रुपये किया जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो सड़कें गांवों में तोड़ दी गई हैं, उन्हें जल्द ठीक कराया जाए। टंकी का पानी समय से दिया जाए। इस दौरान महिपाल सिंह सैनी, सोमपाल सिंह, धर्मदीप त्यागी, धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, गुमान सिंह, भगवान दास सैनी आदि मौजूद रहे।

### बंदरों को पकड़वाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवी संगठन के पदाधिकारियों ने बंदरों को पकड़ने और ई-रिक्शा चला रहे नाबालिगों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को एसडीएम कार्यालय पर राष्ट्रीय सेवी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र हुए और प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। बताया कि क्षेत्र में इस समय बंदरों का आतंक बढ़ गया है। इससे लोग काफी परेशानी हैं। बंदरों के हमले से काफी लोग घायल भी हुए हैं। बंदरों को जल्द ही पकड़ा जाए। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में नाबालिग ई-रिक्श चला रहे हैं। इस मौके पर कृष्ण कुमार शर्मा, हरीराज सिंह, सुशील आदि रहे

### छात्र-छात्राओं को दिलाई शपथ

**हसनपुर, अमृत विचार :** झम्मन लाल पीजी कॉलेज के छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। चेयरमैन गोपाल सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। बताया कि 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसमें कॉलेज के छात्र-छात्राएं लगातार नगर वासियों को जागरुक कर रहे हैं। इस मौके पर डॉ. हिरदेश कुमार, डॉ. उर्वशी, डॉ. शिवा शर्मा, डॉ. समर रजा, शिवानी चौहान, संजय कुमार, अशरफ आदि मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी ने लोगों से की शांति रखने की अपील

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता और एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने शहर में पैदल गश्त कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान उन्होंने आगामी त्यौहार दशहरा पर्व सहित अन्य त्योहारों को लेकर लोगों से आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। डीएम एसपी में क्षेत्राधिकारी नगर, उपजिलाधिकारी नगर तथा भारी पुलिस फोर्स सहित थाना अमरोहा नगर क्षेत्र के मुख्य बाजारो/स्थानों एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गस्त की। इस दौरान दौरान दुकानदारो/व्यापारियों से वार्ता कर कानून एवं शान्ति व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया तथा अराजक तत्वों व संदिग्ध गतिविधियों के दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा गया। इस दौरान डीएम ने नगर कोतवाली का निरीक्षण किया। अभिलेखों को देखा।

### महिला को बदनाम करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** इंस्टाग्राम पर महिला को बदनाम करने के लिए आपत्तिजनक पोस्ट डालने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला को बदनाम करने के उद्देश्य से इंस्टाग्राम पर पोस्ट डाली जा रही थी। महिला के साथ ही उसका पति का मोबाइल नंबर भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया था। महिला के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पीड़िता का कहना है कि पुलिस आरोपियों से हमसाज है। उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। वह अधिकारियों से इस मामले की शिकायत करेगी।

# जिले में गुणवत्तापूर्ण कराया जाए सड़क निर्माण : प्रभारी मंत्री

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने लोक निर्माण विभाग के वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित कार्यों की कार्ययोजना के प्रस्ताव के संबंध में कोर कमेटी की बैठक की।

अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खंड ने प्रस्तावित कार्यों के बार में मंत्री को जानकारी दी। अधिशासी अभियंता खंड ने राज्य योजना के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग, पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना, पर्यटन योजना, बाईपास इंटर स्टेट कनेक्टिविटी योजना, औद्योगिक, लॉजिस्टिक पार्क योजना, धर्मार्थ योजना, केंद्रीय मार्ग निधि योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत प्रस्तावित कार्यों की बिंदुवार जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि जो प्रस्ताव बनाए गए हैं, उन में यह देखा जाए कि जो कार्य ज्यादा महत्वपूर्ण है, उनको प्राथमिकता के साथ पूरा करें। रोड का निर्माण निष्पक्षता के साथ हो। पक्षपात न हो, गुणवत्ता पूर्ण हो। जो कार्य वास्तविक हैं, लोगों की सुविधा के लिए हितकर हैं, उनकी सूची अलग से बना ली जाए। मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के गोल्डन आवर के तहत घायल व्यक्तियों की जान बचाने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, सांसद कंवर सिंह तंवर, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, विधायक राजीव तरारा, विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी, पूर्व विधायक संगीता चौहान आदि मौजूद रहे।


बैठक में बोलते प्रभारी मंत्री केपी मलिक। ● अमृत विचार

### राष्ट्रवाद की भावना के साथ आगे बढ़ें युवा: मंत्री

**गजरौला, अमृत विचार :** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में गुरुवार को विकसित भारत-2047 मिशन के तहत राष्ट्र विकास में युवाओं की भूमिका, युवा मतदाता संवाद एवं स्वैच्छिक सदस्यता समारोह का आयोजन हुआ। इसमें वन, पर्यावरण जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केपी मलिक ने विकसित भारत अभियान में युवाओं की भूमिका को सर्वोच्च बताया। युवा शक्ति के दम पर भारत को फिर से दुनिया का सिरमौर बनाने की शपथ दिलाई। मंत्री ने कहा कि आने वाले कल में युवा शक्ति के बल पर न सिर्फ विकसित भारत का सपना पूरा होगा, बल्कि यह देश फिर से दुनिया का सिरमौर बनेगा। उन्होंने उपस्थित युवाओं को देश सेवा की शपथ दिलाते हुए सदस्यता अभियान का आरम्भ किया। उन्होंने कहा कि हम सभी जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद की भावना के साथ आगे बढ़े। इस दौरान प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलसचिव डॉ. पीयूष पांडेय, डॉ. राजेश सिंह, भाजपा नेता हिमांशु त्यागी, सुमित चौधरी, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. योगेश्वर शर्मा, अरुण गोस्वामी मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह आदि रहे।

**अनदेखी** बृजघाट से रजबपुर तक दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर 50 से ज्यादा अवैध कट

# होटलों के सामने अवैध कटों पर हो रहे सड़क हादसे

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की उदासीनता के चलते दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-09 पर अवैध कट बंद नहीं किए गए हैं। इन अवैध कटों की वजह से तेज रफ्तार वाहनों से आए दिन हादसे होते रहते हैं।

रविवार को भी अवैध कट की वजह से गांव शहबाजपुर डोर के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। बृजघाट से लेकर रजबपुर तक 50 से अधिक अवैध कट हैं। शॉर्टकट के प्रयास में वाहन चालक इन कटों से गुजरते हैं। अवैध कटों से गुजरने वाले वाहन नेशनल हाईवे पर तेज गति से दौड़ रहे वाहनों के सामने आ जाते हैं। ऐसे में वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और हादसा हो जाता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं।

दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे सिक्सलेन है। हाईवे किनारे सर्विस मार्ग भी बनाए गए हैं। सर्विस मार्ग से कोई वाहन सीधा हाईवे पर न चढ़े, इसके लिए डिवाइडर और नाला बनाकर उस स्लैब डाले गए हैं। सिक्सलेन होने के साथ ही हाईवे पर वाहनों की रफ्तार भी बढ़ गई है। ऐसे में यदि कोई वाहन अवैध कट से हाईवे पर पहुंचता है तो बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। इससे पहले भी नेशनल हाईवे किनारे संचालित होटलों के पास मिट्टी डालकर अवैध कट बना लिए हैं। इन से हादसों का खतरा भी बढ़ गया है।


नेशनल हाईवे पर बने अवैध कट से गुजरते वाहन।



अवैध कट से जाती कार। ● अमृत विचार

### गजरौला में 70 से अधिक होटल-रेस्टोरेंट

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर गजरौला में फूट हब है। 70 से अधिक होटल व रेस्टोरेंट हैं। हाईवे के चौड़ीकरण को लेकर अधिकतर होटलों के सामने डिवाइडर बन गए हैं। इससे कम ग्राहक आने के कारण होटल संचालकों ने मिट्टी डालकर अवैध कट बना लिए हैं। इन अवैध कटों की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं।

# मारपीट में किशोरी समेत 2 लोग घायल, भर्ती कराया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर हुई मारपीट में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। तहरीर पर पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

पहला मामला हसनपुर नगर के मोहल्ला शेखुपुरा का है। यहां मोहम्मद सफी का परिवार रहता है। उनके पड़ोसी युवक ने बिजली मीटर को उखाड़ दिया। जब उन्होंने युवक से इसका कारण पूछा तो वह भड़क गया। उसने अपने अन्य साथियों के साथ घर में घुसकर मारपीट की। इसमें मोहम्मद शफी की पत्नी सहाना घायल हो गई। वह कोतवाली पहुंचीं और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। उधर, गांव सिकरौली मिलक निवासी प्रेम की पुत्री लता घायल अवस्था में कोतवाली पहुंची। जहां उसने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही एक युवक ने उनके घर से मोबाइल चोरी कर लिए गए। जब उन्होंने इससे घर आने के लिए मना किया तो वह भड़क गया। गुरुवार सुबह लता खेत पर चारा लेने के लिए जा रही थी।

इस दौरान युवक ने गाली गलौज कर लता को मारापीटा। इससे वह घायल हो गई। घायल किशोरी परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल किशोरी को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। अपराध निरीक्षक बालेंद्र ने बताया कि तहरीर पर जांच की जा रही है। इसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### अमरोहा डिपो को जल्द मिलेंगी 50 ई-बसें

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा डिपो को जल्द ही 50 ई-बसें मिलेंगी। इन बसों के मार्गों पर चलने से परिवहन निगम की आय बढ़ेगी और यात्रियों को सफर करने में मदद मिलेगी। डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि परिवहन निगम को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए शासन ने मार्गों पर ई-बसों का संचालन करने का निर्णय लिया है। अमरोहा डिपो को जल्द ई-बसें उपलब्ध कराईं जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन बसों को हसनपुर, धनौरा, नूरपुर, गजरौला और मुरादाबाद के लिए चलाया जाएगा। इन बसों के आने से परिवहन निगम की आय बढ़ जाएगी और खर्च कम हो जाएगा। कहा कि मुरादाबाद मंडल को शासन की ओर से 350 ई-बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। मंडल के सभी डिपो को ये बसें उपलब्ध कराई जाएंगी।

### एमएसपी को लेकर कानून बनाया जाए

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार को किसानों की समस्याओं का निस्तारण करना चाहिए। एमएसपी को लेकर कानून बनाना चाहिए। बारिश से धन की खराब फसलों का किसानों को मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि 24 घंटे हमारे बीच रहकर क्षेत्र की जनसमस्याओं और किसानों सहित हर व्यक्ति की आवाज बुलंद करने वाले मीडियो कर्मियों की सुरक्षा के प्रति भी सरकार को गंभीर होना चाहिए। पत्रकार की दुर्घटना व घटना में मृत्यु होने पर उसके परिवार को मुआवजा दिया जाए। इससे पूर्व उनका नेशनल हाईवे ख्यालीपुर ढ़ाल पर स्थित एनपी सिंह ठाकुर के फार्म हाउस पर स्वागत किया गया। इस मौके पर ठाकुर एनपी सिंह, रिंकू सागर, सुभाष चौहान, आंगनपाल चौहान आदि मौजूद रहे।


हसनपुर के मां चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


वाराही माता मंदिर के बाहर लगी भक्तों की कतार। ● अमृत विचार

# माता महागौरी की हुई पूजा, कन्याएं जिमाईं

## श्रद्धालुओं ने घर में सुख-शांति और समृद्धि की कामना कर मां का आशीर्वाद लिया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के आठवें दिन गुरुवार को भक्तों ने माता महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने धन-संपदा और सौभाग्य का वरदान मांगा।

भक्तों ने सुबह को घर में माता को पुष्प, फल और मेवा अर्पित कर पूजा की। मां दुर्गा, मां काली की आरती के साथ दुर्गा चालीसा और नवरात्र व्रत, कथा का पाठ किया। इसके बाद हवन सामग्री, लौंग, कपूर, मिश्री, मेवा आदि के साथ घरों में अज्ञारी पूजन किया। फिर मंदिरों में जाकर माता को श्रंगार की सामग्री, नारियल अर्पित किया और घी-लौंग अर्पित कर कपूर से आरती की। श्रद्धालुओं ने कन्याओं की पूजा की और उनको भोजन कराया। उन्हें उपहार भी दिए। उपहार पाकर बच्चे खुश हुए। कन्या पूजन कर लोगों ने घर में सुख शांति समृद्धि की कामना कर मां का आशीर्वाद लिया। मां चामुंडा मंदिर के पुजारी पंडित सोमनाथ शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के आठवें दिन को महाष्टमी या दुर्गा अष्टमी भी कहा जाता है। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है। वह भगवान शिव की अर्धांगिनी है, इसलिए उनकी उपासना से महादेव का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

उधर, नगर के वाराही माता के मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने और जात लगाने के लिए दूसरे दिन भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर गेट से काफी दूर तक भक्तों की लंबी लाइन लगी नजर आई। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। मेले में लगी दुकानों पर श्रद्धालुओं ने खरीदारी की।

गुरुवार को नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट स्थित वाराही माता के मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने वाराही माता के चरणों में प्रसाद चढ़कर एवं जात लगाकर परिवार में सुख शांति का आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले में चार्ट पकौड़ी की दुकानों पर लुफ्त उठाया और खेल खिलौने की दुकानों पर जमकर खरीदारी की। मंदिर के सेवक मुनीश कुमार ने बताया कि यह वाराही माता का मेला सैंकड़ों वर्ष पुराना है। यह मेला हर वर्ष शारदीय नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी को लगता है। माता रानी के आशीर्वाद एवं भभूति लगाने से खुजली, दाग, फुंसी-फोड़े ठीक हो जाते हैं। इस मौके पर लोकेश कुमार, ललित कुमार, आदेश कुमार, बबलू, संजय कुमार, कैलाश, मनीष सागर आदि रहे।


मंडी धनौरा में कन्याओं को भोजन खिलाती महिला। ● अमृत विचार

### माता महागौरी का पूजन किया

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के आठवें दिन माता महागौरी का पूजन किया गया। घरों से लेकर मंदिरों तक आस्था उमड़ी। जगह-जगह कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया। श्रद्धालुओं ने परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। देर रात तक मंदिर में जयकारे गूंजे। ग्रामीण क्षेत्र में भी मंदिरों में भक्ति और आस्था का माहौल रहा। कन्या पूजन कर भंडारा और हवन किया। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर के पुजारी हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि भारतीय संस्कृति में कन्या का पूजन होता है। कन्याएं देवी स्वरूप होती हैं। कन्या चंडी व दुर्गा स्वरूप होती हैं। इनके पूजन से मानव के सभी कष्टों का निवारण होने के साथ मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### कन्याओं को भोज कराकर महागौरी से मांगा आशीर्वाद

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** क्षेत्र में घरों और मंदिरों में माता महागौरी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। गांव यूसुफपुर, सारी पीला कुंड, रामपुर जुन्नारदार, मखदुमपुर, जमना खास, बसेड़ा तगा, गजस्थल में शिव काली के मंदिर पर पूजा अर्चना की गई। कन्याओं को घरों पर भोज करा कर देवी के रूप में चरण स्पर्श किए और देवी माता महागौरी से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं बच्चियां। ● अमृत विचार

### बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**हसनपुर, अमृत विचार :** एचएसएस पब्लिक स्कूल की बाल वाटिका में गुरुवार को नवरात्र व विजयदशमी का पर्व हषोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य वरुण मोहन ने मां दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। नर्सरी के बच्चों ने मां दुर्गा की आरती, एलजी के बच्चों ने मां शेरावाली तेरा शेर आ गया, एलकेजी की छात्राओं ने डांडिया, यूकेजी के बच्चों ने रामायण की लघु नाटिका एवं कक्षा 5 के बच्चों ने गरबा पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक ने बच्चों एवं स्टाफ को धन्यवाद दिया। इस मौके पर निरंजन अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य अंकुर काशिव आदि मौजूद रहे।

### विद्यालय में मनाया गया विजयदशमी का पर्व

**अमरोहा, अमृत विचार :** घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर में विजयदशमी हर्षोल्लास से मनाया गया। नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने मन मोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चे राम, सीता, हनुमान, रावण की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे। बच्चों ने रावण सेना और वानर सेना के बीच युद्ध का मंचन किया। अंत में रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र वर्मा ने बच्चों को पुरुषोत्तम भगवान राम के बारे जानकारी देकर अच्छे कार्य करने की प्रेरणा दी। इस दौरान विद्यालय की प्रबंधिका अंजलि टंडन, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।


रावण के पुतले पर तीर चलाता बच्चा।


ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### स्कूल में धूमधाम से मनाया डांडिया महोत्सव

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर स्थित ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को डांडिया महोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा घाघरा-चोली व कुर्ता-पायजामा, पहनकर गरबा और डांडिया किया। विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षिकाओ ने गरबा और डांडिया की धुनों पर जमकर नृत्य किया। स्कूल के प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को एक मंच प्रदान करते हैं। जहां वे अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सकते हैं और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को करीब से जान सकते हैं। अंत में स्कूल प्रधानाचार्या अंजलि दुबे ने सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को अपनों से जोड़े रखते हैं। इस दौरान निर्देशिका राखी अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंजलि दुबे आदि रहे।

### झोलाछाप के साथ फरार हुई महिला को किया बरामद

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से अपने प्रेमी के साथ 6 दिन पूर्व हुई फरार विवाहिता को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी झोलाछाप की बुआ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपने परिवार के साथ रहती हैं, जहां उसका आना-जाना था। इस बीच 6 दिन पहले झोलाछाप के साथ विवाहित घर छोड़कर चली गई। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर उसकी बरामदगी की मांग की। पुलिस ने गुरुवार को उसे व झोलाछाप को पकड़ लिया।

### दीप्ति ने यूनिवर्सिटी में किया टॉप

**हसनपुर, अमृत विचार :** राजकीय डिग्री कालेज की एमए शिक्षा शास्त्र की छात्रा दीप्ति गोयल ने परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाकर यूनिवर्सिटी में टॉप किया है। गजरौला निवासी सुनील गोयल की पुत्री दीप्ति हसनपुर के राजकीय डिग्री कॉलेज में एमए शिक्षा शास्त्र की छात्रा है। कॉलेज के प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि छात्रा ने एमए शिक्षा शास्त्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी टॉप किया है। 14 अक्टूबर को होने वाले दीक्षांत समारोह में छात्रा को सम्मानित किया जाएगा।

### गंगा में डूबे युवक की पीएसी की टीम ने तलाश की

**गजरौला, अमृत विचार :** गंगा में डूबे युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। गुरुवार को पीएसी की टीम ने भी गंगा में उसकी तलाश की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव तिगरिया भूड़ निवासी विकास पुत्र गुरुवेंद्र सिंह बीती एक अक्टूबर को अपने दोस्तों के साथ गंगा नहाने के लिए तिगरी गया था। बताया जाता है कि वहां नहाते वक्त विकास गंगा में डूब गया था। काफी तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल सका था। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि पीएसी की टीम ने गुरुवार को युवक की गंगा में तलाश की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका।

# रावण-हनुमान संवाद, लंका दहन का हुआ मंचन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रामलीला ग्राउंड पर चल रहे रामलीला महोत्सव में गुरुवार को श्री दुर्गा सीनरी कला केंद्र मेरठ के कलाकारों ने रावण-हनुमान संवाद, लंका दहन, हनुमान जी द्वारा श्री राम को सीता माता का समाचार सुनाना, रावण- विभीषण संवाद हुआ। विभीषण का रामदल में प्रवेश, रामेश्वर स्थापना, रामसेतु निर्माण, रावण-अंगद संवाद, लक्ष्मण मूर्छा, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना, भरत हनुमान संवाद, लक्ष्मण मूर्छा खुलने का मंचन किया। इस दौरान कमेटी के संरक्षक रमेश कालू, अजय अग्रवाल, करुणेश गोयल, विनोद गुप्ता, विशाल गोयल आदि रहे।


अमरोहा में चल रहे रामलीला महोत्सव में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### सीता की खोज में निकले राम-लक्ष्मण

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** दढ़ियाल में श्री रामलीला समिति की ओर से चल रही रामलीला में कलाकारों ने सीता हरण का मंचन किया। जटायु वध, सीता की खोज का मंचन देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। दिखाया कि सोने का मृग देख सीता जी ने उसे पाने की जिद की। भगवान राम ने मृग का पीछा किया, माया रूपी मृग भगवान राम को जंगल की ओर लेकर चला गया। यह मंचन देखकर दर्शक भावविभोर हो गए।

# रावण ने जानकी का किया हरण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** रामलीला मैदान पर चल रहे रामलीला मंचन के दौरान देवी जोगी बंधन मुक्त हुआ करते हैं। समय और प्रतीक्षा की घड़ियां इन्हें नहीं बांध सकतीं। यह द्वार नहीं तो कोई अन्य द्वार सही, माता जानकी का हरण करने आए रावण ने जब यह संवाद कहे तो संपूर्ण पंडाल दर्शकों की तालियों से गूंज उठा।

श्री शिव महामंडल रामलीला समिति की ओर से चल रही रामलील में बुधवार रात प्रभु श्री राम की लीलाओं के मंचन हुआ। यहां वृंदावन वाले ठाकुर कमल की मंडली के कलाकारों ने मंचन किया। इस दौरान समिति के प्रबंधक राकेश अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, लोकेश अग्रवाल, अर्जुन यादव, जयपाल सैनी, विनोद आदि रहे।


मंचन करता कलाकार।

# कांठ के ठेकेदार को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** गैराज में कार ठीक कराने आए नगर पालिका के ठेकेदार को युवक ने गोली मार दी। इससे ठेकेदार गंभीर से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के मंडी समिति रोड स्थित गैराज की है। कांठ थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी विनीत कुमार नगर पालिका अमरोहा में ठेकेदार हैं। गुरुवार सुबह 7 बजे वह घर से अमरोहा आए थे। बताया कि 10 बजे वह मंडी समिति रोड स्थित एक गैराज पर अपनी कार ठीक कराने के लिए आए थे। यहां नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव मूंढ़ामुकारी का रहने वाला गौरव पहले से मौजूद था। दोनों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि विनीत कुमार को देखते ही गौरव ने उससे झगड़ना शुरू कर दिया। दोनों में मारपीट हुई। इसके बाद गौरव ने तमंचे से विनित कुमार पर फायर झोंक दिया। पेट में गोली लगने पर घायल विनीत बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। घटना के बाद आरोपी गैराज से फरार हो गया। सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायल विनीत कुमार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में तहरीर पर आरोपी गौरव के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# तीमारदार और चिकित्सक के बीच नोकझोंक, हंगामा

- आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, पुलिस ने किया चालान
- मरीज का उपचार नहीं करने पर भड़का था आदिल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मरीज को उपचार नहीं मिलने पर तीमारदार और चिकित्सक के बीच तीखी बहस हो गई। तीमारदार ने वीडियो बनाया तो चिकित्सक ने उसका मोबाइल छीन लिया। इस पर उसने हंगामा किया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस तीमारदार को थाने ले गई।

जिला अस्पताल में गुरुवार को अमरोहा शहर निवासी वसीम अपनी टांग के उपचार के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि पिछले साल उन्होंने अपनी टांग का ऑपरेशन कराया था। इसमें अब पस पड़ गया है। 4 दिन से वह रोजाना अस्पताल में चिकित्सक को दिखाने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन उपचार नहीं मिल पा रहा। गुरुवार को भी वह अस्पताल पहुंचे, लेकिन उपचार मिलने नहीं पर उन्होंने अपने पड़ोसी आदिल को जिला अस्पताल में बुला लिया। तीमारदार आदिल और चिकित्सक में उपचार करने को लेकर बहस हो गई। आदिल ने अपने मोबाइल से वीडियो बनाया तो चिकित्सक ने विरोध किया। इस पर आदिल ने हंगामा किया। हंगामा देखकर मरीजों में भगदड़ मच गई। चिकित्सकों ने भी ओपीडी बंद कर दी। एक घंटे तक ओपीडी बंद रही। सूचना के बाद थाना प्रभारी राजेश कुमार तिवारी पुलिस फोर्स के साथ जिला अस्पताल में पहुंच गए। तीमारदार आदिल को समझने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना। इस पर पुलिस उसे समझ बुझाकर थाने ले गई। मामले में सीएमएस के आदेश पर डॉ. चरण सिंह ने आरोपी आदिल के खिलाफ थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की तहरीर पर आदिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी का चालान कर दिया है।


हंगामा कर रहे तीमारदार आदिल को समझाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**पुण्यतिथि** जिले भर में मुलायम सिंह यादव को दी गई श्रद्धांजलि, सपाईयों ने उनके जीवन पर डाला प्रकाश

# सपा संस्थापक ने वंचितों के हक के लिए उठाई आवाज

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

शहर में बस्ती रोड स्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राहुल कौशिक के आवास पर हुई सभा में जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक व नौगांवा सादात विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी जिताम्बर यादव ने कहा कि नेता जी ने हमेशा कमजोर, शोषित, वंचितों के हकों की आवाज उठाई। समाजवादी पार्टी की स्थापना कर उन्हें राजनैतिक ताकत प्रदान की। सभा में नगर क्षेत्र के अध्यक्ष कामिल मंसूरी, सचिन यादव, राजेन्द्र सिंह, फरमान सिद्दीकी, पंकज कौशिक, इश्तियाक मलिक, नौशाद शेख, फैयाज टक्कर, अरूण यादव मौजूद रहे। उधर, सपा नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी के पति चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने पार्टी कार्यालय पर मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई। यहां सुभाष ठेकेदार, अनिल प्रधान, सतीश सिंह, सतेंद्र सिंह, सतेंद्र प्रधान, अमन सिरोही, शुभम चड्ढ़ा, नमन चौधरी, मोहित सिद्धू, निशांत, विपिन सिरोही आदि रहे।


अमरोहा में चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक महबूब अली व अन्य।


गजरौला में पुष्प अर्पित करते भूपेंद्र सिंह व अन्य।

### किसानों को साथ लेकर चलते थे नेताजी: महबूब

**अमरोहा, अमृत विचार :** पूर्व कैबिनेट मंत्री और अमरोहा सदर विधायक महबूब अली ने कार्यालय पर मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान विधायक व सपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूलमाला चढ़ा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। गुरुवार को नगर विधायक महबूब अली के कैंप कार्यालय में पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। विधायक ने कहा कि नेताजी हमेश दलित, मुस्लिम, किसानों को साथ लेकर चले। उन्होंने देश और प्रदेश के विकास के लिए कार्य किया। इस दौरान वीरभान सिंह यादव, इकरार, जाहिद हुसैन, मुख्तार नकवी, साजिद अली, सादिक पहलवान, राजकुमार यादव, यासीन फारूक आदि शामिल रहे।

### मुलायम सिंह के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर सराय में स्थित मंगू सिंह स्मारक जूनियर हाईस्कूल में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। पूर्व विधायक अशफाक अली खान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य व प्रबंधक रवि यादव, उनके साथियों ने मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पीत कर श्रद्धांजलि दी। उनकी विचारधारा समाजवाद पर प्रकाश डाला। उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान शिव काली का मंदिर कमेटी गजस्थल के प्रबंधक कैलाश यादव, सतीश यादव, नरेंद्र सिंह, रामकुमार सिंह, रामनाथ सिंह, राजेंद्र सिंह, रामशरण सिंह, राजपाल सिंह और नन्हे खान आदि मौजूद रहे।

# पेड़ पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव शबजपुर गुर्जर में महिला का शव पेड़ के सहारे फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने मायके वालों को सूचना दी तो वे गांव पहुंचे और उन्होंने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले में जांच की।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर कला निवासी कुडे. सिंह ने अपनी बेटी राजेश्री (30) की शादी 2010 में मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर गुर्जर निवासी चंद्रशेखर के साथ की थी। महिला के मायके वालों ने बताया कि उन्होंने शादी में अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया था। उनका आरोप है कि ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। शादी के बाद से ही वे राजेश्री को परेशान कर रहे थे। लगातार दहेज की मांग कर रहे थे। गुरुवार देर शाम राजेश्री का शव गांव के पास ही आम के पेड़ के सहारे फंदे पर लटका मिला।

ग्रामीणों ने शव देखकर मायके वालों को सूचना दी तो वे बेटी की ससुराल पहुंचे। यहां उन्होंने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया है कि महिला का शव पेड़ पर लटका मिला है। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


राजेश्री का फाइल फोटो

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: इज्जत./इलै./ओ.टी./20/2024, दिनांक 09-10-2024

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:-

**क्रम सं.-01,** कार्य का नाम: इज्जतनगर मण्डल के टनकपुर स्टेशन पर (2 टन) मैकेनाईज्ड लान्ड्री का प्रावधान से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **विवरण:** अनुमानित लागत रू. में: ₹ 64,60,778.05, धरोहर राशि रू. में: ₹ 1,29,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.में: शून्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 04-11-2024, 11:00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: चार माह।

• इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मुजाधि/विद्युत-149 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## एक नजर

### रुविवि में ऑनलाइन मिलेगा माइग्रेशन व डिग्री

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को माइग्रेशन और डिग्री के लिए विश्वविद्यालय में आकर लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। उन्हें ऑनलाइन ही डिग्री और माइग्रेशन मिलेंगे। दीक्षांत समारोह के बाद ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यूनिवर्सिटी प्रशासन के मुताबिक डिजिटल परिवर्तन से विद्यार्थियों का अनुभव बेहतर होगा और पारदर्शिता आएगी। विश्वविद्यालय में सुविधाओं का भी विकास किया जा रहा है। ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, वर्चुअल क्लासरूम और ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली भी विकसित की जाएगी। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि इस पहल से छात्रों को एक समृद्ध और तकनीकी रूप से सक्षम शिक्षा प्रदान करना है। यह पहल न छात्रों के लिए एक नई दिशा प्रस्तुत करेगी।

### बद्रीनाथ में बारिश और हेमकुंड साहिब में बर्फबारी

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में मौसम बदल गया है, कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। बद्रीनाथ धाम में गुरुवार को बारिश और हेमकुंड साहिब में बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बीच ही हेमकुंड साहिब व लक्ष्मण मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो गए। बारिश होने से बद्रीनाथ धाम में ठंड में इजाफा हो गया है, वहीं कड़ाके की ठंड हो रही है। वहीं हेमकुंड साहिब में बर्फबारी शुरू हो गई है। हेमकुंड साहिब में बर्फबारी हो रही है। वहां, अब तक करीब दो इंच तक बर्फ जम चुकी है। बर्फबारी के बीच हेमकुंड साहिब स्थित गुरुद्वारे में गुरुवार को साल की अंतिम अरदास पढ़ी गई। इसके बाद दरबार साहिब से पंच प्यारों की अगुवाई में गुरुग्रंथ साहिब को सचखंड में सोवित किया गया। दोपहर एक बजे हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो गए। पास ही स्थित लक्ष्मण मंदिर के कपाट भी शीतकाल के लिए बंद हो गए।

### रामलीला में पंचवटी प्रसंग का मंचन किया

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मंदिर पौड़ा खेड़ा पर सनातन धर्म ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही रामलीला में सूर्यवंश कला मंच मुरादाबाद के कलाकारों ने मंचन किया। कलाकारों ने रामलीला में पंचवटी प्रसंग से सीता खोज का मंचन किया। वहीं, राजमहल में भी रामलीला का मंचन जारी है। मेला प्रबंधक प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि दशहरे पर मेले की व्यवस्थाएं जारी हैं।

# डंपर से कुचलकर युवक की मौत क्रेन से डंपर उठाकर निकाला शव

## दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव दुधारी के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



डंपर के नीचे दबी युवक की बाइक।

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस वे पर काम में लगाए गए तेज रफ्तार से आए डंपर ने बाइक सवार को कुचल दिया। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। दो क्रेन मंगवाकर शव को डंपर के पहिया के नीचे से निकाला गया। सूचना मिलने पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव प्रसिद्धपुर निवासी प्रमोद उर्फ शुक्ले (35) दूध बेचकर अपने माता-पिता, पत्नी और तीन बच्चों का पालन पोषण करते थे। वह गुरुवार को किसी काम से बाइक से जा रहे थे। रास्ते में गांव दुधारी के पास मिट्टी लेकर एक डंपर तेज रफ्तार से आया और प्रमोद की बाइक को टक्कर मार दी। डंपर चालक ने ब्रेक लगाए लेकिन तब तक प्रमोद डंपर के अगले पहिया से कुचल गए थे। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर प्रमोद के परिजन और पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। लोगों ने बताया कि एक डंपर दूसरे डंपर को साइड देने पहले तेज ब्रेक लगाए और फिर तेज रफ्तार से डंपर बैक कर रहा था। जिसके चलते प्रमोद पहिया से कुचल गए और उनकी बाइक डंपर में फंस गई। दो क्रेन मंगवाकर डंपर को हटाकर शव और बाइक बाहर निकाली जा सकी। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है।

# एलएलबी, बीबीए व बीसीए की परीक्षा की तैयारी, 15 से भरे जाएंगे फार्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 3 नवंबर तक छात्र ऑनलाइन भर सकेंगे फार्म

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 के एलएलबी, बीबीए, बीसीए समेत कई पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए 15 अक्टूबर से परीक्षा फार्म भरे जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी, बीएएलएलबी, एलएलएम, बीबीए, बीसीए, बिलिब, एमलिब, एमएसडब्ल्यू, पीजीडीसीए, बीकॉम वित्त व वित्तीय सेवा के विषम सेमेस्टर के संस्थागत, भूतपूर्व, बैक, सुधार परीक्षा और छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के फार्म 15 अक्टूबर से 3 नवंबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन भरे जाएंगे। 5 नवंबर तक छात्रों को भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।

इसके अलावा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बीटेक, एमटेक, बीफार्मा, एमफार्मा, एमएससी, एमसीए, एमबीए, एमएड, एमए, होटल मैनेजमेंट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम आदि के भी परीक्षा फार्म 15 अक्टूबर से 3 नवंबर तक भरे जाएंगे।

### अपूर्ण रिजल्ट में सुधार के लिए 21 तक दें प्रार्थना पत्र

विश्वविद्यालय वर्ष 2023 की स्नातक और परास्नातक की मुख्य परीक्षा, सुधार परीक्षा, सेमेस्टर की बैक परीक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं नष्ट करेगा। विश्वविद्यालय ने 19 फरवरी तक सभी परिणाम जारी किए थे। विश्वविद्यालय ने छात्रों से कहा कि जिन छात्रों का परिणाम अधूरा है तो वह 21 अक्टूबर तक गोपनीय विभाग में प्रार्थना पत्र दे दें, इसके बाद उनके प्रकरण का निस्तारण नहीं किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### जाति प्रमाण पत्र के फर्जीवाड़े में कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** काशीपुर के गढ़ी नेगी वार्ड 15 निवासी सरस्वती पत्नी चरन सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि रवि कुमार पुत्र छोटे सिंह निवासी ग्राम सुंदरनगर भूतखेड़ा तहसील ठाकुरद्वारा ने 16 फरवरी 2022 को उपनिबंधक कार्यालय सदर प्रथम मुरादाबाद में स्वयं को धनगर जाति का दर्शाकर बैनामा पंजीकृत करवा लिया है, जबकि रवि कुमार की पैतृक जाति गड़रिया है। जोकि पिछड़ी जाति ओबीसी के अंतर्गत आती है। रवि कुमार के भाई रोहिताश व हरिराज सिंह भी सुंदरनगर भूतखेड़ा में रहते हैं। उसने 7 सितंबर 2024 को संपूर्ण समाधान दिवस में तीनों भाइयों रवि कुमार, रोहिताश, हरिराज पुत्रगण छोटे की जाति तस्दीक कराने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। अधिकारियों ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। उसने दोबारा संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र दिया, लेकिन कार्रवाई नहीं की है। सरस्वती देवी ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनाने पर लेखपाल व अन्य आरोपियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर जाति तस्दीक कराने की मांग की है।

### महर्षि वाल्मीकि पर टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन



प्रदर्शन करते वाल्मीकि समाज के लोग।

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने कोतवाली के बाहर प्रदर्शन कर रामलीला मंचन में महर्षि वाल्मीकि को लेकर अशोभनीय टिप्पणी का विरोध किया। समाज के लोगों ने पुलिस से कलाकारों और रामलीला कमेटी पदाधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। भावाधस के कार्यकर्ता गुरुवार को कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाली के बाहर प्रदर्शन कर प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि सुरजननगर में झंडा चौक पर रामलीला मंचन के दौरान 9 अक्तूबर रात रामलीला मंचन के दौरान महर्षि वाल्मीकि को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की है। इससे वाल्मीकि समाज की भावनाएं आहत हैं। उन्होंने रामलीला कमेटी और कलाकारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसमें राकेश दानव, मुकेश चौधरी, राजेश कुमार, रमेश चौधरी, राजकुमार, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, राकेश अनुराही, इंद्र कुमार, नरेश कुमार, देवेंद्र नागपाल, गौरव कुमार, मोनू बाबा आदि थे।

### भाकियू टिकैत की बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**छजलैट, अमृत विचार :** छजलैट स्थित किसान भवन में आयोजित भाकियू टिकैत की बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष का निर्णय हुआ। बैठक में आगामी गन्ना पिराई सत्र के लिए चीनी मिलों को अक्टूबर के अंत तक चलाने, मिल चलने से पहले गन्ने का खरीद मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने, लिखित में दिए गन्ना क्रय केंद्रों के प्लेटफार्म बड़े करने, गन्ना कोल्हू पर लगे प्रतिबंध को निरस्त करने, बिजली के जर्जर तारों को बदलने, विद्युत चोरी प्रकरण में पड़े जुर्माने को कम करने तथा ओटीएस में लाकर निस्तारण करने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि 22 अक्टूबर को गन्ना समिति कांठ में समीक्षा बैठक करेगी। इस दौरान ऋषिपाल सिंह, देवेंद्र सिंह ढाका, धर्मपाल सिंह मंत्री, अनोज चौधरी, अरविंद जॉनी, भविष्य विश्नोई, प्रिंस चौधरी, पीयूष चौधरी, समरपाल सिंह, महेश ठाकुर, सलीम अहमद, रणवीर सिंह उपस्थित रहे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो छात्र घायल

**छजलैट, अमृत विचार :** छजलैट निवासी अनस पुत्र कासिम और अल्तमस पुत्र शमीम अहमद लक्ष्य कॉलेज में बीए के छात्र हैं। गुरुवार दोपहर बाद बाइक यूपी21सीडब्ल्यू 0467 से दोनों कॉलेज से घर लौट रहे थे। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अल्तमस की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है, जिसे मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि अनस की हालत भी गंभीर है। सूचना मिलते ही कांठ के थाना अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

# कृष्ण-सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई

संवाददाता, बिलारी



भागवत कथा में मौजूद महिला श्रद्धालु।



मीराबाई के चरित्र का मंचन करते कलाकार।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम आरीखेड़ा में शारदीय नवरात्र पर प्राचीन शिव मंदिर पर चार अक्टूबर से चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा गुरुवार को सम्पन्न हो गई।

श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री ने कृष्ण और सुदामा के चरित्र का वर्णन किया। कहा कि सुदामा ने कृष्ण के महल पहुंचकर द्वारपालों से कृष्ण से मिलने की इच्छा जाहिर की और बताया कि वह कृष्ण के मित्र हैं। कृष्ण यह सुनकर सुदामा के पास आते हैं और उनके गले लगकर रोते हैं। यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर रिंकू शर्मा, महेश शर्मा, सोनू शर्मा, रूपचंद पाल, विनोद कुमार शर्मा, जितेंद्र चंद्रवंशी, राजेश कुमार दिवाकर, भुवनेश कुमार, संजय सैनी, जेपी यादव, ठाकुर सुरेंद्र सिंह, शिवनाथ शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, रानी शर्मा, प्रियंका शर्मा, रश्मि शर्मा, रीना शर्मा, काजल शर्मा, राधा शर्मा, सर्वेश शर्मा, निर्मला ठाकुर, छाया ठाकुर, गुंजन ठाकुर, गोविंद कठेरिया, सौरभ कठेरिया, विजय यादव, पंडित अजय शर्मा, आकाश शर्मा, सोमपाल दिवाकर, धीर सिंह दिवाकर आदि मौजूद रहे।

### रासलीला में कृष्ण भक्त मीराबाई के चरित्र का मंचन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रामलीला मैदान में चल रही रासलीला में श्री राधा रसिक बिहारी मंडल वृंदावन के कलाकारों ने मीराबाई के चरित्र का मंचन किया। गुरुवार को कृष्ण व मीराबाई का मंचन करते हुए कलाकारों ने दिखाया कि राज परिवार में जन्मी मीराबाई के बाल मन में कृष्ण की ऐसी छवी बसी थी कि मृत्यु तक मीरा ने कृष्ण को ही अपना सब कुछ माना। इस दौरान प्रबंधक अवनीश कुमार शर्मा, दिनेश पुठिया, आशीष मिश्रा, अजय सक्सेना, आकाश दिवाकर, आयुष शर्मा आदि मौजूद रहे।

# घर के बाहर सो रहे लोगों पर तलवार से हमला

**कुंवरगांव (बदायूं), अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने घर पर सो रहे एक बच्चे समेत तीन लोगों पर तलवार से जानलेवा हमला किया। ग्रामीणों युवक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी को जेल भेजा।

मामला थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव औरंगाबाद का है। बुधवार रात लगभग एक बजे कस्बा कुंवरगांव निवासी सोहनपाल पुत्र बेनीराम तलवार लेकर घूम रहा था। उसने जान से मारने की नीयत से घर के बाहर सो रहे कस्बा निवासी पप्पू रस्तोगी पुत्र राजेंद्र पर तलवार से हमला करके घायल कर दिया। जिसके बाद सोहनपाल पास के गांव औरंगाबाद खालसा पहुंच गया। जहां आंगन में सो रहे रमाशंकर पुत्र श्याम बिहारी आठ साल के अनिल पर भी तलवार से हमला किया। रमाशंकर का जबड़ा कटा गया।

# मिशन शक्ति के तहत डायट में कार्यक्रम

संवाददाता, कांठ



प्रशस्ति पत्र लिए प्रशिक्षु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मिशन शक्ति के अन्तर्गत व अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 11 अक्टूबर की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने किया। कार्यक्रम में डायट के डीएलएड प्रशिक्षुओं के मध्य भाषण, वाद विवाद, कविता, पोस्टर आदि प्रतियोगिताएं हुईं। संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि बालिकाओं के अधिकारों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाने की घोषणा की थी। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों का संरक्षण, उनके सामने आने वाली चुनौतियों का मुकाबला करना, बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। डायट प्रवक्ता आशुतोष त्यागी ने बालिकाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने पर चर्चा की। डायट प्रवक्ता अंशु गुप्ता ने समाज में बालक और बालिका दोनों को समान मानने के लिए सभी से आह्वान किया। डायट प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार ने बालिकाओं के संरक्षण और बाल विवाह आदि समस्याओं पर समाज को मार्ग दर्शित किया। डॉ. लोकेंद्र कुमार, डॉ. अनिल कुमार यादव ने बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डायट प्रवक्ता शशि वाला ने किया। कार्यक्रम में डीएलएड प्रशिक्षु इमरान, मोनिका, कनुप्रिया, मर्जीना, गीतांजली, नेहा, रिया, रश्मि, कनुप्रिया मयंक, मनोज, चंद्रवीर, प्रार्थना शर्मा, दिव्या, लक्ष्य, जयवीर प्रताप सिंह, मोहित कुमार सागर, विन्देश्वर प्रजापति, नीशू ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागी प्रशिक्षुओं को संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# वीडियो वायरल होने पर तेंदुए की तलाश में वन विभाग की टीम ने की कांबिंग



तेंदुए की तलाश करती वन विभाग की टीम।

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कमलापुरी रोड स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज के रास्ते में चकरोड पर लेटे तेंदुए व वाहन की आवाज पर जंगल में भागने की वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसकी जानकारी पर वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर तेंदुए की तलाश की। क्षेत्र में तेंदुए के होने की खबर पर कई गांवों के ग्रामीणों में दहशत है।

गुरुवार को वन विभाग के दरोगा पीयूष जोशी व मदन कुमार टीम के साथ राजकीय डिग्री कॉलेज के क्षेत्र में पहुंचे और तेंदुए की लोकेशन ट्रेस की। टीम ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। टीम को चकरोड पर तेंदुए के पैरों के निशान भी मिले। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 1 वर्ष से इस क्षेत्र में तेंदुआ देखा जा रहा है, लेकिन उसने अभी तक किसी को कोई हानि नहीं पहुंचाई है। एक सप्ताह पहले भी भमालपुरा बाग के निकट भी तेंदुए का वीडियो वायरल हुआ था। टीम ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। डीएफओ सूरज ने कहा है कि वायरल वीडियो सही है। उन्होंने क्षेत्र के ग्राम वासियों को वन्य जीव संरक्षण एवं उससे बचाव की जानकारी दी।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मौ. इरफान को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, वह अपने लेन-देन कृत्य आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई वास्ता नहीं होगा।

-अशरफ जहां, पत्नी मौ. उसमान मरहूम, निवासी- हरी चुगो वाली मस्जिद असालतपुरा मुरादाबाद

# मेघनाद वध एवं सुलोचना सती का किया गया मंचन

संवाददाता, कांठ



कांठ में रामलीला मंचन में दरबार मे बैठे रावण और कुंभकर्ण।

**अमृत विचार :** लक्ष्मण ने बाण चलाकर लंकापति रावण के महाबलशाली बेटे मेघनाद का वध कर दिया। पुत्र वध की सूचना से रावण व्याकुल हो उठा और राम के साथ युद्ध की घोषणा की। रानी सुलोचना जब सती हुईं तो महिलाओं की आंखें भर आईं।

कांठ में रामलीला रंगमंच पर आदर्श युवा मंडल बरेली द्वारा रामलीला मंचन में दिखाया कि संजीवनी बूटी से लक्ष्मण होश में आते हैं। इसके बाद वह मेघनाद को युद्ध के लिए ललकारते हैं। दोनों योद्धाओं में भयंकर युद्ध होता है। आखिरकार लक्ष्मण मेघनाद का वध कर देते हैं। इसके बाद मेघनाद की पत्नी सुलोचना के सती होने का मार्मिक मंचन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेन्द सिंह विश्नोई, प्रधानाचार्य मदन सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, राधेश्याम भुईयार, बीनू चौहान, सचिन कुमार, निपेंद्र चौहान, हरपाल सिंह चौहान, शनि कश्यप, ब्रह्मपाल सिंह, नीरज कुमार चौहान, प्रदीप कुमार चौहान, आकाश प्रभाकर, शिशुपाल चौहान, गौरव कुमार चौहान, दानवीर सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। संचालन राजवीर सिंह विश्नोई ने किया।



कुंदरकी में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह।

# कार्यकर्ता राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दें : धर्मपाल

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव को लेकर चर्चा की।

कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने ग्राम पंचायत कुतबपुर अज्जू में ठाकुर अरविंद कुमार के आवास पर भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कुंदरकी विधानसभा के उपचुनाव को लेकर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्य बनाने की अपील की और कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ पर सभी लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। बैठक में अमर सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष रमन भूषण, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, बाबूराम लोधी, ग्राम प्रधान राशिद सैफी, संजय दिवाकर, प्रमोद कुमार, दिनेश सिंह, मजलूम पाशा, उदयवीर सिंह, टीटू पाल, कल्लू सिंह आदि रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शाहनवाज़ को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवर से कोई सरोकार नहीं होगा। **शमीना पत्नी स्व. वाहिद हुसैन निवासी मौहल्ला हकीमान कस्बाव थाना शाहबाद, जिला रामपुर।**

**H.M.M.P.G. College (Code-638)**

ऊमरी चौराहा (मुरादाबाद)

सम्बद्ध-एम.जे.पी.रू.वि.वि.बरेली

**आवश्यकता**

- ✱ एम.कॉम. :- 3 पद योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- ✱ एम.ए. हिन्दी :-2 पद योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- ✱ एम.ए. शिक्षा शास्त्र :-2 पद योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- ✱ बी.एस.सी. गृह विज्ञान :- 3 पद योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- ✱ कम्प्यूटर :- 2 पद
- ✱ क्लर्क :- 3 पद

प्रबन्धक - डॉ. सलीम अहमद मो. 9719553393

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर**

पत्रांक : सी0एम0ओ0/आशा/साक्षात्कार/एनयूएचएम/2024-25 दिनांक 10/10/2024

**शहरी आशा चयन हेतु साक्षात्कार सूचना**

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत नगर रामपुर, नगर टाण्डा, नगर बिलासपुर क्षेत्र में वार्ड/मौहल्लों में शहरी आशाओं के पदों पर चयन किए जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। उक्त के क्रम में समस्त आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न अनुसार साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। अभ्यर्थी साक्षात्कार में समस्त मूल शैक्षिक योग्यता एवं प्रमाण-पत्रों सहित समय से उपस्थित हो जिसका कोई भत्ता देय नहीं होगा।

1. बिलासपुर नगर क्षेत्र आवेदनकर्ताओं का साक्षात्कार दिनांक 17/10/2024 को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक, सीएचसी बिलासपुर।
2. टाण्डा नगर क्षेत्र आवेदनकर्ताओं का साक्षात्कार दिनांक 18/10/2024 को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक, सीएचसी टाण्डा।
3. रामपुर नगर क्षेत्र आवेदनकर्ताओं का साक्षात्कार दिनांक 19/10/2024, प्रातः 10.30 बजे से सांय 3 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामपुर (कमरा न0-13)

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

कोर्स

- डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM

प्रवेश प्रारम्भ 2024-25

शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश

सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866) डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)

E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in

पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

कोर्स

- डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM

प्रवेश प्रारम्भ 2024-25

शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश

सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866) डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)

E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in

पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर का कोई खर्च नहीं देना होगा

## विद्युत नियामक आयोग ने दी राहत, विभागीय कर्मियों के घरों पर लगेंगे मीटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा।

इसके साथ ही, ऊर्जा निगमों के कर्मियों पर शत-शत मीटर लगाने का निर्देश दिया गया है। नई दरों के प्रस्ताव में बिजली कंपनियों ने लगभग 11,203 करोड़ का 'गैप' दिखाया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया है। बिजली कंपनियों की ओर से दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता प्रस्ताव में लगभग एक लाख 1784 करोड़ दिखाया गया था, इसमें भारी कटौती की गई है।

कंपनियों पर इस साल भी उपभोक्ताओं का 1944 करोड़ रुपए 'सरप्लस' निकला है। आयोग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि स्मार्ट मीटर स्थापना का कोई भी खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। इसके साथ ही, थ्री फेस कनेक्शन के लिए अब उपभोक्ताओं को पांच किलोवाट का कनेक्शन नहीं लेना पड़ेगा, बल्कि तीन किलोवाट के कनेक्शन पर ही यह सुविधा दी जाएगी। इस वर्ष बिजली दरों का निर्धारण 10.67 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर किया गया है।



### मौजूदा कनेक्शन से चार्ज हो सकेंगे वाहन

आयोग के फैसले के तहत अब किसी भी श्रेणी के उपभोक्ता अपने मौजूदा कनेक्शन से ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्ज कर सकेंगे। आयोग ने सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की ईवी टैरिफ दरें राज्य सड़क परिवहन ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर भी लागू करने की अनुमति दे दी है। पर मल्टी-स्टोरी इमारतों और कॉलोनियों में सिंगल पॉइंट कनेक्शन धारकों के जरिये ओवरचार्जिंग पर सख्ती कर दी गई है।

### ज्यादा भार पाए जाने पर अगले वर्ष बढ़ाया जाएगा भार

**लखनऊ, अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर ज्यादा बिजली भार पाए जाने पर अगले वित्तीय वर्ष विभाग की ओर से भार बढ़ाया जाएगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नई बिजली दरों में यह प्रावधान किया है। नए प्रावधान के तहत बिजली की अधिकतम मांग में वृद्धि के मामले में जहां रिकार्ड की गई अधिकतम मांग एक वित्तीय वर्ष के दौरान कम से कम तीन बार स्वीकृत भार सीमा से अधिक हो गई हो, उनमें से सबसे कम मांग पर उपभोक्ता को आधार बताते हुए अगले वित्तीय वर्ष से बिजली भार बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। आयोग के फैसले के तहत सिंगल प्वाइंट कनेक्शन पर स्थानीय निवासियों के बिजली उपभोग करने व निवासियों के जरिये बिलिंग का खुलासा न करने पर दंडित किया जाएगा। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पांचों वितरण निगमों में 1,47,901.52 मिलियन यूनिट की बिजली खरीद व 1,01,783.45 करोड़ की समेकित वार्षिक राजस्व आवश्यकता के दावे के समकक्ष आयोग ने 1,47,904.69 मिलियन यूनिट व 96,225.02 करोड़ अनुमोदित किए हैं। आयोग ने 13.09 प्रतिशत लाइन हानि को अनुमोदन किया है।

### उपभोक्ताओं को बिल वितरण ईमेल व व्हाट्सएप पर

आयोग ने बिजली कंपनियों की ओर से उपभोक्ताओं को बिल वितरण ई-मेल, व्हाट्सअप व अन्य डिजिटल माध्यम से भेज सकेंगे। आयोग के निर्देश के तहत उपभोक्ताओं को पूरी बिलिंग जानकारी देने व बिल को अधिकृत प्रतिनिधि से हस्ताक्षरित किया गया होना चाहिए।

# आईआईटी में पीएचडी की छात्रा फंदे से लटकी मिली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 10 माह के भीतर संस्थान में आत्महत्या की चौथी घटना से तरह-तरह की चर्चाएं

**अमृत विचार :** आईआईटी की रिसर्च स्कॉलर ने फंदे से लटक कर जान दे दी। 27 वर्षीय प्रगति खरया हॉस्टल में रहकर अर्थ साइंस में पीएचडी कर रही थी। सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को बताया है। गुरुवार को कमरे का दरवाजा नहीं खुलने की सूचना पर पहुंची कल्याणपुर थाना पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो भीतर पंखे के सहारे रस्सी से लटक रहा शव मिला। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। 10 माह के भीतर आईआईटी में आत्महत्या की चौथी घटना से सन्नाटा पसरा है और तरह-तरह की चर्चाएं हैं।



चकेरी थानाक्षेत्र में सनिगवां निवासी गोविंद खरया बिरहाना रोड स्थित एक ज्वैलर्स के यहां काम करते हैं। परिवार में पत्नी संगीता, तीन बेटे सत्यम, शिवम, सुंदरम और इकलौती बेटी प्रगति खरया थी। पिता ने बताया कि प्रगति आईआईटी से अर्थ साइंस में पीएचडी कर रही थी। उसका यह आखिरी वर्ष था। 9 अक्टूबर को उससे बात हुई थी। गुरुवार दोपहर 12:30 बजे आईआईटी प्रशासन और पुलिस ने फोन करके बेटी के फांसी का फंदा लगाने की जानकारी दी। वह भाई स्वरूप नगर निवासी गोपालदास और भतीजे के साथ मौके पर पहुंचे। उधर, पुलिस के अनुसार प्रगति के कमरे का दरवाजा तोड़ने पर सफेद नई नॉयलॉन की रस्सी से बने फंदे पर उसका शव लटकता मिला। दीवार किनारे फोल्डिंग पलंग खड़ा था, जिसकी प्लाई निकली हुई थी। कमरे से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला। प्रगति का मोबाइल पुलिस ने कब्जे में लिया है। पुलिस के अनुसार उसने आत्महत्या के लिए नॉयलॉन की रस्सी ऑनलाइन खरीदी थी।

## सार-संक्षेप

### 11 नव प्रोन्नत अधिशासी और 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं को मिली नई तैनाती

**लखनऊ, अमृत विचार :** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के परिकल्प भवन सभागार में अवर अभियंताओं का पदस्थापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 11 नव प्रोन्नत अधिशासी अभियंताओं (यांत्रिक) और 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं (सिविल) को उनके द्वारा मांगे गये विकल्प के अनुरूप पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत पदस्थापन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अखिलेश सचान, प्रमुख अभियंता परियोजना संदीप कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### रायबरेली समेत चार जिलों के सीएमओ बदले

**लखनऊ,अमृत विचार :** राज्य के चार जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी( सीएमओ) बदल गए हैं। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार द्वारा जारी आदेश में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में बतौर रेडियोलॉजी कार्यरत डॉ.नवीन चंद्रा को रायबरेली का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा गाजीपुर में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील पाण्डेय और कन्नौज में डॉ.स्वदेश गुप्ता, महाराजगंज में डॉ.श्रीकांत शुक्ल को सीएमओ नियुक्त किया गया है।

### महानिदेशक प्रशिक्षण बनी डॉ.सुषमा सिंह

**लखनऊ,अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल को स्थायी रूप से महानिदेशक परिवार कल्याण बना दिया गया है, अभी तक परिवार कल्याण विभाग अतिरिक्त कार्यभार के रूप में संभाल रहे थे। उक्त निर्देश गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार द्वारा जारी कर दिया गया है। साथ ही दूसरे आदेश में उनके स्थान पर निदेशक सीएचसी डॉ.सुषमा सिंह को महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि महानिदेशक डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल इसी माह अक्टूबर 2024 में अपने 62 साल पूरे कर सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### प्रदेश में मलेरिया ने पिछले साल के रिकार्ड तोड़े

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में मलेरिया का प्रभाव लगातार जारी है। लगातार बढ़ रही है रोगियों की संख्या ने पिछले साल के रिकार्ड को काफी पीछे छोड़ दिया है, अब तक साढ़े 12 हजार मलेरिया रोगी मिल चुके हैं, जबकि पिछले साल इस समय तक रोगियों की संख्या 11 हजार थी। हालांकि डेंगू मामले में पिछले साल जैसी भयावह स्थिति नहीं है, अभी तक करीब जांच हजार रोगी मिल चुके हैं, रोजाना 225 से 230 मरीजों के मिलना जारी है। पिछले साल अबतक डेंगू रोगियों की संख्या साढ़े 14 हजार पार हो चुकी थी।

### तलाब में नहाने गये तीन बच्चों की डूबने से मौत

**मिर्जापुर,एजेंसी :** जिले में एक तालाब में नहाते समय तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना विंध्याचल थाना क्षेत्र के दुहौवा गांव की यादव बस्ती में हुई। मिर्जापुर के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि बच्चे दोपहर के समय तालाब में नहाने गए थे। उन्होंने बताया कि मरने वाले बच्चों की उम्र 12, 10 और सात साल है तथा सभी हर्रई इलाके के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### राज्य संपत्ति विभाग लेगा बकाया किराए पर ब्याज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य संपत्ति विभाग ने अपने अधीन भवनों में रह रहे लोगों को आगाह किया है कि लगातार चार माह तक किराया न वालों से बकाए धन में ब्याज भी जोड़ा जाएगा। राज्य संपत्ति अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जारी शासनादेश में सभी अमर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को नए प्रावधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। कहा है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। बकाए किराए पर लगने वाला ब्याज भारतीय स्टेट बैंक की प्रचलित ब्याज दर के अनुसार होगा।

# ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एमपीआईटी प्रथम बैच के विद्यार्थियों से योगी ने किया संवाद

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत है। युवा संघर्षों से अपनी राह बनाएं, सफलता कदम चूमेगी।

वे गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाए, समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए।

# गोंडा में 24 क्विंटल अवैध पटाखा और बारूद बरामद

**गोंडा,अमृत विचार :** जिले में पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 क्विंटल अवैध पटाखा और करीब आठ क्विंटलव बारूद बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि बुधवार देर रात कौड़िया थाने की पुलिस ने मौहरिया तथा लैबुड़वा ग्राम में छापा मारकर अवैध पटाखा बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया। जुमई उर्फ मक्खन, रिजवान, इमरान उर्फ गुल्लू, अली मोहम्मद तथा मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया गया है।

# सरकारी कर्मियों को मिली तीन दिन की छुट्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** सरकारी कर्मचारियों को नवरात्र और दशहरे के मौके पर राज्य सरकार की घोषणा से काफी राहत मिल गई है। महानवमी की छुट्टी शनिवार की जगह शुक्रवार 11 अक्टूबर घोषित हो जाने से सरकारी कर्मचारियों को लगातार तीन दिन की छुट्टी मिल गई है। ऐसे में अब सरकारी कर्मचारी न सिर्फ शहर के बाहर भी छुट्टी बिताने जा सकते हैं बल्कि त्योहार का भी पूरा आनन्द परिवार और बच्चों के साथ तीन दिन तक ले सकेंगे।

दरअसल, इससे पहले सरकारी कर्मी शनिवार को महानवमी की छुट्टी घोषित होने से चिंतित थे। महीने का दूसरा शनिवार होने के कारण पहले ही उनकी छुट्टी खराब हो रही थी। इसके बाद शुक्रवार को भी अष्टमी के साथ महानवमी होने के कारण त्योहार को ठीक से मनाने की चिंता उन्हें सता रही थी। ऐसे में अलग अलग जिलों से कर्मचारी संगठनों की ओर से भी कई दिनों से इसे लेकर सरकार से मांग की जा रही थी। कर्मचारी महानवमी की छुट्टी शुक्रवार को चाहते थे। बहरहाल, लाखों कर्मचारियों की मांग गुरुवार को पूरी हो गई। राज्य सरकार ने गुरुवार की शाम शनिवार की जगह शुक्रवार को ही महानवमी के अवकाश की घोषणा कर दी।

**पहले दे दी रामनवमी की छुट्टी, फिर किया सुधार :** बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट कर रामनवमी का सभी परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया। बाद में गलती का एहसास हुआ तो पोस्ट सही की गई। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि रामनवमी के पावन अवसर पर उप्र. में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में अवकाश रखा गया है।

### बैंक भी आज बंद रहेंगे

**लखनऊ।** शुक्रवार को सभी पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर बैंक बंद रहेंगे। 11 अक्टूबर को महानवमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर उप्र. समेत ज्यादातर राज्यों में शुक्रवार को बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, ग्राहकों को बैंकिंग सर्विस में कोई परेशानी न हो, इसके लिए ऑनलाइन बैंकिंग सर्विस मिलती रहेगी।

### कृषि यंत्रों पर मिलेगा अनुदान 23 तक मांगे आवेदन

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार कृषि यंत्रीकरण की सभी योजनाओं के तहत अनुदान प्राप्त करने का अवसर किसानों को दे रही है। किसानों को इसके आवेदन के लिए 23 अक्तूबर तक का अवसर का दिया गया है। इसके तहत कृषि यंत्र-कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर व स्मॉल गोदाम पर अनुदान पाने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल www.agriculture.up.gov.in पर आवेदन करना होगा। आवेदक अपने या परिवार के मोबाइल नंबर से ही आवेदन कर सकेंगे।

# प्रतिबंधित सामान बेचने पर चार जेल कर्मी निलंबित

- निलंबित जेलकमिर्यो में उपजेलर और हेड वार्डन शामिल

**सिद्धार्थनगर, एजेंसी :** जिला जेल परिसर में प्रतिबंधित पदार्थ बेचे जाने के गंभीर आरोपों के बाद जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी समेत चार जेलकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

एक अधिकरी के मुताबिक, निलंबित किए गए जेलकर्मियों में उपजेलर त्रिलोकी नाथ, हेड वार्डन फूलचंद यादव, वार्डन उमेश कुमार और एक अन्य जेल कर्मचारी सौरभ शामिल हैं। बयान में बताया गया कि 25 सितंबर, 2024 को जिला अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण के बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक (कारागार) एसके मैत्रेय ने जेल में गांजा रखने और मोबाइल फोन मिलने के सबूत मिलने के बाद निलंबन का आदेश जारी किया। बयान के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान एक कैदी ने जिलाधिकारी को जेल के अंदर प्रतिबंधित पदार्थ (गांजा) बेचे जाने के बारे में बताया और सबूत के तौर पर माचिस की डिब्बी में छिपाकर रखा 20 ग्राम गांजा दिखाया। बयान में बताया गया कि इसके बाद जिलाधिकारी ने मामले की जांच शुरू की। बयान के मुताबिक, जांच के दौरान कैदी ने उपजेलर पर प्रतिबंधित सामान बेचने और खरीदने से मना करने वाले कैदियों को धमकाने का आरोप लगाया। कैदी ने इस गतिविधि में तीन अन्य जेलकर्मियों के भी शामिल होने की शिकायत की। नवनियुक्त जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने बृहस्पतिवार को मैत्रेय द्वारा आरोपों की जांच और मामले में उपजेलर की संलिप्तता के सबूत पाए जाने की पुष्टि की।

### ट्रांजिट बीमा में फंसा गाय खरीद अनुदान, बाध्यता खत्म

**लखनऊ, अमृत विचार :** पशुपालन के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 2023 में मंडलीय जिलों में शुरू हुई नंद बाबा मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना साकार नहीं हो पाई है। बाहरी राज्य से गाय खरीदने पर वहीं से ट्रांजिट बीमा कराने की बाध्यता और अन्य कागजी प्रक्रिया के कारण योजना में चयनित कुल 1250 लाभार्थियों में 1013 को अनुदान नहीं मिला है और आवेदन लंबित हैं। जबकि योजना के ज्यादातर लाभार्थी हरियाणा, राजस्थान समेत अन्य राज्यों से साहीवाल, गिर, थारपाकर व गंगातीरी दुधारू गाय खरीदकर इकाई संचालित कर रहे हैं।

## वर्ग पहेली-218

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली, नष्ट करने वाली।
5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।
7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।
8. 1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।
3. 1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात :काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।
4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।
6. 1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।




### वर्ग पहेली -217 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | | 2 के | | 3 सिं | |
| तु | | जु | | गा | |
| क | | अ | | रि | |
| | 4 ढो | ल | 5 कि | या | |
| 6 पू | | | लो | | 7 झाँ |
| ज | | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | | | | | ली |

# रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर से पेपर सॉल्व कराने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- एसटीएफ की मेरठ टीम ने बागपत के बड़ौत से दबोचा

**अमृत विचारः** एसटीएफ की मेरठ टीम ने ऑन लाइन भर्ती परीक्षाओं में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के माध्यम से पेपर सॉल्व कराने वाले गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी को बागपत के बड़ौत से दबोचा है। इस गिरोह के सरगना रचित चौधरी समेत 12 सदस्य पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी राम चौहान उर्फ राम अवतार अवतार भिडूकी, हसनपुर, पलवल हरियाणा का रहने वाला है। इसने यूपी पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर की ऑनलाइन भर्ती परीक्षा में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिये पेपर सॉल्व कराने वाले गिरोह में शामिल था। 2015-16 में उसने पलवल से हैकिंग का छह महीने का कोर्स किया था। कोर्स करने के बाद वर्ष 2021 में राम चौहान ने सीटीईटी परीक्षा में हैंकिंग की थी। इस मामले में वह नोएडा थाना सैक्टर-58 गौतमबुद्धनगर में पकड़ा गया था और जेल गया था। वर्ष 2024 में इसकी मुलाकात नितिन निवासी गढी रामकोर शामली से हुई थी। नितिन ने उसकी मुलाकात दुहाई गाजियाबाद में कम्प्यूटर लैब चलाने वाले रचित चौधरी से कराई। मास्टर माइंड रचित चौधरी ने बिजेंद्र फौजी निवासी शामली की विधान पब्लिक स्कूल दुहाई गाजियाबाद में स्थित लैब को फर्जी तरीके से अपने नाम से अप्लाई कर 29 जनवरी 2024 से 08 फरवरी 2024 तक सम्पन्न यूपी पुलिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑनलाइन भर्ती हेतु केन्द्र आवंटित की ऑनलाइन भर्ती हेतु केन्द्र आवंटित कराया था।

### चार से पांच लाख में तय किया था सौदा

परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले ही लैब में मौजूद अपने सहयोगियों के माध्यम से गैंग का सदस्य रवि लैब में मौजूद मास्टर सिस्टम का रिमोट एक्सेस एनीडेस्क साफ्टवेयर के माध्यम से अपने सिस्टम पर ले लेता था। वहीं से अभ्यर्थियों के पेपर हल कराता था। अभ्यर्थी केवल बैठकर माउस हिलाते रहते थे। गैंग का सरगना प्रत्येक अभ्यर्थी से 4 से 5 लाख रुपये लेता था। राम चौहान को एक अभ्यर्थी की स्क्रीन शेयर करने की एवज में 50 हजार रुपए दिए जाते थे।

### लैब में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर बनाया मास्टर सिस्टम

एएसपी बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक ऑनलाइन भर्ती परीक्षा में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्न-पत्र हल कराने के लिए एक कंप्यूटर लैब करीब 250 कंप्यूटर सिस्टम के साथ स्थापित कराई गई। गिरफ्तार राम चौहान कंप्यूटर हैकिंग एक्सपर्ट है। इसने विधान पब्लिक स्कूल में एक कम्प्यूटर लैब में आकर 28 जनवरी 2024 को एक सिस्टम पर कुछ साफ्टवेयर इंस्टॉल कर इस सिस्टम को मास्टर सिस्टम बनाया।

## सुडोकू -131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 9 | | | | 4 | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | |
| | | | | | | 5 | 3 | |
| 6 | | 4 | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 8 | | 7 | | | 9 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | 5 | | | | | | 8 |
| | | | 3 | 2 | | | | |
| | 9 | | | | 1 | 7 | | |

### सुडोकू - 130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.06 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 12 अक्टूबर 05.25 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज परिजनों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। व्यापार में आय बढ़ने से आप विस्तार का विचार कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बेहद खुशहाल रहेगा। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**वृष** — आज परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। अधीनस्थ सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से मिलने के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** — आज विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालेंगे। अतः सोच-समझकर ही आप अपनी प्रतिक्रिया दें। युवा प्रेम विवाह के लिए परिजनों से चर्चा कर सकते हैं। धर्म-ग्रंथों के अध्ययन के प्रति आकर्षित होंगे।

**कर्क** — आज मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। गले में दर्द और बुखार की समस्या हो सकती है। आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। विरोधियों के सामने आप कमजोर दिखाई देंगे।

**सिंह** — आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। चारों ओर का वातावरण बहुत शुभ रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होने की संभावना बन रही है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा।

**कन्या** — आज दोपहर के बाद धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। परिवार के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**तुला** — आज पुराना कर्जा उतार सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकता है। मित्र आपको उत्तम सलाह देंगे,जिसका आपको भी लाभ मिलेगा। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। सुबह-सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। आपके स्वभाव की लोग आलोचना कर सकते हैं। इसीलिए व्यवहार में संतुलन बनाए रखें। महिलाओं को कुछ स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**धनु** — आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। युवाओं को अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**मकर** — आज मेडिकल छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। काम की अधिकता की वजह से ओवरटाइम करना पड़ सकता है। विदेश में नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। प्रशासन से जुड़े लोगों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**कुंभ** — आज उच्च अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। कार्य की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। अपने साथियों से प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार न करें।

**मीन** — आज लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से थोड़े क्षुब्ध होंगे। अपने आसपास के लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- सत्ते पे सत्ता — सुबह : 11.04
- फूल और कांटे — शाम : 04.05

&pictures
- होगी प्यार की जीत — सुबह : 11.02
- दबंग — रात : 07.30

SONY PIX
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.27
- जॉन विक — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- शूरवीर — सुबह : 11.22
- भीमा — रात : 08.00

ZEE ACTION
- जिगर — सुबह : 10.46
- सूर्या 3 — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मुन्ना- मम्मी मैं कल से स्कूल नहीं जाऊंगा।
मम्मी- क्यों बेटा, क्या बात हो गई?
मुन्ना- मम्मी आज स्कूल में हम सभी बच्चों का वजन किया गया था।
मम्मी- तो क्या हुआ?
मुन्ना- मुझे डर है कि अगर रेट अच्छा मिल गया तो ये स्कूल वाले हमें बेच ही न दें।

पति (किताब पढ़ते हुए) - एक लेखक ने लिखा है कि पतियों को भी बोलने की आजादी होनी चाहिए।
पत्नी (हंसते हुए)-देखो वो भी बेचारा लिख ही पाया, बोल नहीं पाया।

## एक नजर

### इक्विटी म्यूचुअल फंड 10% घटकर 34,419 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में सितंबर के दौरान 34,419 करोड़ रुपये निवेश आया जो अगस्त की तुलना में 10 प्रतिशत की गिरावट है। म्यूचुअल फंड निकाय ने यह जानकारी दी। क्षेत्र आधारित कोष और बड़ी कंपनियों के कोष में निवेश में भारी गिरावट आने से मासिक स्तर पर गिरावट दर्ज की गई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के गुरुवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर, 2024 इक्विटी कोषों में शुद्ध प्रवाह का लगातार 43वां महीना रहा है। म्यूचुअल फंड उद्योग ने अगस्त महीने में 1.08 लाख करोड़ रुपये की निकासी देखी थी जबकि सितंबर में यह निकासी 71,114 करोड़ रुपये रही। ऋण योजनाओं में 1.14 लाख करोड़ रुपये की निकासी होने के कारण भारी प्रवाह हुआ।

## मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत 90से105 रुपए चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 25 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## मेंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–955 फ्लैग–1060 डीएमओ–810 बोल्ड–1130
**चन्दौसी :** शिवालिक– 950 फ्लैग– 1060 बोल्ड– 1110 डीएमओ– 880

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 77,800 |
| चांदी आभूषण | 91,000 |

# 2047 तक सर्वाधिक विकसित देशों में एक होगा भारत : शाह

## पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सत्र को गृहमंत्री ने किया संबोधित

- **बोले- मोदी सरकार पर 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि 2047 तक मोदी सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण भारत दुनिया के सर्वाधिक विकसित देशों में से एक के रूप में उभरेगा। नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। नीतिगत निर्णय लेने में जो शिथिलता थी, उसे भी समाप्त किया और भारत को पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से बाहर निकालते हुए एक आकर्षक स्थान में बदला गया। शाह ने उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सालाना सत्र को संबोधित किया।



पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 119वें वार्षिक सत्र में पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह।

उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री ने 2014 से कार्यभार संभाला है, सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार किए हैं। परिणामस्वरूप अन्य बातों के अलावा बुनियादी ढांचा बेहतर हुआ, संपर्क सुविधा अच्छी हुई, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रेलवे नेटवर्क का विस्तार हुआ तथा सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक वाहन के लिए विनिर्माण इकाइयों की स्थापना हुई है। शाह ने विकसित भारत एट 2047ः प्रगति के शिखर की ओर विषय पर आयोजित सत्र में कहा कि हम देश में सुधार और आर्थिक विकास लाए हैं।

# कैंडल : तकनीकी विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण

कैंडल पैटर्न तकनीकी विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण है, जो वित्तीय बाजारों में कीमतों की चाल को समझने में मदद करता है। कैंडलस्टिक चार्ट में हर कैंडल एक निश्चित समय अवधि के दौरान उच्चतम, न्यूनतम, प्रारंभिक और समापन कीमत को दर्शाता है। ये पैटर्न निवेशकों को बाजार की प्रवृत्तियों और भावनाओं का आकलन करने में सहायता करते हैं। सही कैंडल पैटर्न को पहचानकर, निवेशक एंट्री और एक्जिट प्वाइंट तय कर सकते हैं, जिससे उनके ट्रेडिंग निर्णय अधिक प्रभावशाली बनते हैं। आइये इस पर जरा गौर करें ...

### कैंडलस्टिक का निर्माण

हर कैंडल चार महत्वपूर्ण डेटा को दर्शाती है

- **ओपन (प्रारंभिक कीमत) :** उस समय अवधि की शुरुआत में कीमत।
- **हाई (उच्चतम कीमत) :** उस अवधि के दौरान सबसे ऊँची कीमत।
- **लो (न्यूनतम कीमत) :** उस अवधि के दौरान सबसे नीची कीमत।
- **क्लोज (समापन कीमत) :** उस अवधि के अंत में कीमत।

### कैंडल की संरचना

- **कोर (बॉडी) :** ओपन और क्लोज के बीच का क्षेत्र। यदि क्लोज ओपन से ऊपर है, तो बॉडी हरे रंग की होती है (बुलिश) और यदि क्लोज ओपन से नीचे है, तो बॉडी लाल रंग की होती है (बेयरिश)।
- **विक (विक्स) :** कैंडल के शीर्ष और नीचे की लकीरें। ये हाई और लो को दर्शाती हैं।

### देखने का तरीका

- **चार्ट का चयन :** कैंडलस्टिक चार्ट का चयन करें और उपयुक्त समय अवधि निर्धारित करें।
- **पैटर्न पहचानना :** विभिन्न कैंडल पैटर्न्स की पहचान करें। विशेष रूप से, एक पैटर्न की पुष्टि के लिए उसे अन्य तकनीकी संकेतकों के साथ मिलाएं।



### कैंडल पैटर्न के जोखिम

- **गलत संकेत :** कैंडल पैटर्न कभी-कभी गलत संकेत दे सकते हैं। एक पैटर्न जो रिवर्सल या ट्रेंड की निरंतरता का संकेत देता है, वास्तव में विपरीत दिशा में भी जा सकता है।
- **अनिश्चितता :** बाजार की अस्थिरता कैंडल की प्रभावशीलता को प्रभावित करती है। समाचार या घटनाएं कीमतों में बदलाव ला सकती हैं, जिससे पैटर्न अप्रभावी हो जाते हैं।
- **तकनीकी दोष :** कैंडल पैटर्न पर निर्भर रहने से निवेशक अन्य कारकों को नजरअंदाज कर सकते हैं, जैसे राजनीतिक घटनाएं, आर्थिक या अन्य संकेतक। इससे जोखिम बढ़ता है।

### उपयोग कैसे करें

- **ट्रेंड पहचानना :** कैंडल पैटर्न से आप यह जान सकते हैं कि बाजार में बुलिश (उच्च) या बेयरिश (निम्न) ट्रेंड है। उदाहरण के लिए, लगातार बुलिश पैटर्न दिखने पर आप खरीदारी पर विचार कर सकते हैं।
- **एंट्री और एक्जिट प्वाइंट :** कैंडल पैटर्न देखकर आप तय कर सकते हैं कि कब खरीदना या बेचना है। जैसे, यदि एक बुलिश पैटर्न दिखाई दे, तो आप एंट्री कर सकते हैं। वहीं, बेयरिश पैटर्न देखकर आप अपने पदों को समेट सकते हैं।
- **स्टॉप लॉस सेट करना :** कैंडल पैटर्न के आधार पर आप अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीति को बेहतर बना सकते हैं। यदि कैंडल पैटर्न आपके अनुमान के विपरीत जाती है, तो आप एक स्टॉप लॉस सेट कर सकते हैं।

## टाटा समूह के शेयर में करीब 10% की तेजी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में गुरुवार को 10 प्रतिशत तक की तेजी आई। टाटा केमिकल्स और टाटा टेलीसर्विसेज के शेयरों ने सबसे अधिक बढ़त दर्ज की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि निवेशक टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा कंज्यूमर और इंडियन होटल्स जैसे शेयरों को खरीदकर रतन टाटा और उनके द्वारा निर्मित महान कॉर्पोरेट साम्राज्य को श्रद्धांजलि दे सकते हैं। लाखों साधारण निवेशकों को रतन टा00टा के दृष्टिकोण से लाभ मिला।

## विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **चालू वित्त वर्ष में 7% और अगले वित्त वर्ष में 6.7% रहने की जताई उम्मीद**

विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 7% और अगले वित्त वर्ष में इसके 6.7% रहने का अनुमान जताते हुये गुरुवार को कहा कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर और वैश्विक व्यापार एवं निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने से विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

विश्व बैंक ने जारी अपने नवीनतम दक्षिण एशिया विकास अपडेट में यह अनुमान जताया है। इससे पहले की रिपोर्ट की तुलना में चालू वित्त वर्ष में भारत के विकास अनुमान में 0.7% की और अगले वित्त वर्ष के अनुमान में 0.4% की वृद्धि की गयी है। उसने कहा है कि अपेक्षा से अधिक कृषि उत्पादन और रोजगार वृद्धि



को बढ़ावा देने वाली नीतियों से निजी खपत में मजबूत वृद्धि में योगदान मिलेगा। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया में वृद्धि इस वर्ष 6.4% तक बढ़ने की उम्मीद है, जो पहले के अनुमानों से अधिक है और इस क्षेत्र को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्र के रूप में बनाए रखेगा। विश्व बैंक ने कहा है कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर, वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता को अनलॉक करने से और भी तेजी से बढ़ने और विकास करने में मदद मिल सकती है।

## प्रदेश को मिलेगी 4.80 लाख एमटी डीएपी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **सरकार ने मांग के हिसाब से आवंटित किया अक्टूबर का लक्ष्य, प्लान तैयार**
- **यूरिया 5,03,500, एनपीके 2,84,900 व एमओपी 72,050 एमटी मिलेगी**

**अमृत विचार :** प्रदेश में रबी की फसलों के लिए उर्वरकों की कमी नहीं होगी। कृषि विभाग के आपूर्ति वितरण योजना के अनुसार सरकार ने अक्टूबर माह का लक्ष्य आवंटन कर दिया है। इसमें 4,80 लाख एमटी डीएपी और 5,03,500 एमटी यूरिया मिलेगी। एक-दो दिन में रैक आते स्टॉक जिलों को पहुंचेगा व जांच कराई जाएगी।

कृषि विभाग के उर्वरक वितरण योजना के अनुसार सरकार ने अक्टूबर का लक्ष्य आवंटित किया है। इसमें कुल डीएपी 4,80,000 एमटी, यूरिया 5,03,500 एमटी, एनपीके 2,84,900 एमटी व एमओपी 72,050 एमटी उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि निदेशक जितेंद्र तोमर ने सभी जिलों को लक्ष्य सौंपा है। एक-दो दिन में कंपनियों द्वारा रैक के माध्यम से उर्वरक भेजी जाएगी। रबी फसलों में ज्यादा डीएपी की खपत होती है। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग का दावा है कि कहीं पर किल्लत नहीं होगी। उपलब्धता होते ब्लॉकवार नोडल व सह नोडल अधिकारी नामित करके स्टॉक और वितरण की जांच कराई जाएगी। वहीं डीएपी के स्थान पर एनपीके और एसएसपी उर्वरक बेहतर विकल्प हैं। जो अधिक मात्रा में उपलब्ध है। यह दोनों उर्वरक खासकर दलहनी, तिहलनी व आलू के लिए अधिक उपयुक्त हैं। सभी में पोषकतत्व एक होते हैं। इनके दाम भी कम हैं।

## यूपीआई लेनदेन की संख्या 52% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में त्वरित भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या वर्ष 2024 के पहले छह महीनों में सालाना आधार पर 52% बढ़कर 78.97 अरब हो गई। भुगतान प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता वर्ल्डलाइन ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वर्ल्डलाइन ने जनवरी-जून, 2024 के लिए तैयार अपनी रिपोर्ट में कहा कि यूपीआई भुगतान का बाजार पर दबदबा कायम है और इसकी पहुंच तेजी बढ़ रही है। रिपोर्ट कहती है कि जनवरी, 2023 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 8.03 अरब थी जो जून, 2024 तक बढ़कर 13.9 अरब हो गई।



## एक नजर

### बच्चे की मौत पर राज्य और पुलिस प्रमुख को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गुरुवार को कहा कि उसने अलीपुर इलाके में एक खुले नाले में कथित तौर पर गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में दिल्ली सरकार, शहर के पुलिस प्रमुख, डीडीए और एमसीडी को नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हाल के दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में यह पांचवीं ऐसी घटना है। उसने मीडिया की खबर पर स्वतः संज्ञान लिया है कि सात अक्टूबर को अलीपुर इलाके में खुले नाले में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

### रिश्वतखोरी के आरोप में जीएसटी अधिकारी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अहमदाबाद शहर में रिश्वतखोरी के मामले में दो केंद्रीय जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) अधिकारियों और एक बिचौलिए को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों की पहचान सीजीएसटी लेखा अधीक्षक मोहम्मद रिजवान शेख, सीजीएसटी निरीक्षक कुलदीप कुशवाह और बिचौलिए भौमिक सोनी के रूप में हुई है। द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शेख ने हाल ही में सर्राफा व्यापार फर्म के मालिक को जुलाई 2017 से मार्च 2023 तक के उनके खातों का लेखा परीक्षण करने के लिए नोटिस जारी किया था। व्यापारी के खातों में त्रुटियों पर 35 लाख का जुर्माना देने को कहकर अरोपियों ने 1.25 लाख की रिश्वत मांगी थी।

### जबरन वसूली गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर ग्रामीण पुलिस ने अंतर-जिला वसूली गिरोह का भंडाफोड़ करके ब्लैकमेलिंग और पैसे ऐंठने में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में चन्ननविंडी के जोबनप्रीत सिंह, ढंडोवाल के राजेश उर्फ सनी, सैदपुर झरी के जसकरण गिल उर्फ जस्सा, संधवाल के बरजेश उर्फ मेशी, बाल्मीक मोहल्ला तलवान के बूटा सिंह उर्फ बूटा और मेहराजवाला की बरखा है। आरोपी कई जिलों में सक्रिय थे। जालंधर ग्रामीण के एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख ने गुरुवार को कहा कि डीएसपी ओंकार सिंह बराड़ और एसपी जगरूप कौर बाठ की देखरेख में यह गिरफ्तारियां हुई।

### आग लगने से पटाखों में हुए विस्फोट से छह घायल

**होशियारपुर।** धार्मिक जुलूस के दौरान गुरुवार को बैग में रखे पटाखों में दुर्घटनावश आग लगने पर उसमें हुए विस्फोट से छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रह्लाद नगर इलाके की है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास की दुकानों, मकानों की खिड़कियां और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

# हार पर दिग्गजों ने किया मंथन

## हरियाणा विस चुनाव : खरगे और राहुल ने समीक्षा के लिए की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर गुरुवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों तथा प्रभारी के साथ समीक्षा की। खरगे के आवास 10 राजाजी मार्ग पर हुई इस समीक्षा बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, इस चुनाव में वरिष्ठ पर्यवेक्षक की भूमिका निभाने वाले राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दो अन्य पदाधिकारी थे। प्रभारी दीपक बाबरिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े क्योंकि वह पिछले




- **पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा व महासचिव सैलजा बैठक में नहीं हुए शामिल**

कुछ सप्ताह से अस्वस्थ हैं।

बैठक के बाद माकन ने कहा कि इस बैठक में हरियाणा के चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई। आप लोग व मीडिया भी इस बात को मानते होंगे कि नतीजे अप्रत्याशित थे। एग्जिट पोल और असल नतीजों में जमीन और आसमान का फर्क था। अलग अलग कारण क्या हो सकते हैं, इस पर चर्चा की गई। उनका कहना था कि आगे के कदमों की जानकारी बाद में दी जाएगी। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा के नहीं शामिल होने पर माकन ने कहा कि जिनको बुलाया गया था, वो सभी आए थे।

### कांग्रेस बनाएगी तथ्यान्वेषी समिति

कांग्रेस हरियाणा चुनाव में अप्रत्याशित हार के कारणों का पता करने के लिए जल्द ही तथ्यान्वेषी समिति का गठन करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में यह निर्णय किया गया। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी इस चुनाव परिणाम के कारणों के तह तक जाने और जवाबदेही तय करने को लेकर गंभीर हैं।

## जम्मू-कश्मीर के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गुरुवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया, ऐसे में वे जम्मू-कश्मीर के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। नेकां के नव-निर्वाचित विधायकों की श्रीनगर में हुई बैठक में अब्दुल्ला के विधायक दल के नेता के रूप में मंजूरी दी गई।



नेकां उपाध्यक्ष ने बैठक के बाद कहा कि मुझे अपना नेता चुनने के लिए मैं पार्टी विधायकों का आभारी हूं। हमें चार निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन मिला है और हम सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए अपने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस से पत्र का इंतजार कर रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस से पत्र मिलने के बाद वह सरकार गठन की तारीख तय करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अली मोहम्मद सागर ने घोषणा की कि अब्दुल्ला को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया है।

## बंगला विवाद : आतिशी की कार्टन के बीच काम करते तस्वीरें वायरल, भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कुछ तस्वीरें साझा कर दावा किया कि मुख्यमंत्री आतिशी अपने आवास पर सामान के कार्टन के बीच फाइलों पर दस्तखत कर रही हैं। इससे पार्टी ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय राजधानी के 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले को जबरन खाली कराया गया है।

एक्स पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर नवरात्रि में महिला मुख्यमंत्री का सामान उनके घर से फिंकवाने का भी आरोप लगाया। सिंह ने भाजपा पर मुख्यमंत्री आवास पर कब्जे का आरोप लगाया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कहने पर आतिशी का सामान बंगले से हटाया गया। कालकाजी में रहने वाली आतिशी को तत्कालीन केजरीवाल सरकार में मंत्री बनने पर ये बंगला आवंटित हुआ था।


अपने नए निवास पर काम करतीं मुख्यमंत्री आतिशी।

### चुनाव से पहले आप ने की विधायक निधि में पांच करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आप सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले गुरुवार को वार्षिक विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ कर दिया। मुख्यमंत्री आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली में विधायक निधि देश में सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि दिन में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रति विधायक प्रति वर्ष पांच करोड़ रुपये की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## दोहरे हत्याकांड के दोषी की मौत की सजा आजीवन कारावास में तबदील

**मुंबई, एजेंसी**

- **दोषसिद्धि को रखा बरकरार, बम्बई हाईकोर्ट ने कहा- मामला दुर्लभतम नहीं, इसलिए किया बदलाव**

बंबई हाईकोर्ट ने गुरुवार को दोहरे हत्याकांड के मामले में एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन उसे सुनायी गयी मौत की सजा को यह कह कर आजीवन कारावास में बदल दिया कि यह मामला दुर्लभतम नहीं है। मुंबई में 2017 में एक किशोरी और दो साल की बच्ची को जलाकर मार डालने के मामले में सुनवाई करने वाली न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे एवं न्यायमूर्ति श्याम चांडक की पीठ ने कहा कि यह मामला दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।

पीठ ने कहा कि वह आरोपी दीपक जाट की दोषसिद्धि को बरकरार रखती है, लेकिन उसे



सुनाई गई मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल रही है। अदालत ने कहा कि हमने माना है कि यह मामला दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है। इस मामले में मौत की सजा ही एकमात्र सजा नहीं है। मामले की सुनवाई कर रही सत्र अदालत ने 2023 में दोषी को यह कहते हुये मौत की सजा सुनायी थी कि दीपक जाट ने जो अपराध किया है वह दुर्लभतम श्रेणी में आता है।

## डॉक्टरों का दुर्गा पूजा उत्सव के बीच अनशन जारी

**आरजी कर मामला**

**कोलकाता, एजेंसी**

आरजी कर अस्पताल में सहकर्मी से दुष्कर्म- हत्या के विरोध में आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने दुर्गा पूजा उत्सव के बीच पांचवें दिन भी आमरण अनशन जारी रखा। कई मेडिकल कॉलेजों के नौ जूनियर डॉक्टर 108 घंटे से अनशन पर हैं। उन्होंने काम रोको हड़ताल खत्म करने के बाद शनिवार शाम को धर्मतल्ला के डोरीना चौराहे पर आमरण अनशन शुरू किया। राज्य सरकार ने बुधवार को प्रदर्शनकारियों के साथ बैठक की, लेकिन गतिरोध दूर करने में असफल रही। मुख्य सचिव मनोज पंत की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि उन्हें राज्य सरकार की ओर से मौखिक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

### सीलबंद डिब्बे में खून से सने मिले सर्जिकल दस्ताने

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कनिष्ठ चिकित्सक ने आरोप लगाया कि एक मरीज का इलाज करते समय उन्हें सीलबंद डिब्बे में खून से सने सर्जिकल दस्ताने मिले। ऐसे दस्ताने के उपयोग से संक्रमण हो सकता है। उन्हें ये दस्ताने उस समय मिले जब वह अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में एक संक्रामक रोग से पीड़ित मरीज का इलाज कर रहे थे। राज्य स्वास्थ्य विभाग के केंद्रीय चिकित्सा आपूर्ति विभाग ने कहा कि वह जांच करेगा।

### बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने को भाजपा प्रतिबद्ध : नड्डा

**कोलकाता।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचने के बाद यह बात कही। कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। नड्डा एक दिवसीय यात्रा के लिए पूर्वाह्न करीब 11 बजे कोलकाता पहुंचे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी उनके साथ थे।

## चुनाव जीतने के बाद माकपा और नेकां कर रहे गुंडागर्दी : इल्तिजा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने आरोप लगाया कि नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत के बाद गुंडागर्दी कर रही हैं। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने नेकां को जीत और उमर अब्दुल्ला को पार्टी का विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी, लेकिन साथ ही सवाल किया कि भारी बहुमत क्या गुंदागर्दी करने और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा से नेकां के निर्वाचित विधायक (बशीर वीरी) गुंडागर्दी में शामिल हैं। उनके नेता पीडीपी कार्यकर्ताओं के घरों की बाहरी दीवारों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। पीडीपी कार्यकर्ता की एक जगह को भी आग लगा दी गई।



## अरुणाचल : चिकित्सकों ने की एक महीने की बच्ची की दुर्लभ सर्जरी

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागून में टोमो रिबा स्वास्थ्य एवं मेडिकल विज्ञान संस्थान (टीआरआईएचएमएस) के चिकित्सकों ने आंख सें जुड़ी दुर्लभ बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी (आरओपी) प्लस से पीड़ित एक महीने की बच्ची का इलाज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़की को एनेस्थीसिया देकर इंट्राविटरियल एंटी-वीईजीएफ (वैस्क्युलर एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर) का इलाज किया गया। टीआरआईएचएमएस के नेत्र रोग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. तॉ एनी दीपू के नेतृत्व में एक टीम ने सर्जरी की।

- **आंख सें जुड़ी दुर्लभ बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी का किया इलाज**

## राज्यों को विकास संबंधी व्यय के लिए केंद्र ने दिए 1.78 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **केंद्रीय करों और शुल्कों की शुद्ध आय में से राज्यों की जारी की गई धनराशि**

केंद्र सरकार ने 10 अक्टूबर को राज्य सरकारों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण जारी किया है जबकि सामान्य मासिक हस्तांतरण 89,086.50 करोड़ है। इसमें अक्टूबर 2024 में देय नियमित किस्त के अलावा एक अग्रिम किस्त भी शामिल है।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि राज्यों को विकास/कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाने के लिए है। केंद्रीय करों और शुल्कों की शुद्ध आय में से राज्यों की राशि जारी हई है। आंध्र प्रदेश को 7,211 करोड़, अरुणाचल को 3,131, असम को 5,573, बिहार को 17,921, छत्तीसगढ़ को 6,070, गोवा को 688, गुजरात को 6,197, हरियाणा को 1,947, हिमाचल को 1,479, झारखंड को 5,892, कर्नाटक को 6,498, केरल को 3,430, मप्र को 13,987, महाराष्ट्र को 11,255, पंजाब को 3,220, राजस्थान को 10,737, तेलंगाना को 3,745, उत्तर प्रदेश को 31,962 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।

## शिल्पा-राज की अर्जी पर फैसले तक कार्रवाई नहीं

**मुंबई।** ईडी ने गुरुवार को बंबई हाईकोर्ट से कहा कि वह अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को जारी बेदखली नोटिस पर तब तक कार्रवाई नहीं करेगा, जब तक अपीलीय न्यायाधिकरण संपत्ति की कुर्की से जुड़े आदेश को चुनौती देने वाली दंपती की अर्जी पर फैसला नहीं सुना देता। ईडी ने 27 सितंबर को शिल्पा एवं राज कुंद्रा को धन शोधन से जुड़े एक मामले में नोटिस जारी कर मुंबई के जुहू इलाके में स्थित उनका घर और पुणे का एक फार्महाउस खाली करने का निर्देश दिया था।

## हरियाणा के 96% विधायक करोड़पति 13% के खिलाफ आपराधिक मामले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **90 विधायकों में से 44% के पास 10 करोड़ से अधिक, सिर्फ 2.2% की संपत्ति 20 लाख से कम**

नवनिर्वाचित 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में 86 विधायक (96%) करोड़पति हैं जबकि 12 (13%) अपने खिलाफ आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। चुनाव संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) एंड हरियाणा इलेक्शन वॉच ने सभी 90 उम्मीदवारों के हलफनामे का विश्लेषण करने के बाद बताते हैं कि करोड़पति विधायकों का आंकड़ा 2019 के 93% से बढ़कर इस बार 96% है। 90 विधायकों में से 44% के पास 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति है जबकि सिर्फ 2.2% के पास 20 लाख रुपये से कम की संपत्ति है।

# स्टाफ को संयुक्त सचिव के निर्देश लेने से रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने गुरुवार को आईओए स्टाफ को संयुक्त सचिव कल्याण चौबे और कार्यकारी परिषद के बाकी सदस्यों से कोई भी निर्देश लेने से रोक दिया। उन्होंने इसके साथ ही 25 अक्टूबर को होने वाली आमसभा (एसजीएम) के लिए चौबे द्वारा घोषित किए गए एजेंडा को अवैध और अनधिकृत करार दिया।

चौबे ने बुधवार को आईओए के आधिकारिक लेटरहेड पर एक सर्कुलर जारी किया जिसमें 25 अक्टूबर को होने वाली आमसभा की बैठक के लिए 26 एजेंडा शामिल किए गए थे। इनमें कथित संवैधानिक उल्लंघनों से जुड़े मामलों के लिए उषा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का विषय भी शामिल है। चौबे ने आईओए के संयुक्त सचिव और कार्यवाहक सीईओ के रूप में इस पर हस्ताक्षर किए थे। उषा ने घोषणा की कि चौबे कार्यवाहक सीईओ के पद पर नहीं हैं। जनवरी में रघुराम अय्यर के पद संभालने से पहले चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में कार्य किया था। उषा ने चौबे की कार्रवाई को अवैध और आईओए संविधान का उल्लंघन बताया। मैंने आईओए के संयुक्त सचिव को बैठक बुलाने या 25 को होने वाली एसजीएम का एजेंडा घोषित करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। आईओए के एकमात्र सीईओ रघुराम अय्यर हैं।



● उषा ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को अवैध घोषित किया चौबे को लगाई लताड़

### बैठक को लेकर जारी नोटिस अवैध और अनाधिकृत

उषा ने कहा उस बैठक को लेकर जारी किया गया कोई भी अन्य एजेंडा या नोटिस अवैध और अनाधिकृत है। इसमें कल्याण चौबे द्वारा जारी किया गया नोटिस शामिल है। इसे दुर्भावनापूर्ण इरादे से जारी किया गया माना जाना चाहिए और इसकी उपेक्षा की जानी चाहिए। उषा ने कहा था कि अय्यर की नियुक्ति को कार्यकारी परिषद ने पांच जनवरी को एक बैठक में मंजूरी दे दी थी। केवल उनका वेतन ही एकमात्र ऐसा मुद्दा था जिस पर चर्चा होनी बाकी थी। चौबे सहित आईओए कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों (15 में से) ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति की पुष्टि करने से इनकार कर दिया था। उषा ने कहा मेरे संज्ञान में लाया गया है कि कल्याण चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में एसजीएम के लिए आधिकारिक आईओए स्टेशनरी का उपयोग करते हुए एजेंडा जारी किया है।

## नीतिश ने हरफनमौला प्रदर्शन का श्रेय गौतम गंभीर को दिया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की 86 रन से जीत में बल्ले और गेंद से योगदान देने वाले हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी ने इसका श्रेय मुख्य कोच गौतम गंभीर को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य बांग्लादेशी स्पिनरों को निशाना बनाना था।

पिछली बार जब दोनों टीमों का मुकाबला यहां हुआ था तब भारत को बांग्लादेश ने हराया था। दूसरे टी-20 में भी पावरप्ले में भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज आउट हो गए थे लेकिन रेड्डी और रिंकू सिंह ने टीम को जीत तक पहुंचाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की। रेड्डी ने 74 रन बनाए। रेड्डी ने वीडियो में कहा हम आपस में यही बात कर रहे थे कि कोई दबाव नहीं लेना है। हमने स्पिनरों को निशाना बनाने का लक्ष्य रखा था। ईमानदार से कहूं तो इसका श्रेय गौतम सर को जाता है। उन्होंने काफी आत्मविश्वास दिया। उन्होंने मुझे कहा कि अपनी गेंदबाजी पर भरोसा रखो। गेंदबाजी करते समय गेंदबाज की तरह सोचो, ऐसे बल्लेबाज की तरह नहीं जो गेंदबाजी कर सकता है।

# भारत दौरे पर अपने तरीके से टीम को तैयार करेंगे लाथम

वेलिंगटन, एजेंसी

● 16 से भारत में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में कप्तान होंगे टॉम

न्यूजीलैंड के नए टेस्ट कप्तान टॉम लाथम ने कहा कि वह कार्यवाहक से पूर्णकालिक कप्तान बनने को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि इससे भारत दौरे के लिये अपने तरीके से टीम तैयार कर सकेंगे। पिछले महीने श्रीलंका में न्यूजीलैंड के कप्तान रहे लाथम को पिछले सप्ताह टिम साउदी के कप्तानी छोड़ने के बाद पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया है।

वह 16 अक्टूबर से भारत में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में टीम के कप्तान होंगे। 32 वर्ष के लाथम ने कहा पूर्ण कालिक कप्तान बनना खास अहसास है। वह बहुत सम्मान की बात है। मैं पहले कार्यवाहक कप्तान रह चुका हूं लेकिन अब हालात अलग है। अब मैं अपने तरीके से कुछ चीजें कर सकता हूं। एक टेस्ट टीम के तौर पर हमने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है। हम कीवी मार्का क्रिकेट खेलने में कामयाब रहे हैं। यह शानदार टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों हैं। आने वाला समय रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होगा।

भारत के खिलाफ श्रृंखला के मैच बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में खेले जाएंगे। गैरी स्टीड न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच होंगे जबकि ल्यूक रोंची बल्लेबाजी और जैकब ओरम गेंदबाजी कोच होंगे। श्रीलंका के रंगाना हेराथ स्पिन कोच होंगे।

## खेल डायरी

### पीकेएल : जयपुर पिंक पैंथर के कप्तान नियुक्त देशवाल

**जयपुर।** जयपुर पिंक पैंथर ने स्टार रैडर अर्जुन देशवाल को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के लिए कप्तान बनाने की घोषणा की है। देशवाल ने आठवें सीजन में पिंक पैंथर में शामिल हुए थे। अर्जुन जल्द ही प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हो गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन ने टीम को सीजन नौ में ट्रॉफी जीतने और सीजन दस में सेमीफाइनलिस्ट बनने में मदद की। अर्जुन ने कप्तान ने टीम का कप्तान बनाये जाने पर कहा मैं पीकेएल में एक और सीजन का इंतजार कर रहा हूं, टीम कड़ी मेहनत कर रही है और मैं इस टीम को आगे ले जाने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि इस बार मैं जयपुर पिंक पैंथर्स को उनके तीसरे सिल्वरवेयर तक ले जाने में मदद कर सकूंगा। पिंक पैंथर का इस सीजन में पहला मुकाबला 20 को होगा।

### ग्रीस फुटबॉलर बाल्डॉक स्विमिंग पूल में मृत मिले

**ग्लाइफाडा (ग्रीस)।** इंग्लैंड में जन्मे ग्रीस के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी जॉर्ज बाल्डॉक दक्षिणी एथेंस के ग्लिफाडा में अपने घर के स्विमिंग पूल में मृत पाए गए है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुलिस ने बुधवार को घटनास्थल पर 31 वर्षीय बाल्डॉक को होश में लाने का प्रयास किया लेकिन उसे होश में नहीं लाया जा सका और चिकित्सा आपातकालीन इकाइयों ने खिलाड़ी की मौत की पुष्टि की। पुलिस ने कहा कि मौत का कारण अज्ञात है। बाल्डॉक सात साल तक ब्लेड्स में रहने के बाद गर्मियों में ग्रीस के पैनाथिनाइकोस क्लब में शामिल हुए थे।

### विस्ट्रॉन लेडीज ओपन में दीक्षा की निराशाजनक शुरुआत

**ताओयुआन (चीनी ताइपे)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने ताइवान एलपीजीए टूर पर विस्ट्रॉन लेडीज ओपन टूर्नामेंट के पहले दौर में छह ओवर 78 का कार्ड खेलकर निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे वह संयुक्त 97वें स्थान पर बनी हुई हैं। वहीं स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी चियारा टम्बुरलिनी और चोनलाडा चायनुन ने छह अंडर पार से संयुक्त पहले स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने दसवें होल पर शुरुआत बोगी से की और फिर 18वें होल पर डबल बोगी कर गई। उन्होंने तीसरे होल पर दिन की एकमात्र बर्डी लगाने के बाद चौथे होल पर ट्रिपल बोगी और आठवें होल पर बोगी कर दी। इस तरह उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। दीक्षा अब कट में जगह बनाने से चूक सकती हैं।

### हीरो महिला इंडिया ओपन में दीक्षा करेंगी अगुवाई

**नई दिल्ली।** अनुभवी दीक्षा डागर इस महीने होने वाले हीरो महिला इंडिया ओपन 2024 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी जबकि लेडीज यूरोपीय टूर आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर काबिज स्विटरजलैंड की चियारा ताम्बुरलिनी खिताब के प्रबल दावेदारों में होंगी। यह टूर्नामेंट 24 से 27 अक्टूबर तक गुरूग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब पर खेला जाएगा। इसमें कुल ईनामी राशि चार लाख डॉलर होगी। पिछले साल तीसरे स्थान पर रही दीक्षा के अलावा आठवें स्थान पर रही गौरिका बिश्नोई प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में हैं। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार तीन पूर्व चैंपियन क्रिस्टीन वोल्फ (2019), कामिले चेवालियर (2017) और कैरोलिन हेडवाल भी इसमें भाग लेंगी।

### भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई टेबल टेनिस में कांस्य जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने बुधवार को इसी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था जो 1972 से शुरू हुई इस चैम्पियनशिप के इस वर्ग में देश का पहला पदक है। विश्व रैंकिंग में 42वें नंबर पर काबिज दिग्गज अचंता शरत कमल को दुनिया के सातवें नंबर के प्रतिद्वंद्वी लिन युन जू से कड़ी चुनौती मिली और वह 11-7, 12-10, 11-9 से पराजित हो गए। इसके बाद मानव ठक्कर को दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी काओ चेंग-जुई से शिकस्त झेलनी पड़ी। चीनी ताइपे के इस खिलाड़ी ने ठक्कर को 11-9, 8-11, 11-3, 13-11 से हरा दिया। भारतीय टीम 0-2 से पिछड़ रही थी। तीसरे मैच में हरमीत देसाई को भी निराशा का सामना करना पड़ा जो हुआंग यान-चेंग से 6-11, 9-11, 7-11 से हार गए। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा हार के बावजूद भारतीय पुरुष टीम गर्व महसूस कर सकती है क्योंकि इस प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

# नडाल के साथ विदा होगा एक युग

## अगले महीने डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस से संन्यास लेंगे राफेल नडाल

मैड्रिड, एजेंसी

22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अगले महीने होने वाले डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। 38 वर्ष के नडाल से अधिक ग्रैंडस्लैम पुरूष वर्ग में नोवाक जोकोविच (24) ने जीते हैं जबकि रोजर फेडरर 20 बार विजेता रहे हैं। तीनों टेनिस के बिग थ्री कहे जाते रहे हैं।

स्पेन के नडाल ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। उन्होंने संकेत दिया कि उन्होंने यह फैसला लगातार चोटों के कारण लिया है। नडाल ने कहा मैने जो कुछ भी अनुभव किया है, वह सपना सच होने जैसा है। मैं इस इत्मीनान के साथ जाऊंगा कि मैने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया और सर्वश्रेष्ठ दिया। हकीकत यह है कि पिछले कुछ साल काफी कठिन रहे, खासकर पिछले दो साल। यह कठिन फैसला था जिसे लेने में मुझे कुछ समय लगा, लेकिन जीवन में हर चीज की एक शुरूआत और एक अंत होता है। लाल बजरी के बादशाह कहे जाने वाले नडाल ने लाल कोर्ट पर रिकॉर्ड 14 फ्रेंच ओपन खिताब जीते। रोलां गैरो कोर्ट के प्रवेश द्वार पर नडाल की प्रतिमा इसकी गवाह है कि उन्होंने इस पर अपने प्रदर्शन की छाप किस कदर छोड़ी है।



नडाल ने चार बार अमेरिकी ओपन और दो-दो बार विंबलडन और ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन जनवरी में और जून में फ्रेंच ओपन जीता था। फेडरर ने 2022 सत्र के आखिर में 41 वर्ष की उम्र में संन्यास का ऐलान किया था। नडाल ने फेडरर और जोकोविच के खिलाफ खेलते हुए तस्वीरों के बीच कहा मैं समूचे टेनिस जगत और खेल से जुड़े हर व्यक्ति खासकर अपने पुराने प्रतिद्वंद्वियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। डेविस कप के जरिये विदा लेने को लेकर वह काफी रोमांचित है। डेविस कप फाइनल्स स्पेन के मालागा में 19 नवंबर से खेला जाएगा। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है जिसमें वह एकल वर्ग में जोकोविच से हार गए थे। मुझे लगता है कि यह उस कैरियर पर विराम लगाने का सही समय है जो इतना लंबा रहा और मैने जितना सोचा था, उससे ज्यादा सफल भी।

### फ्रेंच ओपन के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे रिचर्ड गास्केट

**पेरिस।** फ्रांस के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास ले लेंगे। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को अपने एक हाथ से लगाए गए बैकहैंड के लिए जाना जाता है लेकिन वह अभी तक अपने करियर में कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं। गास्केट ने कहा मैं अगले साल फ्रेंच ओपन के बाद खेलना बंद कर दूंगा। मेरा मानना है कि यह मेरे लिए टेनिस से संन्यास लेने का सबसे उपयुक्त समय होगा। संन्यास लेने के लिए यह सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट है। फ्रांस का खिलाड़ी होने के कारण हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस अविश्वसनीय टूर्नामेंट में संन्यास लेने का मौका मिलता है। खेल को अलविदा कहना आसान नहीं होता है जैसा कि सभी पूर्व खिलाड़ी कहा करते थे। आप नहीं जानते कि आपके करियर का कब और कहां अंत होगा।

## सिनर शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में, गॉफ वुहान ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**शंघाई।** इटली के शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने गुरुवार को यहां शंघाई मास्टर्स में पांचवीं रैंकिंग के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



सिनर का यह सत्र का पांचवां एटीपी मास्टर्स सेमीफाइनल है। सिनर ने सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया और रूसी खिलाड़ी को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। अब उनका सामना दूसरे रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और टॉमस मचाक के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वहीं वुहान ओपन में कोको गॉफ ने एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में 17वीं रैंकिंग की मार्टा कास्तयुक को 6-4, 6-1 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ का सामना 45वीं रैंकिंग की माग्डा लिनेटे से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दारिया कसातकिना को 6-2, 6-3 से हराया। तीसरी रैंकिंग जेसिका पेगुला को 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। हेली बापटिस्टे को इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा ने 6-1, 6-1 से पराजित किया। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने लेला फर्नांडिज को 5-7, 6-3, 6-0 से और छठी रैंकिंग की जैस्मिन पाओलिनी ने एरिका आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी।

## स्मृति और मैं पूर्व निर्धारित योजना के साथ नहीं उतरते : शेफाली वर्मा

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि वह और उनकी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना किसी विशेष प्रकार की गेंदबाजी के लिए मैदान पर पूर्व निर्धारित योजना के साथ मैच में नहीं उतरतीं जिससे उन्हें सफलता हासिल करने में मदद मिली है।

इन दोनों ने बुधवार को श्रीलंका पर भारत की 82 रन की शानदार जीत के दौरान 98 रन की साझेदारी की। मंधाना ने 50 रन की अपनी पारी के दौरान स्पिनरों को निशाना बनाया क्योंकि पहले वह आमतौर पर स्पिनरों को खेलने के लिए शेफाली पर निर्भर रहती थी। शेफाली ने मैच के बाद कहा जैसा कि आपने कहा कि हमारा संयोजन बहुत अच्छा है। अब हम पहले से तय नहीं रहते। जो भी उस दिन गेंद से बल्ला अच्छी तरह कनेक्ट कर रहा होता है तो हम उसे ज्यादा गेंद खेलने देते हैं। अभी वह स्पिनरों को बहुत अच्छी तरह से हिट कर रही है।

### पिता के निधन के कारण पाकिस्तान लौटेगी की फातिमा

**दुबई।** पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच में नहीं खेल पाएगी क्योंकि वह अपने पिता के निधन के कारण स्वदेश लौट रही हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वह फातिमा की जल्द से जल्द स्वदेश लौटने की व्यवस्था कर रहा है। उनके पिता का गुरुवार की सुबह निधन हो गया था। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मैच में नहीं खेल पाएगी। उनकी अनुपस्थिति में उप कप्तान मुनीबा अली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की अगुवाई करेगी। 22 वर्षीय फातिमा ने टूर्नामेंट में अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# इंग्लैंड के 823 रन, बुक का तिहरा शतक

मुल्तान, एजेंसी

● टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हुआ दर्ज

● 1997 में भारत के खिलाफ श्रीलंका ने बनाए थे 952 रन

टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हमेशा अपना विशेष स्थान बनाए रखेगा क्योंकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेले जा रहे मैच में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित करके कुछ नए रिकॉर्ड बनाए।

यह टेस्ट क्रिकेट में केवल चौथा अवसर है जबकि किसी टीम में 800 से अधिक रन बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में चौथा बड़ा स्कोर भी है। रिकार्ड श्रीलंका के नाम पर है जिसने 1997 में भारत के खिलाफ छह विकेट पर 952 रन बना कर अपनी पारी समाप्त घोषित की थी। श्रीलंका ने तब टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर के इंग्लैंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जिसने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पारी सात विकेट पर 903 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इंग्लैंड ने इससे पहले 1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 849 रन बनाए थे। जो रूट ने 262 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इस दौरान वह इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जाक कैलिस और राहुल द्रविड़ के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हैरी ब्रूक ने 317 रन की बड़ी पारी खेली जो टेस्ट क्रिकेट में किसी एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर की सूची में संयुक्त रूप से 20वें नंबर पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन हैं। यह 1990 में ग्राहम गूच के भारत के खिलाफ लगाए गए तिहरे शतक के बाद पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने यह उपलब्धि हासिल की।




ㄍㄍ पाकिस्तान के खिलाफ विकेट लेने क बाद जश्न मनातीं इंग्लैंड की टीम। ● एजेंसी

# बॉलीवुड हलचल

## भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने बनाया रिकॉर्ड, 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फ़िल्म भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने रिकॉर्ड बना दिया है और 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं। भूल भुलैया 3 का ट्रेलर अब रिलीज हो गया है और यह हर जगह पसंद किया जा रहा है। फिल्म की टीम ने राज मंदिर सिनेमा जयपुर में ट्रेलर के साथ प्रमोशनल कैंपेन की शुरुआत की, जिसके चलते फिल्म को लेकर चर्चा जोरों पर है। ट्रेलर ने सिर्फ 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो इसे सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्रेलर बनाता है। इसे हर तरफ से काफी तारीफ मिल रही है और यह अब तक का सबसे ज्यादा देखा गया ट्रेलर बन गया है, जिसने सिर्फ 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल किए है। कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नज़र आएंगी। इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। 1 नवंबर को ग्रैंड रिलीज में लिए तैयार है।



## 70 बरस की हुई अभिनेत्री रेखा, 1966 में आई थी पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रेखा आज 70 वर्ष की हो गई। 10 अक्टूबर 1954 को मद्रास में जन्मीं रेखा (मूल नाम भानुरेखा गणेशन) को अभिनय की कला विरासत में मिली ।रेखा के पिता जैमिनी गणेशन अभिनेता और मां पुष्पावली जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थीं। घर में फिल्मी माहौल से रेखा का रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगीं। रेखा ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रुप में वर्ष 1966 में प्रदर्शित तेलुगु फिल्म रंगुला रतनम से की। रेखा ने अभिनेत्री के रूप में अपने करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म गोदाली सी .आई .डी 999 से की। फिल्म में उनके नायक की भूमिका सुपरस्टार डा .राजकुमार ने निभाई थी। हिंदी फिल्मों में रेखा ने अनजाना फिल्म से अपने अभिनय की शुरूआत की। अरसे बाद यह फिल्म दो शिकारी के नाम से प्रदर्शित हुई। फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई। बतौर अभिनेत्री के रुप में उनके सिने करियर की शुरूआत 1970 में प्रदर्शित फिल्म सावन भादो से हुई। फिल्म में उनके नायक की भूमिका नवीन निश्चल ने निभाई। वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म दो अनजाने उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। सही मायनों में अभिनेत्री के रूप में उनकी यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म में पहली बार उन्हें अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का मौका मिला। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म घर रेखा के सिने करियर के लिये अहम फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गईं।

## रतन टाटा ने अमिताभ को लेकर बनाई थी ऐतबार

मुंबई। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा ने महानायक अमिताभ बच्चन को लेकर फिल्म ऐतबार बनाई थी। भारत मे दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का बुधवार की रात निधन हो गया। वैसे तो उन्हें उद्योगपति के तौर पर जाना जाता है लेकिन रतन टाटा ने एक बॉलीवुड फिल्म को भी प्रोड्यूस किया था। रतन टाटा ने वर्ष 2004 में फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखा। उन्होंने टाटा इन्फोमीडिया के बैनर तले साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म ऐतबार बनाई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जॉन अब्राहम, बिपाशा बासु और सुप्रिया पिलगांवकर की अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया था। फिल्म ऐतबार वर्ष 1996 में प्रदर्शित अमेरिकन फिल्म फियर से प्रेरित थी। फिल्म ऐतबार में अमिताभ ने एक ऐसे प्रोटेक्टिव पिता का किरदार निभाया था, जो बेटी को उसके सनकी और खतरनाक बॉयफ्रेंड से बचाने के लिए किसी भी हद तक चला जाता है। यह फिल्म अपनी लागत भी वसूल नहीं कर पाई। रतन टाटा को काफी कसान हुआ था। इस फिल्म के बाद रतन टाटा ने अपनी जिंदगी में कभी कोई फिल्म नहीं बनाई। इस तरह ऐतबार रतन टाटा की बनाई गई पहली और आखिरी फिल्म साबित हुई।



# रणजी में यूपी आज बंगाल के खिलाफ शुरू करेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● राजधानी में 18 साल के बाद दोनों टीमें होगी आमने-सामने

**अमृत विचार :** रणजी के रण में यूपी टीम शुक्रवार से अभियान की शुरुआत इकाना स्टेडियम में करेगी। इस बार पहले मुकाबले में उसके सामने पश्चिम बंगाल की टीम होगी। लखनऊ में 18 साल बाद यह दोनों टीमें एक-दूसरे के आमने-सामने होंगी।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 18 वर्ष पूर्व इस टीम को फाइनल में हरा कर यूपी टीम चैंपियन बनी थी। इस मुकाबले के लिए यूपी टीम ने पिछले दस दिनों से इकाना स्टेडियम में अभ्यास कर रही थी। उधर, पश्चिम बंगाल टीम भी इस सत्र में जीत से आगाज करना चाहेगा। पिछले सत्र में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मुकाबले से एक दिन पूर्व भी दोनों टीमों ने आज इकाना स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने इस बार यूपी टीम की कमान विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल को सौंपी हैं। आर्यन ने पिछले रणजी सत्र में सबसे अधिक रन बनाये थे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**उत्तर प्रदेश :** आर्यन जुयाल (कप्तान), आदित्य शर्मा, आकिब खान, स्वास्तिक चिकारा, प्रियम गर्ग, माधव कौशिक, कृतज्ञ सिंह, अक्षदीप नाथ, विप्रज निगम, अंकित राजपूत, नीतिश राना, सौरभ कुमार, शिवम शर्मा, सिद्धार्थ यादव, विजय कुमार, यश दयाल।

**पश्चिम बंगाल :** ए. मजूमदार (कप्तान), अभिषेक पोरेल, आकाश दीप, सुदीप चटर्जी, डब्ल्यू. चटर्जी, अभिमन्यु ईश्वरन, आमिर गनी, सुदीप कुमार घरामी, एवलिन घोष, सूरज सिंधु जायसवाल, मोहम्मद कैफ, मुकेश कुमार, प्रदीपता प्रमनिक, रिषव विवेक, रोहित कुमार, रिद्धिमान साहा, शाहबाज अहमद, शुवम डे, युद्धजीत।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# मोदी ने रामायण का लाओ संस्करण देखा, बौद्ध भिक्षुओं से लिया आशीर्वाद



लाओस में बौद्ध भिक्षुओं को नमन करते प्रधानमंत्री मोदी।

## आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस पहुंचे प्रधानमंत्री, आध्यात्मिक गुरुओं से मिले

विएंतियान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को रामायण के लाओ संस्करण की प्रस्तुति देखी, जो भारत और लाओस के बीच साझा विरासत एवं सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं।

विएंतियान पहुंचने के बाद उन्होंने लाओ रामायण फलक फालम या फ्रलक फ्रराम की एक कड़ी का मंचन देखा, जिसे प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर ऑफ लुआंग प्रबांग के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। फ्रलकफ्रराम डॉट कॉम के मुताबिक, लाओ रामायण मूल भारतीय संस्करण से अलग है। बौद्ध समूहों के माध्यम से यह 16वीं शताब्दी के आसपास लाओस पहुंचा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि साझा विरासत और परंपरा दोनों देशों को करीब ला रही है... यह प्रस्तुति भारत-लाओस के समृद्ध और साझा जुड़ाव का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लाओस में आज भी रामायण का मंचन किया जाता है और यह महाकाव्य दोनों देशों के बीच साझा विरासत और सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। लाओस में सदियों



रामायण फलक फालम की एक कड़ी का मंचन देखते प्रधानमंत्री।

से भारतीय संस्कृति और परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पालन एवं संरक्षण किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि दोनों देश अपनी साझा विरासत को रोशन करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले, मोदी ने लाओ पीडीआर के केंद्रीय बौद्ध फेलोशिप संगठन के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में हिस्सा लिया।

### क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर चर्चा की

**वियतनाम।** आसियान और एआईपीए के सदस्य देशों के नेताओं ने आसियान समुदाय के भीतर जुड़ाव और लचीलेपन को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक की। लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से शिफानडोन ने आसियान के भीतर वर्तमान विकास की रूपरेखा तैयार की, जिसमें आसियान समुदाय विजन 2025 को लागू करने में प्रगति और अध्यक्षता के तहत वर्ष 2024 के लिए आसियान प्राथमिकताओं की पूर्ति पर प्रकाश डाला गया।

## एक नजर

### पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान न्यायिक हिरासत में

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान माणिक को अगले सोमवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होने तक गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, माणिक को सुनामगंज के न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद आलमगीर की अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें सुनामगंज जिला जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। पूर्व सांसद को मंगलवार रात ढाका के बशुंधरा आवासीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था।।

### ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक्टूबर के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए बहस की मेजबानी करने के फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को खारिज किया और दावा किया कि तत्कालीन डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडन और वर्तमान डेमोक्रेटिक उम्मीदवार उम्मीदवार कमला हैरिस के खिलाफ पिछली दो जीत के बाद बहस करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। ट्रम्प ने बुधवार को ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा, मैंने पिछली दो बहसें जीतीं... प्रक्रिया में बहुत देर हो चुकी है, मतदान पहले ही शुरू हो चुका है और यह दोबारा नहीं होगा।

### सीमा अवरुद्ध करने पर द. कोरिया ने की निंदा की

**सोल।** दक्षिण कोरियाई एकीकरण मंत्रालय ने उत्तर कोरिया की ओर से सीमावर्ती राज्य के साथ सभी सड़क और रेल संपर्क काटने के निर्णय की गुरुवार को कड़ी निंदा की। दक्षिण कोरिया ने इसे एकीकरण विरोधी कृत्य बताया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से कहा हम उत्तर कोरिया के इस कदम की कड़ी निंदा करते हैं, क्योंकि यह एकीकरण विरोधी और राष्ट्र विरोधी कृत्य है, जो उत्तर कोरिया में हमारे लोगों और निवासियों की एकीकरण की आकांक्षा को नकारता है। उत्तर कोरियाई जनरल स्टाफ ने बुधवार को कहा है कि उनका इरादा दक्षिण कोरिया के साथ अपने क्षेत्र को जोड़ने वाले सभी राजमार्गों और रेलमार्गों को अवरुद्ध और बंद करने का है और क्षेत्र में अपने रक्षात्मक ढांचे को मजबूत करना है।

### पाकिस्तान में विस्फोट तीन पुलिसकर्मी घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को एक बम विस्फोट में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बाजौर पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांत के बाजौर जिले में हुई जब नियमित गश्त के दौरान पुलिस के वाहन के पास सड़क किनारे एक बम विस्फोट हुआ। बम हमले के निशाने पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच चल रही है। घटना के बाद, सुरक्षा बल और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को जिले के नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और आतंकवादी हमले के अपराधियों को पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

# स्कूल पर हवाई हमला, 28 की मौत

## मध्य गाजा पट्टी में गई महिलाओं और बच्चों की जान, इजराइल ने कहा- आतंकवाद का केंद्र था स्कूल

काहिरा, एजेंसी

मध्य गाजा पट्टी में विस्थापित व्यक्तियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर गुरुवार अपराह्न इजराइली हवाई हमले में कम से कम 28 फिलिस्तीनी मारे गये और 54 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उसकी टीमों ने दीर अल-बलाह शहर में पीआरसीएस मुख्यालय के पास स्थित राफिदा स्कूल को इजराइली सेना द्वारा निशाना बनाये जाने के बाद हताहतों की मदद की।

चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि एम्बुलेंस कर्मियों और नागरिक सुरक्षा तंत्र ने बच्चों और महिलाओं सहित कई लोगों के शव बरामद किये, जिनमें से कुछ के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गये थे। इस बीच, इजराइली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसने दीर अल-बलाह में राफिदा स्कूल के परिसर में एक कमांड और नियंत्रण केंद्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाकर सटीक हमला किया। सेना ने बताया कि इस केंद्र का इस्तेमाल इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के सैनिकों और इजरायल के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया गया था। उसने हमास पर नागरिक आबादी के भीतर से काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाये गये, जिसमें गोला-बारूद का सटीक उपयोग, हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी (हमले से पहले) शामिल हैं। गाजा में संघर्ष सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के कारण शुरू हुआ, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गये और लगभग 250 बंधक बनाये गये थे। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, हमास के हमले के जवाब में गाजा में चल रहे इजराइली सैन्य अभियानों में 42,065 लोगों की मौत हुई है और 97,886 अन्य घायल हुए हैं।



स्कूल की ध्वस्त हुई बिल्डिंग से बाहर भागते बच्चे व अन्य लोग।

### इजराइल पर 360 गोले दागे

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजराइल की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 इजराइली क्षेत्र में पहुंचे। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, 9 अक्टूबर 23 :00 बजे तक, हिजबुल्ला आतंकवादी संगठन ने लेबनान से इजराइली क्षेत्र की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 गोले इजराइल में प्रवेश कर गए। इसने कहा कि वह इजरायल और उसके लोगों की रक्षा करता रहेगा।

### तुर्किये की नौसेना ने बेरूत से अपने नागरिकों को निकालना शुरू किया

**बेरूत।** इजराइल और हिजबुल्ला के बीच जारी संघर्ष के कारण तुर्किये ने अपने नागरिक को वहां से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए नौसेना का जहाज भेजा और बुधवार देर रात तुर्की के 2,000 से अधिक नागरिक और कुछ विदेशी लोग इस पर सवार हुए। तुर्की के दक्षिण-पूर्वी शहर मार्डिन की निवासी जेहरा सिब्बिन अन्य शरणार्थियों के साथ बस से उतरीं। उनके साथ उनके दो बच्चे थे और उनके हाथ में सामान था। वह अपने लेबनानी पति के साथ बेरूत में रहती हैं। सिब्बिन (46) ने कहा, इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने हमारे घर के नीचे वाली गली में बमबारी की। उस पल तो मुझे लगा कि सब कुछ खत्म हो गया।मैंने कहा कि मैं अब बेरूत में नहीं रहना चाहती।

### दक्षिणी लेबनान के असैन्य सुरक्षा केंद्र पर पांच स्वास्थ्यकर्मियों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के दरदघया शहर में बुधवार को एक लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र पर इजराइली हवाई हमले में वहां कार्यरत पांच स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता एली खैरल्ला ने यह जानकारी दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी एक बयान में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों, मानदंडों और मानवीय समझौतों की अवहेलना करते हुए बुधवार की रात फिर से बचाव दल और एम्बुलेंस कर्मचारियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। खैरल्ला ने बताया कि पीड़ितों में लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र में 'टायर रिजनल सेंटर' के प्रमुख अब्दुल्ला अल-मौसावी भी शामिल हैं।

# अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक टाटा को श्रद्धांजलि

- लंदन में इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप ने किया याद

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने जानेमाने उद्योगपति रतन टाटा के 86 वर्ष की आयु में निधन की मुंबई से सूचना आने पर उनकी स्मृति में कुछ पल का मौन रखा। बुधवार को लंदन में संसद भवन के पास भारतीय उच्चायोग और इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप (एपीपीजी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पूर्व-निर्धारित दिवाली कार्यक्रम के दौरान, दोरईस्वामी ने टाटा समूह के अध्यक्ष को भारत-ब्रिटेन साझेदारी का महान समर्थक बताते हुए श्रद्धांजलि दी।

सांसदों, उद्यमियों और समुदाय के नेताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए दोराईस्वामी ने कहा मैं बहुत दुख के साथ भारत के जानेमाने उद्योगपतियों में से एक रतन टाटा के निधन की खबर साझा कर रहा हूं। उनके लिए मुंबई/भारत और लंदन/ब्रिटेन दोनों ही घर थे।

उन्होंने भारत-ब्रिटेन साझेदारी की भावना को हर चीज में समाहित किया - एयर इंडिया से लेकर, जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) से ताज होटल से लेकर टाटा स्टील तक वास्तव में हर चीज में, जिसमें ब्रिटेन में एक बैटरी कारखाने में निवेश का उनका निर्णय भी शामिल है।



### गूगल के सीईओ सुंदर पिचई बोले- प्रेरणादायक था दृष्टिकोण

**वाशिंगटन।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रतन टाटा के साथ गूगल में मेरी आखिरी मुलाकात में हमने वेमो की प्रगति के बारे में बात की और उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। वह एक असाधारण व्यवसाय और परोपकारी विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने भारत में आधुनिक व्यावसायिक नेतृत्व को मार्गदर्शन प्रदान करने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा भारत के अद्वितीय और महान पुत्र, कुलीनता और उदारता के प्रतीक थे।

## ताइवान ने चीन की धमकियों के बीच मनाया अपना राष्ट्रीय दिवस

**ताइपे।** ताइवान ने चीन से मिलने वाली धमकियों के बीच गुरुवार को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाया। चीन स्वशासित द्वीपीय गणराज्य को अपना क्षेत्र बताकर उस पर दावा करता रहा है। यह उत्सव चीन गणराज्य की स्थापना का प्रतीक है, जिसने 1911 में छिंग राजवंश को उखाड़ फेंका था। 1949 में गृह युद्ध के बाद माओत्से तुंग के कम्युनिस्टों ने मुख्य भूमि पर कब्जा जमा लिया था। 1980 और 1990 के दशक में पूर्ण लोकतंत्र को अपनाने तक ताइवान में मार्शल लॉ लागू था, लेकिन वहां चीन से लाया गया मूल संविधान और चीनी गणराज्य का ध्वज भी कायम था। राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के आठ साल के शासन को जारी रखते हुए मई में पदभार संभाला। यह पार्टी ताइवान को चीन का हिस्सा मानने से इनकार करती है।

## समर्थन जुटाने ब्रिटेन और नाटो नेताओं से मिल रहे जेलेंस्की

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और नाटो महासचिव से करेंगे मुलाकात

लंदन, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के खिलाफ युद्ध के लिए अपनी शांति योजना पर ब्रिटेन और नाटो के नेताओं के साथ बातचीत के लिए गुरुवार को लंदन पहुंचे। जेलेंस्की ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर और नाटो महासचिव मार्क रूते से मुलाकात करेंगे। उसके बाद वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलने के लिए पेरिस की यात्रा करेंगे।

जेलेंस्की ने कहा कि वह योजना पर चर्चा के लिए इस सप्ताह जर्मनी और इटली के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। जेलेंस्की को जर्मनी में पश्चिमी देशों के नेताओं और रक्षा मंत्रियों के साथ सप्ताहांत बैठक में अपनी योजना का खाका प्रस्तुत करना था लेकिन इस बैठक को स्थगित कर दिया गया क्योंकि



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फ्लोरिडा में तूफान 'मिल्टन' के दस्तक देने के बाद देश में ही रहने का हवाला दिया था। जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बैठक की तारीख जल्द ही फिर तय कर ली जाएगी।

## चीन में 30 करोड़ बुजुर्ग राष्ट्रपति बोले- देखभाल को प्राथमिकता दें

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को अपनी पार्टी को देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। चीन में बुजुर्गों की संख्या 30 करोड़ हो गई है, जिससे विवाह और जन्मदर में गिरावट के कारण जनसांख्यिकीय संकट बढ़ गया है। चीन की 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की आबादी 2023 के अंत तक 30 करोड़ हो गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अनुमान है कि यह 2035 तक 40 करोड़ से अधिक हो जाएगी और 2050 तक इसके 50 करोड़ पर पहुंच जाने की संभावना है। चीन में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। शी ने बुजुर्ग लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की समितियों और सभी स्तरों की सरकारों से बुजुर्गों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

## मानवाधिकार परिषद के लिए 18 नए सदस्य देश चयनित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 47 सदस्यीय मानवाधिकार परिषद के लिए 2025-2027 के कार्यकाल के लिए 18 नए सदस्य देशों का चुनाव किया है। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 18 देशों में बेनिन, बोलीविया, कोलंबिया, साइप्रस, चेकिया, कांगो, इथियोपिया, गाम्बिया, आइसलैंड, केन्या, मार्शल द्वीप, मैक्सिको, उत्तरी मैसेडोनिया, कतर, कोरिया गणराज्य, स्पेन, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड शामिल हैं, जिन्हें मतदान द्वारा चुना गया है। इन सभी देशों को एक जनवरी, 2025 से तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए चयनित किया गया है और उन सदस्य देशों का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाला है। सभी निवर्तमान सदस्य देश अर्जेंटीना, बेनिन, कैमरून, इरीट्रिया, फिनलैंड, गाम्बिया, होंडुरास, भारत, कजाकिस्तान, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, मलेशिया, मोंटेनेग्रो, पैराग्वे, कतर, सोमालिया, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका तत्काल पुनः निर्वाचन के लिए पात्र हैं, उन देशों को छोड़कर जिन्होंने लगातार दो कार्यकाल पूरे किए है।

### संरा ने टॉम फ्लेचर को नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पूर्व ब्रिटिश राजनयिक टॉम फ्लेचर को विश्व निकाय का नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया। वर्तमान में ऑक्सफोर्ड के हर्टफोर्ड कॉलेज के प्रिंसिपल और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के कॉन्फ्रेंस ऑफ कॉलेजेज के उपाध्यक्ष फ्लेचर अपने ब्रिटिश साथी मार्टिन ग्रिफिथ्स का स्थान लेंगे।

## संरा के कई अधिकारी बांग्लादेश का करेंगे दौरा

**ढाका।** बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र के उच्च अधिकारियों की यात्रा जल्द होने वाली है, जिसमें मानवाधिकार उच्चायुक्त वॉल्कर टर्क भी शामिल हैं। यह यात्रा बांग्लादेश में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा करने और सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश और अमेरिका के अधिकारियों के हवाले से बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा के दो मुख्य कारण बताए।पहला, नए अंतरिम प्रशासन की स्थापना और दूसरा बांग्लादेश की संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता का 50 वर्ष पूरा होना।श्री टर्क ने अगस्त में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। न्यूयॉर्क की अपनी हालिया यात्रा के दौरान, प्रोफेसर यूनुस ने बांग्लादेश के खुशहाल और सफल भविष्य के लिए विदेशी सहयोगियों से सहायता मांगी थी।

## मरियम ने भारत से जलवायु कूटनीति का किया आह्वान

- दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव से निपटने की बात कही

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के साथ जलवायु कूटनीति का आह्वान किया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और भारत के पंजाब राज्य के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम भारत के कई अन्य इलाकों में लोगों को हर साल अक्टूबर से फरवरी के महीनों के दौरान भारी वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है।

लाहौर और नयी दिल्ली नियमित रूप से इस मौसम में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल होते हैं, जब किसान सर्दियों की फसल की तैयारी से पहले पराली जलाते हैं। मरियम ने बुधवार को जलवायु परिवर्तन 'लीडरशिप इंटर्नशिप' कार्यक्रम में कहा, भारत और पाकिस्तान दोनों को पंजाब को स्मॉग से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने चाहिए।

### धुएं और कोहरे के संयोजन को कहते हैं स्मॉग

धुएं और कोहरे के संयोजन को स्मॉग उपनाम से जाना जाता है। यह एक विशिष्ट घटना है जो तब होती है जब कुछ प्रदूषणकारी सूक्ष्म कण ठंडी, नम हवा के साथ मिल जाते हैं और जमीन के करीब रह जाते हैं, जिससे दृश्यता कम हो जाती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं।

## मुइज्जू ने आर्थिक सहायता के लिए भारत का जताया आभार

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत की आर्थिक सहायता एवं लगातार समर्थन के लिए गुरुवार को आभार जताया। पत्नी साजिदा मोहम्मद के साथ भारत की पांच दिन की राजकीय यात्रा समाप्त कर वापस लौटे राष्ट्रपति ने मालदीव को, विशेष तौर पर मुश्किल समय में, आर्थिक सहायता देने और लगातार समर्थन करने के लिए भारत के प्रति आभार जताया। पदभार ग्रहण करने के बाद मुइज्जू की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर यह पहली भारत यात्रा थी। यात्रा के दौरान, मुइज्जू ने राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं।

खगोल विज्ञान | चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने की विधि खोजी

# पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना होगा आसान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने का एक नया तरीका खोज निकाला है। नई तकनीक से पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना आसान हो जाएगा। शिकागो विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र किआओ जू के नेतृत्व में नई विधि खोजी गई है। ज्ञात हो अब तक खोजे गए एक्सोप्लैनेट की कुल संख्या 5288 है।

उनमें से कई चट्टानी, पृथ्वी जैसे एक्सोप्लैनेट हैं लेकिन उनमें से किसी में भी वायुमंडल नहीं है। साथ ही अनेक गैसीय हैं। चट्टानी ग्रहों के वातावरण का पता लगाना बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है । मगर शोधकर्ताओं की टीम का मानना है कि अब उन्हें नई सरल तकनीक मिल गई हैं। इसमें ग्रह के पीछे से गुजरने से ठीक पहले किसी तारे और एक्सोप्लैनेट के संयुक्त तापमान को मापा जा सकता श है। इस विधि से ग्रह के तापमान व वातावरण का आसानी से पता लगाया जा सकता है। नई तकनीक से सुदूर तारों के आसपास अन्य ग्रहों को खोजने से ब्रह्मांड में जीवन की संभावना के बारे में और अधिक समझने में मदद मिल सकती है। जिससे जीवनयोग्य ग्रह की जानकारी संभव हो सकेगी। आधुनिक खगोल विज्ञान में किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश सर्वाधिक रोमांचक चुनौती है। नई तकनीक की पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 41 प्रकाश वर्ष दूर जी जे 1132 बी नामक ग्रह का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद निष्कर्ष निकाला कि इस ग्रह ओर वायुमंडल नहीं है। ग्रह के तापमान की गणना के बाद नई तकनीक की पुष्टि हो सकी।



इस तरह से पता लगेगा किसी भी ग्रह के वातावरण के बारे में।

### अधूरी है जीवन की तलाश

किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश का सपना अभी तक साकार नही हो सका है। कई दशकों से खगोल वैज्ञानिक जीवन योग्य ग्रह की तलाश में जुटे हैं। कई ग्रहों पर सूक्ष्म जीवन की पुष्टि हुई है, लेकिन मानव जैसे बुद्धिमान जीवन की तलाश नही हो सकी है। वैज्ञानिकों को पूर्ण विश्वास है कि इतने विशाल में हम अकेले नही हो सकते।